सूर्योदय 6:24 सूर्यास्त 5:48

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12 न्यू | 22 अधि |
| धर्मशाला | 16.5 न्यू | 25 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,468 |
| निफ्टी | 25,585 |
| सोना 1,27,471 | चांदी 1,68,083 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 17 अक्तूबर 2025 | 2 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 290, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### गुजरात सरकार के सभी मंत्रियों ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी, गांधीनगर।** गुजरात सरकार के सभी 16 मंत्रियों ने वीरवार को इस्तीफा दे दिया है। शुक्रवार को गांधीनगर में सुबह 11.30 बजे नई कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह होगा। सूत्रों की मानें तो नई कैबिनेट में 2 डिप्टी सीएम बनाए जा सकते हैं। मंत्रिमंडल में नए चेहरों को मौका मिलने की उम्मीद है। कांग्रेस से भाजपा में आए विधायक भी मंत्री बन सकते हैं। गुजरात की मौजूदा कैबिनेट में सीएम पटेल समेत 17 मंत्री थे, जिसमें आठ कैबिनेट रैंक के मंत्री हैं, जबकि इतने ही राज्य मंत्री हैं। गुजरात विधानसभा में 182 विधायक हैं। इस लिहाज से गुजरात सरकार में सीएम समेत 27 मंत्री हो सकते हैं। जिन विधायकों को मंत्रिमंडल में जगह मिलनी है, उन्हें फोन कर सूचना दे दी गई है। शपथ समारोह में गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा उपस्थित रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### सीजेआई पर जूता फेंकने वाले वकील पर चलेगा केस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अटॉर्नी जनरल ने भारत के चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बीआर गवई पर जूता फेंकने वाले एक वकील के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू करने की परमिशन दे दी है। यह जानकारी वीरवार को सुप्रीम कोर्ट को दी गई। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन प्रमुख विकास सिंह ने जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जयमाल्या बागची की बेंच से सुनवाई की अपील की है। सिंह ने कहा कि 6 अक्तूबर को हुई इस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर उन्माद फैल गया है। यह सुप्रीम कोर्ट की अखंडता और गरिमा को ठेस पहुंचा रहा है। आरोपी को भी पछतावा नहीं है। हालांकि बेंच ने कहा कि जब अदालत में पहले से ही कई केस पेंडिंग हैं, इस केस पर 5 मिनट खर्च करना कितना सही होगा। (अनंत ज्ञान)

### मेड इन इंडिया मिलिट्री पैराशूट की सफल टेस्टिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय सेना के जवानों ने भारत में बने मिलिट्री कॉम्बैट पैराशूट सिस्टम की सफल टेस्टिंग की। इंडियन एयर फोर्स के तीन जवानों ने 32000 फुट की ऊंचाई से छलांग लगाई। इस टेस्टिंग का मकसद पैराशूट की बेहतर लैंडिंग, उसकी कंट्रोलिंग और नेविगेशन शामिल है। पैराशूट सिस्टम नेविगेशन विद इंडियन कांस्टेलेशन से लैस है। कॉम्बैट पैराशूट सिस्टम को डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन ने तैयार किया है। इसे डीआरडीओ की दो टेस्टिंग लैब एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट, आगरा और डिफेंस बायोइंजीनियरिंग एंड इलेक्ट्रोमेडिकल लैबोरेटरी, बेंगलुरु ने मिलकर तैयार किया है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- आधा दर्जन दुकानें क्यों नहीं दी जा रही किराए पर? -पेज 2
- हिमाचल में सरकारी नीतियां बन रही तबाही का कारण -पेज 3
- 400 तकनीकी सहायकों को नियमित से कांट्रैक्ट पर लाने का विरोध -पेज 4
- सुल्तानपुर में प्रस्तावित कूड़ा संयंत्र के विरोध में भड़की जनता -पेज 7
- स्पेशल ओलंपिक्स गेम्स-2031 को भारत में आयोजित कराने का लक्ष्य -पेज 9


# आउटसोर्स कर्मियों को दिवाली से पहले मिलेगा मानदेय : सीएम

## ठेकेदारों को भी दी सौगात, 10 लाख रुपए तक की पेमेंट जारी करने के निर्देश

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दिवाली से पहले राज्य के 35 हजार आउटसोर्स कर्मचारियों और ठेकेदारों को बड़ी राहत देने का फैसला लिया है। सीएम ने वित्त सचिव को आदेश जारी करते हुए कहा कि सभी आउटसोर्स और विभिन्न प्रोजेक्टों में सेवाएं दे रहे कर्मचारियों का मानदेय दिवाली से पहले हर हाल में जारी किया जाए। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि कर्मचारियों की खुशहाली ही सरकार की प्राथमिकता है और उनकी दिवाली खुशियों से भरी हो, यही हमारा संकल्प है।

जानकारी के अनुसार, प्रदेश में लंबे समय से ठेकेदारों के भुगतानों को लेकर जारी असमंजस अब खत्म होने जा रही है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने वित्त सचिव को निर्देश दिए हैं कि दिवाली से पहले ठेकेदारों को 10 लाख रुपए तक की राशि का भुगतान कर दिया जाए। प्रदेश के लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग और बिजली बोर्ड में कार्यरत ठेकेदारों की करीब 800 करोड़ रुपए की पेमेंट पेंडिंग चल रही है। इस वजह से कई ठेकेदार अपने मजदूरों को वेतन देने और नए कार्य शुरू करने में असमर्थ थे। ठेकेदारों ने पिछले कई दिनों से सरकार से भुगतान जारी करने की गुहार लगाई थी, जिस पर आज मुख्यमंत्री ने मानवीय पहल करते हुए दिवाली से पहले भुगतान का आदेश जारी कर दिया। इससे हजारों मजदूरों और परिवारों के चेहरों पर फिर से मुस्कान लौट आई है।

### आईजीएमसी में भी शुरू होगी रोबोटिक सर्जरी

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि चमियाणा और टांडा मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत के बाद अब जल्द ही आईजीएमसी शिमला में भी यह अत्याधुनिक सुविधा शुरू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कमला नेहरू अस्पताल की महिला मरीजों के लिए आईजीएमसी में 40 बेड रोबोटिक सर्जरी के लिए आरक्षित किए जाएंगे।


मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आईजीएमसी में गाइनी विभाग की रोबोटिक सर्जरी शीघ्र प्रारंभ की जाए। बैठक में गाइनी सर्जरी से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उन्होंने कहा कि केएनएच के स्त्री रोग विशेषज्ञ रोबोटिक सर्जरी के साथ-साथ आईजीएमसी में इलेक्टिव सर्जरी भी करेंगे, ताकि दोनों अस्पतालों की महिला रोगियों को बेहतर और तेज उपचार मिल सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि आईजीएमसी में रोबोटिक और इलेक्टिव सर्जरी का तीन माह तक ट्रायल आधार पर संचालन किया जाएगा, जिसके बाद समीक्षा कर आवश्यक सुधार किए जाएंगे। सीएम ने कहा कि आईजीएमसी में 25 करोड़ की लागत से एक अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक लैब स्थापित की जा रही है। इस लैब के लिए राशि जारी कर दी गई है और इसमें टेस्ट शुरू होने के बाद केएनएच की स्त्री रोग विशेषज्ञ टीम को भी महिला रोगियों के उपचार में बड़ा लाभ मिलेगा।

### ईसी में मिली स्वीकृत, मामला केंद्र सरकार को भेजा

# आर्मी जवानों को चीनी भाषा सिखाएगी सेंट्रल यूनिवर्सिटी

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** भारतीय सैन्य जवान सेंट्रल यूनिवर्सिटी में चीनी भाषा सीखेंगे। शुरू में यह कोर्स छह माह का होगा। कोर्स को कार्यकारी परिषद (ईसी) की बैठक में स्वीकृति मिल चुकी है तथा अब यह मामला केंद्र सरकार को भेजा गया है। अगले शैक्षणिक सत्र से इस कोर्स को शुरू किया जाएगा। गौरतलब है कि केंद्र सरकार और राजभवन से केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से सेंट्रल यूनिवर्सिटी को इस संदर्भ में दिशा-निर्देश हुए थे, साथ ही यह भी कहा गया था कि इसमें सेंट्रल यूनिवर्सिटी इसमें अपनी अग्रणी भूमिका निभाए, जिस पर केंद्रीय विश्वविद्यालय ने इस कार्य शुरू करते हुए इस मामले को ईसी की बैठक में उठाया था, जहां इसे पास कर दिया गया है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. सत प्रकाश बंसल ने विशेष बातचीत में बताया कि देश के बॉर्डर एरिया में तैनात सैन्य जवानों को चीनी भाषा का ज्ञान होना चाहिए। ऐसे में यह कोर्स शुरू किया जाना चाहिए। केंद्रीय विश्वविद्यालय पहले से विदेशी भाषाओं के कोर्स शुरू करने जा रहा था। उम्मीद है केंद्र सरकार से इस बारे में मंजूरी मिल जाएगी तथा अगले शैक्षणिक सत्र से चीनी भाषा का सर्टिफिकेट व डिप्लोमा कोर्स शुरू किए जाएंगे।

**अगले सत्र से शुरू होगा छह माह का कोर्स**

### जवानों को मिलेंगे ये लाभ

**प्रो.** बंसल का कहना है कि हमारे सामने कई ऐसे उदाहरण आए थे, जिसमें भारतीय सैन्य जवानों को चीनी भाषा का ज्ञान न होने के चलते काफी नुकसान पहुंचा था। भारतीय जवानों को चीनी भाषा का ज्ञान होने से सुविधा होगी। साथ ही पर्यटन की दृष्टि से भी चीनी भाषा का कोर्स फायदेमंद साबित होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय विश्वविद्यालय में चीनी भाषा विभाग शुरू किया है। फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश व चीनी भाषा के लिए गेस्ट फेक्लटी की व्यवस्था की जाएगी।

### ऐसा करने वाला सीयू पहला विवि

**सीयू** पहला विश्वविद्यालय है, जिसमें आर्मी जवानों के लिए चीनी भाषा का कोर्स शुरू किया जा रहा है। आर्मी जवानों के साथ अन्य युवाओं के लिए यह भी कोर्स उपलब्ध होगी। शुरुआती दौर में यह कोर्स ऑफलाइन मोड में छह माह का होगा, समय के साथ इसे एक वर्ष के डिप्लोमा में परिवर्तित किया जाएगा। जब केंद्रीय विश्वविद्यालय को चीनी भाषा का पूरा विभाग मिल जाएगा, उसके बाद इस कोर्स को दो वर्ष का भी किया जाएगा। ऐसा प्रावधान किया जाएगा कि सैन्य जवान अपनी डयूटी करते हुए इस कोर्स को कर पाएंगे।

# दलित बच्चे के सुसाइड मामले में आरोपी महिला गिरफ्तार

## शिमला में गिरफ्तारी के बाद महिला को रोहडू ले गई पुलिस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला जिला के रोहडू में कथित प्रताड़ना के बाद 12 साल के दलित बच्चे की आत्महत्या मामले



में आरोपी महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शिमला में गिरफ्तारी के बाद पुलिस महिला को रोहडू ले गई हैं। इसकी पुष्टि डीएसपी रोहडू प्रणव चौहान ने की। डीएसपी रोहडू प्रणव चौहान ने बताया कि महिला को आज रोहडू में कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड मांगा जाएगा। इससे पहले, हिमाचल हाईकोर्ट महिला की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर चुका है।

### घर को छूने पर पीटा था बच्चा

**जस्टिस** राकेश कैंथला की बैंच ने कहा कि पुलिस द्वारा दायर स्टेटस रिपोर्ट और प्राथमिकी का अवलोकन करने पर पाया कि इस मामले में प्रथम दृष्टया अभियुक्त ने आत्महत्या करने वाले बच्चे को पीटा था। उसे गौशाला में बंद कर दिया था, क्योंकि मृतक ने अभियुक्त के घर को छू लिया था। महिला ने बच्चे को अनुसूचित जाति का होने पर पीटा था। महिला शुद्धिकरण के लिए बलि का बकरा चाहती थी। कोर्ट ने कहा कि चूंकि यह अपराध मृतक की जाति के कारण किया गया था और यदि मृतक अनुसूचित जाति का सदस्य न होता तो शायद यह अपराध नहीं होता।

# अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा भारत : ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा। ट्रंप ने वीरवार को व्हाइट हाउस में प्रेस



कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी मेरे दोस्त हैं। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। भारत के रूस से तेल खरीदने से मुझे खुशी नहीं थी, लेकिन आज पीएम मोदी ने मुझे भरोसा दिया कि वह रूस से तेल नहीं खरीदेंगे। अब हमें चीन से भी यही करवाना होगा। वहीं, ट्रंप के इस दावे के बाद भारत में विपक्षी नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'पीएम मोदी डर गए हैं। बार-बार अनदेखी होने के बाद भी ट्रंप को बधाई संदेश भेजते रहते हैं।' (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में मंत्री-विधायकों के वेतन-भत्ते बढ़े

## सीएम को 3.40 लाख, विधायक को प्रतिमाह 2.97 लाख मिलेंगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में दिवाली से पहले माननीय (विधायकों) की सैलरी और भत्ते लगभग 30 प्रतिशत बढ़ गए हैं। राज्य सरकार ने इसी साल बजट सत्र में हिमाचल प्रदेश लेजिस्लेटिव असेंबली (अलाउंसेज एंड पेंशन ऑफ मेंबर) अमेंडमेंट बिल-2025 को चर्चा के बाद पारित किया था। राज्यपाल की मंजूरी के बाद इसे राजपत्र में नोटिफाई कर दिया गया है।

इसके बाद अब विधायकों को लगभग 2 लाख 97 हजार रुपए मासिक सैलरी-भत्ते मिलेंगे। अब तक इन्हें लगभग 2 लाख 10 हजार रुपए मासिक सैलरी-भत्ते मिलते रहे हैं। विधायकों की बेसिक सेलरी 55 हजार रुपए से बढ़कर 85 हजार रुपए प्रतिमाह कर दी गई है।

**सैलरी और भत्तों में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी**

मुख्यमंत्री को अभी लगभग 2 लाख 65 हजार रुपए मासिक वेतन-भत्ते मिलते हैं। अब यह बढ़कर लगभग 3 लाख 40 हजार रुपए हो जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्रियों को अभी 2.55 लाख रुपए मिलते हैं। इनकी सैलरी-भत्ते बढ़कर लगभग 3.30 लाख रुपए हो जाएंगे।

### अब हर पांच साल में बढ़ेगी माननीय की सैलरी

**प्रदेश** सरकार ने इसी बजट सत्र में हिमाचल प्रदेश लेजिस्लेटिव असेंबली (अलाउंसेज एंड पेंशन ऑफ मेंबर) अमेंडमेंट करके विधायकों की सैलरी हर 5 साल बाद बढ़ाने का प्रावधान किया है। लिहाजा अब विधायकों की सैलरी-पेंशन प्राइस इंडेक्स के हिसाब से बढ़ेगी। इसके बाद, विधायकों की सैलरी-भत्ते एक अक्तूबर 2030 में दोबारा बढ़ेगी, यानी अब माननीय को दोबारा सैलरी-भत्ते बढ़ाने के लिए विधानसभा में संशोधन विधेयक की जरूरत नहीं रहेगी।

### 35 हजार के भत्ते समाप्त

**राज्य** सरकार ने संशोधन विधेयक लाकर विधायकों को मिलने वाले लगभग 35 हजार रुपए के भत्तों को समाप्त भी किया है। इनमें 5 हजार रुपए का प्रतिपूरक भत्ता, 15 हजार रुपए का टेलीफोन भत्ता और 15 हजार रुपए का कंप्यूटर आपरेटर भत्ता शामिल हैं।

# पंजाब के डीआईजी भुल्लर 5 लाख रिश्वत लेते अरेस्ट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंजाब पुलिस के रोपड़ रेंज के डीआईजी हरचरन भुल्लर को सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने 5 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। भुल्लर ने मंडी गोबिंदगढ़ के स्क्रैप कारोबारी से रिश्वत मांगी थी। सूत्रों के मुताबिक, मंडी गोबिंदगढ़ के स्क्रैप कारोबारी की तरफ से डीआईजी के खिलाफ शिकायत दी गई थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। सूत्रों के मुताबिक, भुल्लर को हरियाणा के अंबाला से गिरफ्तार किया है। वहां से उसे मोहाली लाया गया। सीबीआई के 52 लोगों की टीम भुल्लर के मोहाली ऑफिस और चंडीगढ़ के सेक्टर 40 स्थित घर को खंगाला। भुल्लर की कोठी से एक करोड़ से ज्यादा का कैश मिला है। यह कैश 3 बैग और 1 अटैची में भरा हुआ था। टीम को नोट गिनने की मशीन मंगानी पड़ी। इसके अलावा गहने भी बरामद हुआ है। यह भी पता चला है कि सीबीआई की टीम भुल्लर को पंचकूला लेकर गई।

**कोठी से एक करोड़ से ज्यादा का कैश मिला**

**नोट गिनने के लिए मंगानी पड़ी मशीन**

# भारतीयों की होगी 21वीं सदी : पीएम

## कहा- आज दुनिया हमें मैन्युफैक्चरिंग सेंटर के रूप में देख रही

**एजेंसी, कुर्नूल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीरवार को आंध्रप्रदेश के कुर्नूल में 13,430 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इस मौके पर मोदी ने कहा कि 2047 में जब आजादी के 100 साल होंगे तब भारत 'विकसित भारत' बन चुका होगा। मैं दावे से कहता हूं कि 21वीं सदी हिंदुस्तान की, 140 करोड़ भारतीयों की सदी होने वाली है। आज दुनिया, भारत को 21वीं सदी के नए मैन्युफैक्चरिंग सेंटर के रूप में देख रही है। इस सफलता का सबसे बड़ा आधार है, आत्मनिर्भर भारत का विजन।

प्रधनमंत्री ने कहा कि हमारा आंध्र प्रदेश आत्मनिर्भर भारत का प्रमुख केंद्र बन रहा है। इसके पहले मोदी नांदयाल पहुंचे। मोदी ने यहां श्रीशैलम में भ्रामराम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी वरला देवस्थानम में दर्शन, पूजा और ध्यान किया। यह मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों और 52 शक्तिपीठों में शामिल है। यह एकमात्र मंदिर है, जहां ज्योतिर्लिंग और शक्तिपीठ दोनों है। (अनंत ज्ञान)



**13,430 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स के उद्घाटन और शिलान्यास किए**

**भ्रामराम्बा मल्लिकार्जुन स्वामी वरला देवस्थानम में लगाया ध्यान**

### शिवाजी स्फूर्ति केंद्र में की पूजा-अर्चना

**पीएम** मोदी श्रीशैलम में श्री शिवाजी स्फूर्ति केंद्र में पूजा-अर्चना की। यह एक मेमोरियल कॉम्प्लेक्स है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू भी साथ थे। यहां मेडिटेशन हॉल है, जिसके चारों कोनों पर चार मशहूर किलों, प्रतापगढ़, राजगढ़, रायगढ़ और शिवनेरी के मॉडल बने हैं। इसके बीच में छत्रपति शिवाजी महाराज की ध्यान की मुद्रा वाली मूर्ति भी है।

# यमन में हत्यारोपी निमिषा की मौत की सजा पर रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

यमन में हत्या के आरोप में फांसी की सजा पाने वाली भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की फांसी पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। भारत के अटॉर्नी जनरल (एजी) आर. वेंकटरमाणी ने वीरवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि यमन में मौत की सजा पाने वाली नर्स निमिषा प्रिया अंतरिम राहत दी गई है और इस मामले में कुछ भी बुरा नहीं हुआ है। केंद्र की तरफ से पेश हुए एजी ने जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच को बताया कि इस मामले में एक नए मध्यस्थ आए हैं। जब कोर्ट ने पूछा कि निमिषा की सजा का क्या हुआ तो यमन में फंसी नर्स को बचाने के लिए अभियान चला रहे याचिकाकर्ता संगठन सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल की तरफ से वकील ने कहा कि सजा पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। 38 वर्षीय निमिषा केरल के पलक्कड़ की रहने वाली हैं। 2017 में अपने यमनी बिजनेस पार्टनर की हत्या के मामले में दोषी ठहराई गई थीं। (अनंत ज्ञान)

**सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दी जानकारी**

### जनवरी 2026 में फिर होगी सुनवाई

**याचिकाकर्ता** के वकील ने कोर्ट में सुझाव दिया कि मामले को स्थगित किया जाए, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। बेंच ने कहा कि मामले में जनवरी 2026 को फिर सुनवाई होगी, लेकिन यदि स्थिति की मांग हुई तो जल्दी सुनवाई के लिए आवेदन किया जा सकता है।



## युग पुरुष — परमार ने बनाया तो वीरभद्र सिंह ने संवारा हिमाचल

# ऐतिहासिक रिज पर खड़े दो युग

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर जब हिमाचल के निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार की प्रतिमा के बगल में स्व. वीरभद्र सिंह की प्रतिमा स्थापित की गई, तो यह क्षण केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि इतिहास का नया अध्याय बन गया। यहां अब हिमाचल निर्माता परमार और जननायक वीरभद्र एक साथ हिमाचल की आत्मा का प्रतीक बन खड़े हैं। डॉ. परमार ने इस पहाड़ी प्रदेश को जन्म दिया, तो वीरभद्र सिंह ने उसे पहचान, प्रगति और गरिमा दिलाई। कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता रही कि कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी स्वयं इस अनावरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचीं। सोनिया गांधी को कांग्रेस की हाईकमान माना जाता है। उनके आगमन ने न केवल वीरभद्र सिंह के प्रति पार्टी का सम्मान प्रदर्शित किया, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया कि वीरभद्र सिंह वास्तव में जनता के नायक जननायक थे।

### दोनों नेताओं की विरासत है हिमाचल का इतिहास



**स्व.** वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का यशवंत सिंह परमार के समीप स्थापित होना इस बात का प्रतीक है कि हिमाचल का इतिहास इन दोनों महान नेताओं की विरासत पर टिका है। जहां परमार ने हिमाचल को अस्तित्व दिया, वहीं वीरभद्र ने उसे संवारा। वीरभद्र सिंह का दिल बड़ा था और राजनीति में उनका अंदाज भी अलग। वह सत्ताधारी नहीं, बल्कि सेवाधारी थे। यही वजह है कि रिज मैदान पर जब उनकी प्रतिमा का अनावरण हुआ, तो माहौल भावनाओं से भर गया। जनता की आंखों में नमी थी, पर मन में गर्व की चमक जैसे सारा हिमाचल कह रहा हो, राजा साहिब अमर रहें, उनकी विरासत अमर रहे। राजनीतिक रूप से भी यह क्षण कांग्रेस के लिए ऊर्जा और एकजुटता का प्रतीक बन गया है।






## न्यूज ब्रीफ



वीरवार को प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता व पूर्व विधायक राजेंद्र राणा के निवास स्थान पटलांदर में भाजयुमो के नवनियुक्त सुजानपुर मंडल के अध्यक्ष बुद्धि सिंह, बमसन टौणी देवी मंडल के अध्यक्ष मोहित डोगरा ने शिष्टाचार भेंट की दोनों अध्यक्षों को नए दायित्व के लिए राजेंद्र राणा ने शुभकामनाएं दीं।

### श्रीराम के अयोध्या आगमन पर उमड़ा जनसैलाब

**अनंत ज्ञान, जाहू।** मन्वी रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला में बुधवार रात लंकापति रावण पर विजय और असुरों के संहार के बाद भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता का अयोध्या आगमन हुआ। भगवान राम के स्वागत में पुष्पवर्षा और आरती की गई। राम-भरत मिलन का दृश्य देखकर दर्शक भावुक हो उठे। यह रामलीला आयोजन लगातार 38वें वर्ष मन्वी राम नाटक क्लब द्वारा किया गया। समापन समारोह के मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक सुलगवान के प्रबंधक अशोक भारद्वाज रहे, जिन्हें क्लब के संस्थापक व निर्देशक विधासागर शास्त्री द्वारा टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि ने राम के आदर्शों को अपनाने का आह्वान करते हुए कलाकारों की सराहना की और क्लब को 5100 का योगदान भी दिया। समापन पर स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### बस स्टैंड के पास 25 तक बंद रहेगी मुख्य सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** निर्माणाधीन बस स्टैंड के पास हमीरपुर-नादौन मुख्य सड़क पर बरसात के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सीवरेज लाइन को बदलने के कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 25 अक्तूबर तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि क्षतिग्रस्त सीवरेज लाइन को बदलने के कार्य को जल्द पूरा करने के लिए हमीरपुर-नादौन सड़क के इस हिस्से पर वाहनों की आवाजाही 25 अक्तूबर तक बंद की है। इस दौरान वाहन चालक पैट्रोल पंप से गलोड़ सड़क को वैकल्पिक रूट के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

### आपदा प्रभावितों को बांटी सहयोग सामग्री

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** समताना गांव में जमीन धंसने से पांच परिवार प्रभावित हुए हैं। शकुंतला देवी, जिनका मकान गिर गया है, पहले से ही पति के लापता होने और दो बच्चों के पालन-पोषण की कठिनाई से जूझ रही थीं। अंजना कुमारी के परिवार की हालत भी दयनीय है, जिनके पति मजदूरी करते हैं और चार बेटियां व एक बेटा हैं। रोशन लाल, कौशल कुमार और रमेश चंद के मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इस पर सेवा भारती संस्था ने राहत पहुंचाई। उपेंद्र ठाकुर, राज भारद्वाज, ग्राम प्रधान भोली शर्मा और सतीश शर्मा के सहयोग से संस्था ने कपड़े, बर्तन, राशन, टॉर्च, स्कूल बैग, कम्बल आदि सामग्री वितरित की। सनातन सेवा समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने अन्य समाजसेवियों से भी सहयोग की अपील की है।

### भाजपा मोर्चों ने कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र में भाजपा महिला मोर्चा, ओबीसी, अनुसूचित जाति, किसान व युवा मोर्चा के नवनियुक्त अध्यक्षों ने कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए मनोह में प्रेस वार्ता की। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने महिलाओं को 1500 देने और युवाओं को नौकरी देने जैसे झूठे वादे किए। महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष अच्युत शर्मा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी और अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष विजय ने कहा कि कांग्रेस तीन सालों में कोई वादा पूरा नहीं कर पाई है। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विपिन अग्निहोत्री और मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर ने बताया कि जल्द सभी मोर्चों की कार्यकारिणी का गठन होगा और केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार व कांग्रेस के झूठ उजागर किए जाएंगे। मंडल उपाध्यक्ष विनोद सोनी व सचिव अनीता जस्वाल को नियुक्त किया गया।

### नवनियुक्त मोर्चा पदाधिकारियों ने धूमल से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के विभिन्न मंडलों से महिला, युवा और किसान मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से समीरपुर स्थित आवास पर मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर महिला मोर्चा की जिला महामंत्री मंजू ठाकुर, शकुंतला देवी, समीरपुर मंडल अध्यक्ष रीना ठाकुर, युवा मोर्चा से बुद्धि सिंह (सुजानपुर) और मोहित डोगरा (टौणी देवी-बमसन) उपस्थित रहे। किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अश्वनी ठाकुर और महामंत्री संजीवन पटियाल ने भी संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष अभयवीर लवली, विक्रम राणा, उपाध्यक्ष राजकुमारी ठाकुर, सुमन चौहान, सचिव मंजीत सिंह और नेत्री अनीता गर्ग भी मौजूद रहे। प्रो. धूमल ने सभी को बधाई दी और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया।

### गीतों से दी पर्यावरण संरक्षण की सीख

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जलाड़ी में हिमकोस्टे के तहत पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें छात्रों ने पेंटिंग, पोस्टर, नाटक, गीत व नारा लेखन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य बालक राम और विशेष अतिथि तन्मय श्रीनेत्र (भारती एयरटेल फाउंडेशन) रहे। निर्णायक मंडल में शैली शर्मा, वंदना परमार व सपना थीं। कार्यक्रम का आयोजन ईको क्लब संयोजक पूर्णिमा कुमारी ने किया और संचालन जिला विज्ञान समन्वयक राजेश गौतम के मार्गदर्शन में हुआ।

### पदाधिकारियों को दिलाई गोपनीयता की शपथ

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश में शैक्षणिक सत्र 2025- 26 के लिए केंद्रीय छात्र संघ परिषद के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. सतीश सोनी प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय देहरा के प्राचार्य डॉ. सतीश सोनी एवं विशेष सम्मानित अतिथि के डॉ. संजय सह आचार्य राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर रहे। केंद्रीय छात्र परिषद संघ के अध्यक्ष के रूप में महक, वाणिज्य स्नातक तृतीय वर्ष, उपाध्यक्ष के रूप में पूनम कुमारी कला स्नातक तृतीय वर्ष, सचिव के रूप में दीक्षा देवी, कला स्नातक प्रथम वर्ष, संयुक्त सचिव के रूप में दिशा ठाकुर, कला स्नातक द्वितीय नया शपथ ली। कक्षा प्रतिनिधि के रूप में मोनिका, कलश धीमान,पलक देवी शगुन जसवाल, दिव्यांशु,मनीष शर्मा तथा नामित सदस्यों के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना से मनीषा तथा शिखा, खेलों से अभिषेक गुलेरिया तथा शिवांगी रोवर्स और रेंजर्स से रोहन तथा सृष्टि सांस्कृतिक क्षेत्र से रेखा देवी तथा वरुण एवं जेंडर चैंपियन के रूप में पलक देवी, कला स्नातक तृतीय वर्ष में अपने पद तथा गोपनीयता की शपथ ली।

### बाबा बालक नाथ मंदिर में पारदर्शिता से हो रहे कार्य

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हिमुडा के निदेशक राजेश बन्याल ने प्रेस बयान में स्पष्ट किया कि बाबा बालक नाथ मंदिर में सभी कार्य पूरी पारदर्शिता से हो रहे हैं। मंदिर ट्रस्ट के न्यासी सुभाष ढटवालिया सहित अन्य सदस्यों ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि सभी धार्मिक, प्रशासनिक व वित्तीय प्रक्रियाएं नियमपूर्वक और सीसीटीवी निगरानी में संचालित की जाती हैं। राजेश बन्याल ने बताया कि नोटों की गणना प्रक्रिया में कोई अनियमितता नहीं हुई है। गिनती के दौरान एक गड्डी गलती से दूसरी जगह चली गई थी, जिसे ड्यूटी अधिकारी ने समय रहते सुधार लिया। सभी नोट ट्रांजैक्शन कैमरों में रिकॉर्ड हुए हैं, और कोई भी राशि बाहर नहीं गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पारदर्शी सरकार ने जांच के आदेश दिए हैं, और सभी कर्मचारी जांच में सहयोग कर रहे हैं। गौशाला प्रकरण में भी सभी खरीदें निविदा के माध्यम से हुईं। अंत में उन्होंने मीडिया से अपील की कि वे बिना पुष्टि के भ्रम फैलाने से बचें और केवल सत्य पर आधारित जानकारी ही साझा करें।

### समाजसेवी व शिक्षाविद सत्या देवी नहीं रहीं

**अनंत ज्ञान, रंगस।** पूर्व सीएम प्रो. प्रेम कुमार धूमल के निजी सचिव सुनील कुमार बैंस की माता समाज सेविका एवं शिक्षाविद सत्या देवी का 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। जोलसप्पड़ पंचायत के कोहला पलासड़ी गांव की स्व. सत्या देवी मृदुभाषी, सामाजिक सेवा में समर्पित एक कुशल शिक्षिका के रूप में जानी जाती थी। उन्हें सभी वर्ग के लोग प्रिय मानते थे। उनके निधन की खबर मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ उनके घर पर जुट गई। उनके बेटों सुनील कुमार बैंस और अनिल कुमार ने बताया कि अचानक ही उनकी तबीयत बिगड़ी और उनका निधन हो गया। उनके निधन पर इलाके में शोक की लहर छा गई है।

## दुकानों की दूसरी बार बोली फिर कैंसिल, चार का अर्नेस्ट मनी भी डिपॉजिट

# आधा दर्जन दुकानें क्यों नहीं दी जा रही किराए पर?

**विक्रम ढटवालिया अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** हमीरपुर के मुख्य शहर में गांधी गेट के पास म्युनिसिपल कॉरपोरेशन की चार दुकानें आखिर क्यों खाली हैं।

इनकी दो मर्तबा ऑक्शन रखी गई, लेकिन दोनों बार इसे रद्द कर दिया गया। इससे न ही तो फायदा एमसी को हो रहा है और न ही उन दुकानदारों को, जिन्होंने इन दुकानों के लिए बोली लगाकर अपनी रोजी-रोटी चलानी है, अब ऐसा हो क्यों रहा है, इस पर भी बेवजह के सवाल खड़े हो रहे हैं। बेहद महत्वपूर्ण जगह पर इन दुकानों का निर्माण काफी पहले हुआ है और उनके खाली रहने से हर महीने एमसी को हो सकता है एक लाख तक का नुक्सान झेलना पड़ रहा हो, क्योंकि यदि इनकी बोली हो जाती, तो यह अच्छे-खासे किराए पर जा सकती थीं। क्योंकि शहर के मध्य में है और गांधी गेट का इलाका बेहद महत्वपूर्ण भी है यहां पार्किंग की व्यवस्था भी है। तत्कालीन नगर परिषद ने यहां पर कुछ निर्माण भी किया था और अब इस जगह पर कई चीजें नई हो गई हैं। इसीलिए बोलीदाता भी उत्सुक हैं कि कब इन दुकानों को रेंट आउट किया जाए। इन्हीं दुकानों की बात नहीं है, शहर में कई और जगह भी कुछ दुकानों को किराए पर दिया जाना है। पीडब्ल्यूडी कॉलोनी के पास भी पार्क में कैफे शुरू करने के लिए दुकानें बनाई गई हैं। उनकी बोली भी होनी है, लेकिन होनी कब है, प्रश्न यही है। नगर परिषद के समय से निर्मित इन दुकानों से कमाई का स्रोत कारपोरेशन को शुरू कर देना चाहिए। क्योंकि मौजूदा हालात वित्तीय तौर पर इस म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के इतने अच्छे नहीं हैं। अभी ताजा-ताजा ही यह कॉरपोरेशन बनी है इसलिए पैसे की आमदन के जो भी स्रोत नजर आते हों उन पर ध्यान देने की जरूरत है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह जो निर्माण हुए हैं, यह लोगों को सुविधा देने की खातिर हुए हैं। इसीलिए लोग इनकी बोली की इंतजार भी कर रहे हैं।



गांधी गेट के पास दुकानें।

> म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के एडिशनल कमिश्नर रामप्रसाद शर्मा का कहना है कि किन्ही कारणों से यह बोली नहीं हो पाई है। कुछ निर्माण वहां किया जाना है। उसके बाद बोली की व्यवस्था की जाएगी।

## नशे का सेवन करने वाले चारों युवा निकले पॉजिटिव

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** पुलिस चैकी गलोड़ के तहत आने वाले चार लोगों के ब्लड सैंपल में मादक पदार्थों के सेवन की पुष्टि हुई है। ज्ञात रहे 2 जुलाई को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि लहड़ा गूगा मंदिर के समीप चार लोग नशे का सेवन कर रहे हैं। पुलिस ने मौके पर जाकर इनकी तलाशी ली तो इनके पास फॉयल पेपर और सिरिंज मिली थी। गलोड़ पुलिस ने तिलक राज पुत्र कांशी राम कश्मीर, पंकज कुमार पुत्र सुरेश कुमार गांव बलोह, ललित कुमार लवली और हैप्पी शर्मा गांव लहड़ा का मेडिकल करवाया गया था और इनके ब्लड सैंपल आरएफएसएल लैब को भेजे गए थे। इन चारों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। अर्थात इन्होंने मादक पदार्थों का सेवन कर रखा था। गलोड़ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस द्वारा नशे को जड़ से खत्म करने के लिए चलाए गए अभियान का असर धरातल पर दिखाई देने लगा है। नशे की गिरफ्त में आ चुके युवा व इस गैरकानूनी धंधे से जुड़े हुए लोग पुलिस से बचने के तरह-तरह के तरीके अपनाने लगे हैं। डीएसपी बड़सर लालमन शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि इन चारों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि नशे के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान निरंतर जारी रहेगा किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## नशा मुक्त हिमाचल के लिए युवाओं की भागीदारी सबसे आवश्यक : राजीव राणा



नाल्टी स्कूल में एंटी ड्रग कमेटी के तत्वावधान में नशा मुक्ति कार्यशाला का आयोजन।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नाल्टी में वीरवार को एंटी ड्रग कमेटी के तत्वावधान में एक प्रेरणादायक नशा मुक्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राजीव राणा, प्रदेश चेयरमैन असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केसीसी) तथा हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव, विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने युवाओं को नशा मुक्ति का संदेश देते हुए कहा कि नशा किसी व्यक्ति की प्रतिभा, ऊर्जा और भविष्य को नष्ट कर देता है। राजीव राणा ने कहा कि युवाओं की शक्ति नशे से दूर रहकर हिमाचल को नशा मुक्त बनाने में अहम भूमिका निभा सकती है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार नशा उन्मूलन के लिए गंभीर प्रयास कर रही है, लेकिन असली सफलता तभी संभव है जब हर युवा स्वयं इस आंदोलन का हिस्सा बने। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने मित्रों और समाज में नशा मुक्त संदेश फैलाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में नशा निरोधक कमेटी की सदस्य संगीता खुराना और थाना प्रभारी कुलवंत सिंह भी उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यालय को गोद लिया है। सभी अतिथियों ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से नशा छोड़कर सकारात्मक जीवन शैली अपनाने का आह्वान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावक, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में मौजूद रहे और नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

# एचपी शिवा परियोजना से निचले क्षेत्रों में आएगी नई क्रांति : अजय

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि उद्यान विभाग की महत्वाकांक्षी एचपी शिवा परियोजना से प्रदेश के कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में एक नई क्रांति आएगी।

उद्यान विभाग द्वारा वीरवार को डिडवीं में बागवानी फसलों के लिए कोल्ड स्टोरेज सुविधा पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए अजय शर्मा ने कहा कि एचपी शिवा परियोजना से इन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर फलों के बागीचे विकसित किए जा रहे हैं और शुरुआती चरण में ही इन बागीचों में अच्छी पैदावार देखने को मिल रही है। इन फसलों के लिए कोल्ड स्टोरेज और प्रसंस्करण की सुविधा का प्रावधान भी एचपी शिवा परियोजना में किया गया है। किसानों-बागवानों को इसका लाभ उठाना चाहिए। इससे उन्हें अपनी उपज के अच्छे दाम मिलेंगे। अजय शर्मा ने कहा कि इन फसलों के विपणन में एपीएमसी भी बागवानों की हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार ने कृषि, बागवानी और इनसे संबंधित अन्य क्षेत्रों जैसे-पशुपालन, मत्स्य पालन इत्यादि पर विशेष रूप से फोकस करके ग्रामीण आर्थिकी को नया बल दिया है। प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की को प्रदेश सरकार 40 रुपए, गेहूं 60 रुपए और हल्दी को 90 रुपएप्रति किलोग्राम की दर से खरीद रही है, जिससे किसानों की आय में अच्छी-खासी बढ़ोतरी हो रही है। इस अवसर पर उद्यान विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश्वर परमार ने किसानों-बागवानों को कोल्ड स्टोरेज की महत्ता और विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। हिमालयन कोल्ड स्टोरेज के अधिकारी विशाल और एक्सपर्ट कोल्ड स्टोरेज के सचिन शर्मा ने कोल्ड स्टोरेज की आधुनिक तकनीकों से अवगत करवाया। एसएमएस डॉ. जीना बन्याल पाटिल, डॉ. मूना ठाकुर और डॉ. गोपाल चौहान ने भी फसलों की मार्केटिंग और मूल्यवर्धन इत्यादि के बारे में बताया तथा किसानों एवं बागवानों की कई शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के दौरान एचपीशिवा परियोजना के विभिन्न कलस्टरों के बागवानों ने माल्टा, मौसमी, अमरूद और अन्य फलों की प्रदर्शनी भी लगाई।



## राजस्व गांव चकमोह बना मॉडल सोलर विलेज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के राजस्व गांव चकमोह ने पीएम सूर्या घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आयोजित मॉडल सोलर विलेज प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर गांव को एक करोड़ रुपये की ईनामी राशि मिलेगी, जिसे नवीकरणीय ऊर्जा ढांचागत विकास पर खर्च किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि 2000 से अधिक आबादी वाले छह गांवों बड़सर, चकमोह, जाहू खुर्द, धमरोल, दरोगण और बेला को इस प्रतिस्पर्धा में शामिल किया गया था। चकमोह ने 20.012 किलोवाट क्षमता के सौर संयंत्र व उपकरण स्थापित कर पहला स्थान पाया। हिमऊर्जा व बिजली बोर्ड को गांव के लिए भविष्य की योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। योजना के तहत 3 किलोवाट तक के संयंत्र पर 85,800 रुपए तक सब्सिडी दी जा रही है। डीसी ने अधिक से अधिक लोगों तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए प्रचार-प्रसार तेज करने के निर्देश भी दिए।

## फूड सेफ्टी विभाग की मिठाई की दुकानों में दबिश जारी, 15 किलो खराब मिठाई फिकवाई

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** दिवाली के त्योहार को कुछ ही दिन शेष हैं ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के फूड सेफ्टी विभाग ने मिठाइयों की जांच को लेकर अभियान तेज कर दिया है। वीरवार को फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने लदरौर, पटटा और हमीरपुर शहर में मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया।

चैकिंग के दौरान पटटा में खराब पाई गई जिसे मौके पर ही विभाग ने नष्ट करवाया। बता दें कि इससे पहले भी विभाग ने 22 किलो खराब मिठाई को नष्ट करवाया। वीरवार को भी क्षेत्र की दुकानों से 5 किलो बेसन, 5 किलो रसगुल्ला, 5 किलो बालूशाही खराब मिठाई मिली है। जिसे विभाग ने नष्ट करवा दिया है। इस दौरान विभाग ने विभिन्न दुकानों से मिठाई के 14 सैंपल भी लिए हैं जिसे जांच के लिए भिजवा दिया है। विभाग ने रसगुल्ला, हल्दीराम के रसगुल्ला पैकेट, कलाकंद, पंजीरी लडडू, काजू पिस्ता बर्फी, के सैंपल लिए हैं। मिठाइयों की चेकिंग के अलावा मिठाई की दुकानों पर तलने के लिए प्रयोग किए जाने वाले तेल की भी जांच की गई जो सभी दुकानों पर सही पाया गया। फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉ. अभिषेक ने बताया कि सभी खाद्य व्यापार संचालकों को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के सभी प्रावधानों का पालन करने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदारों को सामान्य स्वच्छता और स्वच्छता प्रथाओं का पालन करना होगा और मिठाई बनाने के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले कच्चे माल और खाद्य ग्रेड रंगों का उपयोग करना होगा। उन्होंने कहा मिठाई की गुणवत्ता या शुद्धता को लेकर किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।



## भोरंज की सड़कों की मरम्मत व जन सुविधाओं के लिए पांच करोड़ स्वीकृत

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान**

**जाहू।** भोरंज क्षेत्र में सड़क मरम्मत और विस्तारीकरण के लिए सरकार ने 5 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है।

इस राशि से बरसात के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत के साथ-साथ रोड साइड एमेनिटीज और अन्य जन सुविधाओं के विस्तारीकरण का कार्य किया जाएगा। भोरंज में हाल ही में अवाहदेवी सर्कुलर रोड के विस्तार के लिए 2.34 करोड़ रुपए और टिक्करी गौट्टा से संमलोग सड़क के निर्माण हेतु 4.71 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इससे क्षेत्र में नई सड़कों का निर्माण और पुरानी सड़कों का कायाकल्प किया जाएगा। भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र को आधुनिक और सुविधायुक्त बनाने के लिए बड़े पार्कों और सार्वजनिक स्थलों का निर्माण किया जाएगा। बधानी, चंबोह, समीरपुर, कांजियान, टाऊन भराड़ी, मनोह, बेहड़वीं, जाहू, बड़हर, भरेड़ी और अमरोह में सार्वजनिक पार्कों का निर्माण प्रस्तावित है। वहीं, अवाहदेवी, तर्कवाड़ी, भोरंज, भरेड़ी और लदरौर में सार्वजनिक शौचालय बनाए जाएंगे। तीर्थ स्थलों जैसे मारकंडा अम्मन, अवाहदेवी, गासियाँदेवी, लुद्दर महादेव और झंगी महादेव को श्रद्धालुओं के लिए बेहतर ढंग से विकसित किया जाएगा। इसके अलावा, भोरंज चौक का सौंदर्यकरण, ओवरहेड ब्रिज का निर्माण, और जौह से कड़योह तथा धारोन से दरोबड़ी तक बैली ब्रिज के निर्माण की भी योजना है। विधायक ने बताया कि वर्तमान में भोरंज में करीब 500 करोड़ रुपए के विकास कार्य चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली अपग्रेडेशन और पेयजल आपूर्ति सुधारने के लिए विशेष कार्य योजना बनाई जा रही है। पानी की सप्लाई को सुधारने के लिए डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम पर काम जारी है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शीघ्र ही भोरंज में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसका भव्य स्वागत किया जाएगा।

## 5 साल तक मंदिर का संचालन मेरे सुपुर्द कर दो, कायापलट दूंगा: महंत

**एसके ठाकुर अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** उत्तरी भारत के प्रसिद्ध बाबा बालकनाथ मंदिर दियोटसिद्ध के महंत राजेंद्र गिरी ने अपने निवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में मंदिर प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए और व्यवस्थागत सुधार की मांग की। महंत ने कहा कि लंबे समय से मंदिर में कोई स्थायी मंदिर अधिकारी नियुक्त नहीं है, जिसकी वजह से करोड़ों रुपये के गड़बड़ी/घोटाले की आशंका है। यह टिप्पणी उन्होंने उस समय की जब श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिवर्ष अनुमानित 40-50 करोड़ रुपए के चढ़ावे की बात कही।



महंत ने कहा कि श्रद्धालुओं को मिलने वाली सुविधाएँ भी संतोषजनक नहीं हैं; सराय भवन होने के बावजूद व्यवस्था ठीक ढंग से संचालित नहीं हो रही। उन्होंने मंदिर द्वारा कलबाल में संचालित गौशाला का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां कुल 120 गौवंश हैं जिनमें 50 बैल, 10 बछड़े तथा शेष माता गायें, लेकिन देखरेख के लिए केवल 10 कर्मी तैनात हैं, जबकि कम-से-कम 25 कर्मी आवश्यक हैं। महंत ने कहा कि ट्रस्ट में कर्मचारियों की भर्ती अधिक कर दी गई है पर काम करने वाले कम हैं; वहीं ट्रस्टीयों को मीटिंग मानदेय मिलते हैं पर दायित्वों का निर्वाह नहीं होता। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर ट्रस्ट को सरकार से स्थायी अधिकारी न मिले तो सेवानिवृत्त एसडीएम, जिलाधीश या जज को मंदिर अधिकारी नियुक्त किया जाए।

महंत का दावा है कि यदि ऐसे अधिकारी को प्रति माह 1 लाख वेतन दिया जाए, तो बेहतर प्रबंधन के कारण सालाना 1-2 करोड़ रुपये तक की बचत संभव है और श्रद्धालुओं को बेहतर सेवाएं मिलेंगी। प्रेस वार्ता में महंत ने प्रशासन से शीघ्र कदम उठाने का आग्रह किया और कहा, यदि मुझे पाँच वर्षों के लिए मंदिर का प्रभार सौंपा जाए तो मैं परिसर और उसकी संस्थाओं की सूरत बदल दूंगा।

### आज होने वाले ड्राइविंग टेस्ट व वाहनों की पासिंग स्थगित

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** एसडीएम कार्यालय बड़सर के अंतर्गत 17 अक्तूबर को प्रस्तावित ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग फिलहाल स्थगित कर दी गई है। एसडीएम राजेंद्र गौतम ने बताया कि प्रशासनिक कारणों से इसे स्थगित करना पड़ा है। उन्होंने बताया कि ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग की नई तिथि जल्द ही निर्धारित कर दी जाएगी।

### भूकंप प्रतिरोधक निर्माण तकनीकों पर विशेष फोकस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) हमीरपुर द्वारा 15 व 16 अक्तूबर को 'निर्मित पर्यावरण की संरचनात्मक सुरक्षा ऑडिट' विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण व भूकंप प्रतिरोधक निर्माण तकनीकों को बढ़ावा देना था। इसमें नगर एवं ग्राम नियोजन, लोक निर्माण, शहरी विकास और ग्रामीण विकास विभागों के अभियंताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को संरचनाओं की सुरक्षा जांच, कमजोरियों की पहचान और रेट्रोफिटिंग उपायों की जानकारी दी गई। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर के विशेषज्ञों ने तकनीकी व्याख्यान और अध्ययन मामलों के माध्यम से भूकंप प्रतिरोधक डिजाइन की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### जितनी जरूरत उतनी पकाएं खाद्य वस्तुएं: डॉ. राजेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में होटल प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों ने विश्व खाद्य दिवस मनाया। इस वर्ष का विश्व खाद्य दिवस बेहतर भोजन व बेहतर भविष्य के लिए हाथ मिलाना थीम पर आधारित रहा। तकनीकी विवि के होटल प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर में खाद्य वस्तुएं के स्टॉल लगाए। इसमं विद्यार्थियों द्वारा खाद्य वस्तुओं को तैयार कर ब्रिकी के लिए उपलब्ध करवाया। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ. राजेश कुमार ने खाद्य वस्तुएं के स्टॉल का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों द्वारा बनाई खाद्य वस्तुओं के बारे में जानकारी ली।

### शिक्षकों के साथ संवाद व बेहतर विश्व निर्माण पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में ब्रह्माकुमारीज के वरिष्ठ सदस्य बीके भारत भूषण ने विद्यार्थियों के लिए सुखी जीवन जीने की कला पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि दैनिक कार्य और आराम के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। सादगी, अनुशासन और सकारात्मक सोच से मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। उन्होंने तनाव प्रबंधन के उपाय भी बताए और विद्यार्थियों के सवालों के जवाब दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राजेश कुमार ने की। ब्रह्माकुमारी संस्था की दीदी सारिका और बबीता भी मौजूद रहीं।

### आपात स्थिति में सीपीआर की महत्ता बताई

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** रेडक्रॉस सोसायटी की उपमंडल इकाई ने मिनी सचिवालय परिसर में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सीपीआर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। एसडीएम शशिपाल शर्मा ने कहा कि आपातकाल में अगर किसी की सांस या दिल की धड़कन रुक जाए और तुरंत सीपीआर मिले तो जीवन बचाया जा सकता है। डॉ. मयंक, डॉ. आदित्य और हेल्थ ऐजूकेटर ने सीपीआर का व्यावहारिक प्रदर्शन कर इसे समझाया। उन्होंने बताया कि कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) दिल का दौरा पड़ने जैसी स्थितियों में जान बचाने वाली तकनीक है। इस प्रक्रिया में छाती को तेजी से दबाया जाता है और सांस दी जाती है। तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### बाल मजदूरी पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बाल श्रम को रोकने और बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के पालन के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक उपायुक्त अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। उन्होंने सभी विभागों को फील्ड में कड़ी नजर रखने और बाल मजदूरी के मामलों पर त्वरित कार्रवाई करने को कहा। रेस्क्यू किए गए बच्चों को जिला बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में बाल संरक्षण अधिकारी, श्रम निरीक्षक, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चाइल्ड लाइन समन्वयक सहित अन्य जुड़े। बाल श्रम रोकने के लिए विभिन्न उपायों और निरीक्षणों की भी जानकारी दी गई।

### विकास कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** विकासखंड बिझड़ी में आयोजित पंचायत समिति बैठक में एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम ने समिति सदस्यों से कहा कि 15वें वित्त आयोग से मंजूर विकास कार्यों को समय पर पूरा करें, लंबित कार्य बर्दाश्त नहीं होंगे। उन्होंने मनरेगा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सदस्यों से स्वयं निगरानी की अपील की। बैठक की अध्यक्षता पूर्व बीडीसी अध्यक्ष सुभाष वनयाल ने की। खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार ने समय पर कार्य पूरे करने और धनराशि के सदुपयोग पर बल दिया।

**कार्यक्रम** वुड्स पार्क सैनिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन

# सुभाष हाउस ने जीती सर्वश्रेष्ठ खेल ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

रक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त वुड्स पार्क सैनिक स्कूल हमीरपुर ने बड़े उत्साह व उत्सव के माहौल में अपना वार्षिक खेल महोत्सव 2025-26 मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि भूपेंद्र सिंह एथलेटिक्स कोच के आगमन से हुई, जिन्होंने खेल महोत्सव का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग मार्च पास्ट से हुई, जिसमें कैडेट्स ने अनुशासन, संतुलन और दृढ़ संकल्प का शानदार प्रदर्शन किया। अपने प्रेरणादायक विचारों से भूपेंद्र सिंह ने कैडेट्स को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने व खेल, पढ़ाई दोनों में निष्पक्षता, समर्पण और टीमवर्क के मूल्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। दिनभर कैडेट्स ने थ्रो बॉल, बास्केटबॉल, ऐथलेटिकस और वॉलीबाल जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रत्येक प्रतियोगिता ने रोमांचक प्रदर्शन के साथ-साथ प्रतिस्पर्धात्मक भावना, दृढ़ इच्छाशक्ति और टीम स्पिरिट का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया। खेल मैदान ऊर्जा व उत्साह से भर उठा जब कैडेट्स ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस अवसर पर निदेशक सुमिती ठाकुर ने खेल विभाग के विभागाध्यक्ष सूबेदार सुनील (युद्ध सेवा मैडल), सूबेदार मेजर मोती राम ठाकुर, हवलदार नरेंद्र के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कैडेट्स को समय की पालना व अनुशासन के द्वारा अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने की प्रेरणा दी। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण समारोह से हुआ, जहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को पदक और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। सत्र 2025-26 की सर्वश्रेष्ठ खेल ट्रॉफी का गौरव सुभाष हाउस ने अपने शानदार प्रदर्शन से हासिल किया। इस भव्य कार्यक्रम में सोसायटी के अध्यक्ष इंजीनियर विनोद ठाकुर, निदेशक सुमिति ठाकुर, अध्यक्ष और कमांडेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) अनिल मनकोटिया भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विजेताओं को बधाई दी और शिक्षकों व कैडेट्स के प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल व स्मरणीय बनाया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ और यह दिन कैडेट्स के लिए स्मरणीय व प्रेरणादायक रहा।



वुड्स पार्क सैनिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस के आयोजन पर सुभाष हाउस के खिलाड़ी व अन्य।

## रंगोली प्रतियोगिता में स्वीटी, पलक और कनिका की रंगोली प्रथम

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में नशा मुक्ति अभियान, इको क्लब, रोवर्स एवं रेंजर्स, रेड रिबन क्लब और भूगोल विभाग के माध्यम से स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, दीपक सजावट प्रतियोगिता, पर्यावरण अनुकूल दिवाली आधारित रंगोली और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। यह सारे कार्यक्रम विद्यार्थियों में जागरूकता के लिए करवाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे के दुष्प्रभाव बताए और नशे से दूर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में नशा मुक्ति अभियान स्लोगन लेखन में प्रियंका प्रथम काजल द्वितीय और सिमरन तीसरे स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता में स्वीटी पलक और कनिका की रंगोली प्रथम रही। प्रदूषण मुक्त दिवाली पोस्टर में उर्वशी प्रथम इप्शिता द्वितीय सौंदर्या तृतीय स्थान पर रहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### शोघी-मेहली सड़क तय समय में रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला दंडाधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 और 117 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किया है कि शोघी-मेहली सड़क पर चल रहे कटिंग कार्यों के चलते यातायात को आंशिक रूप से नियंत्रित किया जाएगा। आदेशानुसार, शिलगांव से लेकर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, बड़ागांव तक यह सड़क 21 अक्तूबर से 20 नवंबर, तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद रहेगी। इन निर्धारित अवधियों में केवल आपातकालीन वाहनों को ही आवाजाही की अनुमति दी जाएगी ताकि आकस्मिक सेवाओं में कोई बाधा न आए। जिला दंडाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि इस अवधि में कार्यकारी एजेंसी सभी सुरक्षा एवं सावधानी उपायों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करे, ताकि आम नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो और निर्माण कार्य भी सुरक्षित एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जा सके।

### नावर क्षेत्र में सड़कें टूटीं, सरकार सोई : बरागटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नावर क्षेत्र की जर्जर सड़कों, अघोषित बिजली कटौती और सेब कलेक्शन सेंटरों की अव्यवस्था को लेकर भाजपा कोटखाई-नावर मंडल ने आज प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। भाजपा नेता चेतन बरागटा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार टिक्कर के माध्यम से सौंपा। चेतन बरागटा ने आरोप लगाया कि सरकार की लापरवाही से नावर क्षेत्र की जनता का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मेहदली-मढ़ारली-टिक्कर सड़क की हालत इतनी खराब है कि यह कहना मुश्किल है कि सड़क गड्ढों में है या गड्ढे सड़क में। उन्होंने कहा कि पिछले एक महीने से मढ़ारली के पास 30 मीटर का ढगा नहीं लग पाने से सड़क लगभग बंद है। भाजपा ने राज्यपाल से मांग की है कि नावर क्षेत्र की इन गंभीर समस्याओं पर तुरंत संज्ञान लिया जाए और संबंधित विभागों को ठोस कार्रवाई के निर्देश जारी किए जाएं ताकि जनता को राहत मिल सके।

# हिमाचल में सरकारी नीतियां बन रही तबाही का कारण

## एनडीएमए से हिमालयी नीति पर पुनर्विचार की मांग

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमालयी राज्यों सहित हिमाचल में इस साल बरसात से हुई तबाही के बाद तीस से अधिक सामाजिक संगठनों और चालीस से ज्यादा लोगों ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से मांग की है कि वह पहाड़ी राज्यों के लिए आपदा नीति और विकास मॉडल पर फिर से विचार करे। इन संगठनों ने कहा है कि अब हिमालय की तबाही को केवल प्राकृतिक आपदा नहीं कहा जा सकता, यह सरकारों की नीतिगत लापरवाही और अंधे विकास का नतीजा है।

- **बरसात से हुई तबाही पर 30 से ज्यादा संस्थाओं में निकाला निष्कर्ष, ठोस नीति बनाने का दिया सुझाव**
- **अंधाधुंध विकास से डगमगा रहा हिमालय विस्थापितों को मिले जमीन और सुरक्षित घर**

पीपल फॉर हिमालय नाम से चलाए जा रहे इस अभियान ने एनडीएमए को एक रिपोर्ट दी है, जिसमें कहा गया है कि हर साल पहाड़ों में जो तबाही होती है, वह अब मौसम की मार नहीं बल्कि नीतियों की गलती है। उत्तराखंड, हिमाचल, लद्दाख और पूर्वोत्तर में बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं ने हजारों परिवारों को बेघर कर दिया। संगठनों ने कहा है कि आपदा प्रभावित राज्यों में जो सर्वे चल रहे हैं, उन्हें जल्दी पूरा किया जाए और राहत का पैसा सीधे पीड़ितों तक पहुंचे।

इन संगठनों ने यह भी कहा कि पहाड़ों में विकास के नाम पर सड़कों, सुरंगों, जलविद्युत परियोजनाओं और रेलवे के कामों ने प्राकृतिक संतुलन बिगाड़ दिया है। उनका कहना है कि जितने भी बड़े निर्माण कार्य चल रहे हैं, उनकी स्वतंत्र जांच होनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने केंद्र सरकार से हाल में बनाए गए वन संरक्षण कानून में किए संशोधनों को वापस लेने की मांग की है, ताकि सीमांत इलाकों में वनों की कटाई रोकी जा सके।

संगठनों ने कहा कि हिमालयी राज्यों में दो-तिहाई जमीन वन क्षेत्र के रूप में दर्ज है, जिस कारण आपदा में घर खोने वाले लोगों को स्थायी जमीन नहीं मिल पा रही। इन परिवारों को जमीन देने के लिए वन कानून में कुछ छूट दी जानी चाहिए। साथ ही महिलाओं, पशुपालकों और भूमिहीन मजदूरों को पुनर्वास में प्राथमिकता दी जाए ताकि कोई भी परिवार दर-दर न भटके।

### लोगों की राय से बने नीति

**संगठनों** ने कहा कि पहाड़ों की नीति तब तक सफल नहीं हो सकती जब तक स्थानीय लोगों की राय को शामिल न किया जाए। ग्राम सभाओं और पंचायतों को आपदा प्रबंधन में अधिकार दिए जाएं, ताकि जो लोग हर रोज पहाड़ों की चुनौतियों से जूझते हैं, वे ही समाधान का हिस्सा बन सकें। साथ ही मौसम विभाग और जल आयोग की निगरानी प्रणाली को और मजबूत करने की जरूरत बताई गई है।

**संवेदनशील हिमालय के लिए चेतावनी**

**पीपल** फॉर हिमालय अभियान में कहा है कि 2025 की यह आपदा देश के लिए चेतावनी है। अब वक्त है सोच बदलने का केवल राहत नहीं, बल्कि तैयारी और संतुलित विकास की दिशा में कदम बढ़ाने का। उन्होंने कहा कि अगर हम पहाड़ों को नहीं समझेंगे, तो पहाड़ हमें समझा देंगे। सुरक्षित भविष्य वही होगा, जहां विकास के साथ प्रकृति का सम्मान भी शामिल हो।

# राज्यपाल ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में ऊर्जा लगाने का किया आह्वान



हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में आयोजित मॉडल संयुक्त राष्ट्र एवं युवा संसद के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में आयोजित मॉडल संयुक्त राष्ट्र और युवा संसद के उद्घाटन सत्र में युवाओं से अपनी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण में लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत एक युवा देश है और युवाओं की रचनात्मकता ही इसे 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को शारीरिक संघर्षों से दूर रहकर वैचारिक संघर्ष में शामिल होना चाहिए ताकि समाज और देश की प्रगति में उनका योगदान सार्थक हो।

राज्यपाल ने हिमाचल के युवाओं की संस्कृति और परंपराओं से जुड़ाव की सराहना करते हुए कहा कि कुल्लू दशहरा जैसे आयोजनों में उनकी भागीदारी हमारी सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच संकल्पों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन्हें अपनाना एक विकसित भारत की दिशा में कदम है।

# शिक्षा मंत्री ने चौपाल में सुनी जनता की समस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



चौपाल पहुंचने पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का गर्मजोशी से स्वागत करते लोग।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर अपने दो दिवसीय चौपाल विधानसभा क्षेत्र प्रवास के दौरान आज चौपाल पहुंचे। उन्होंने विश्राम गृह में स्थानीय नागरिकों और विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य हर क्षेत्र के संतुलित और सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए।

शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र के लोगों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें और विकास कार्यों में पारदर्शिता व गति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनता की भागीदारी से ही विकास की दिशा मजबूत होती है और चौपाल क्षेत्र में जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव रजनीश किमटा, फूड कमीशन के अध्यक्ष डॉ. एसपी कत्याल, पीसीसी सदस्य जगदीश जिंटा, अतिरिक्त महाधिवक्ता आईएन मेहता, निदेशक लैंड मॉर्गेज बैंक देवेंद्र नेगी, उपाध्यक्ष नगर पंचायत चौपाल चंद्र मोहन ठाकुर, कमांडेंट होम गार्ड आरपी नेपटा सहित अनेक अधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शोषण मुक्ति मंच के बैनर तले शुरू होगा प्रदेशव्यापी आंदोलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के ऐतिहासिक कालीबाड़ी सभागार में संयुक्त अनुसूचित जाति संगठनों का राज्य स्तरीय अधिवेशन संघर्ष और एकता की नई मिसाल बना। प्रदेशभर से आए 35 संगठनों के करीब 400 प्रतिनिधियों ने भाग लेकर सामाजिक न्याय की साझा लड़ाई को नया आयाम दिया।

अधिवेशन में दलित समाज के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों को लेकर महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। संचालन जगत राम ने किया जबकि अध्यक्षता सभी संगठनों के नेताओं ने संयुक्त रूप से की। पूर्व विधायक राकेश सिंघा और पूर्व महापौर संजय चौहान ने कहा कि जातिगत उत्पीड़न के खिलाफ एकजुट संघर्ष ही परिवर्तन की दिशा तय करेगा। अधिवेशन में शोषण मुक्ति मंच का गठन किया गया और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी संगठन इसी मंच के बैनर तले प्रदेश में आंदोलन छेड़ेंगे।

आशीष कुमार को मंच का राज्य संयोजक, राजेश कोष और मिन्टा जिंटा को सह संयोजक चुना गया। रोहड़ू और कुल्लू सैंज की घटनाओं पर गहरी चिंता जताते हुए सिकंदर के परिवार को सरकारी नौकरी व मुआवजे की मांग उठाई गई। अब 15 नवंबर तक जिलों में अधिवेशन और 17 नवंबर को राज्यव्यापी प्रदर्शन होंगे।

# रोहित ठाकुर के प्रयासों से जुब्बल-नावर कोटखाई में सड़क विकास का नया युग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के प्रयासों से जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र में सड़क विकास के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आया है। एक समय में यह क्षेत्र खराब सड़कों के लिए बदनाम था, लेकिन आज पक्की सड़कों की शुरुआत जहां होती है, वहां नावर का नाम भी लिया जाता है। एपीएमसी निदेशक पंकज जनारथा, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष दीपक काल्टा, कोटखाई युवा कांग्रेस अध्यक्ष अतुल चौहान, जुब्बल युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत सिथटा, महासचिव अमन चौहान सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान में कहा कि भाजपा शासनकाल में यह क्षेत्र सड़क विकास में उपेक्षित रहा, जबकि अन्य क्षेत्रों को प्राथमिकता मिलती रही।

उन्होंने बताया कि मंत्री रोहित ठाकुर ने अपने मौजूदा कार्यकाल में हर पंचायत में विधायक प्राथमिकता योजना के तहत सड़कों को स्वीकृति दी है। हाल ही में टिक्कर-तुनाधार-शहीद नाथू राम सड़क और कड़ीवन-गालून-उमलाड़वार सड़क के लिए 16.72 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। दो अन्य सड़कों पर कार्य प्रगति पर है। पीएमजीएसवाई फेस-4 में आठ नई सड़कों की स्वीकृति हेतु सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारी आपदा के बावजूद मंत्री के प्रयासों से बागवानों की फसलें मंडियों तक पहुंचीं। ठियोग-हाटकोटी सड़क की खराब हालत के लिए भाजपा जिम्मेदार है, जबकि रोहित ठाकुर ने 2003 से अब तक लगभग 400 करोड़ की परियोजनाएं शुरू कर क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है।





विद्यार्थियों को तकनीक का प्रशिक्षण देते राज्य रेडक्रॉस के लेक्चरर वीरेंद्र बिष्ट।

# नर्सिंग स्टूडेंट्स को सिखाई गई जीवन रक्षक तकनीक

**अनंत ज्ञान, शिमला।** देश भर में मनाए जा रहे सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) जागरूकता सप्ताह (13 से 17 अक्तूबर) के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस शाखा एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी, शिमला के संयुक्त तत्वावधान में शिवालिक नर्सिंग संस्थान, भटाकुफर में सीपीआर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के कुल 55 विद्यार्थियों को जीवन रक्षक तकनीक संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

राज्य रेडक्रॉस के लेक्चरर वीरेंद्र बिष्ट ने प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों को सीपीआर तकनीक का व्यावहारिक प्रदर्शन करते हुए यह बताया कि हृदय गति रुकने, डूबने या अचेत हो जाने जैसी आकस्मिक परिस्थितियों में यह तकनीक किसी व्यक्ति का जीवन बचाने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो सकती है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि ऐसी आपात स्थिति में समय पर सही तकनीक का उपयोग कितना महत्वपूर्ण होता है।

# अनुराग ठाकुर बोले-जनता का भविष्य एनडीए के हाथों सुरक्षित

**अनंत ज्ञान, शिमला**



पटना में जनसभा को संबोधित करते अनुराग ठाकुर।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले पटना, अररिया और सहरसा में एनडीए प्रत्याशियों के नामांकन कार्यक्रम में जनता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार के शासनकाल में बिहार ने विकास की रफ्तार तेज की है और जनता फिर से इस सरकार पर भरोसा जताएगी।

अनुराग ने कहा कि बिहार बुद्ध, चाणक्य और जयप्रकाश नारायण की धरती है, जिसने देश को दिशा दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने सुशासन और विकास की नई कहानी लिखी है। केंद्र सरकार की वित्तीय सहायता से बिहार आर्थिक रूप से समृद्ध हो रहा है और पूर्वी भारत का प्रमुख आर्थिक केंद्र बन रहा है।

उन्होंने बताया कि एनडीए सरकार ने राज्य में 2 नए एयरपोर्ट, 5 एक्सप्रेस-वे, 2 एम्स, पटना मेट्रो, नए रेलवे ट्रैक और 115 नई ट्रेनों का विकास किया है। रेलवे बजट भी 1,132 करोड़ रुपए से बढ़कर 10,066 करोड़ रुपए हो गया है।

सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर में भी तेजी आई है, जहां 90 प्रतिशत राष्ट्रीय राजमार्ग डबल लेन या उससे चौड़े हैं। उन्होंने महिलाओं को पंचायती राज में 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व, सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण और पेंशन वृद्धि जैसे सामाजिक सुधारों का भी जिक्र किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि एनडीए ने अब तक 50 लाख से अधिक रोजगार सृजित किए हैं और बिहार की विकास यात्रा निरंतर जारी है।

# शिमला में चिन्हित स्थानों पर ही होगी पटाखों की बिक्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

दिवाली पर्व को देखते हुए जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त शिमला ने वीरवार को आदेश जारी करते हुए बताया कि शिमला शहर और इसके आसपास के क्षेत्रों में पटाखों और आतिशबाजी की बिक्री केवल अधिसूचित स्थानों पर ही की जा सकेगी। अन्य सभी स्थानों पर पटाखों की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष पटाखों की बिक्री के लिए जिन स्थानों को चिन्हित किया गया है, उनमें आइस-स्केटिंग रिंक शिमला, बालूगंज खेल मैदान (गोपाल मंदिर के सामने), छोटा शिमला की ओर पीडब्ल्यूडी पार्किंग से आगे संजौली, त्रिलोक चंद शॉप के पास खलीनी बाईपास, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ग्राउंड समरहिल, छोटा शिमला से कुसुम्पटी की ओर सड़क पर खुली जगह, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला फागली के पास खुला मैदान, पंचायत ग्राउंड भट्टा कुफ्फार, सेक्टर-6 कंगनाधार न्यू शिमला के पास बस स्टैंड, विकास नगर पुलिस चौकी के पास, नई पार्किंग टुटू और रानी ग्राउंड कुसुम्पटी शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचने के लिए इन स्थानों पर खड़े सभी वाहनों को तुरंत हटा दिया जाना जरूरी होगा। नगर निगम शिमला और लोक निर्माण विभाग द्वारा चिन्हित क्षेत्रों में पटाखों के स्टॉल लगाने की व्यवस्था की जाएगी। वहीं अग्निशमन विभाग सभी स्थानों पर अग्निशमन की पूरी व्यवस्था करेगा ताकि सुरक्षा के सभी मानक पूरे किए जा सकें।

जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल दिवाली मनाएं और चिन्हित स्थलों के अतिरिक्त कहीं भी पटाखों की बिक्री या खरीद-फरोख्त न करें। यह आदेश 16 से 21 अक्तूबर, तक प्रभावी रहेंगे।



स्वदेश लौटने पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया का स्वागत करते हुए लोक लेखा समिति के सभापति अनिल शर्मा और सदस्यगण।

# कुलदीप पठानिया ने लोक लेखा समिति के साथ की विदेश दौरे की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां के स्वदेश लौटने पर वीरवार को विधानसभा परिसर में उनका भव्य स्वागत किया गया। विधानसभा सदस्य एवं लोक लेखा समिति के सभापति अनिल शर्मा ने सदस्यों संजय रत्न, कमलेश ठाकुर, मलेंद्र राजन, केवल सिंह पठानिया, कैप्टन रणजीत राणा और इंद्र सिंह गांधी के साथ अध्यक्ष को उनके कार्यालय कक्ष में गुलदस्ता भेंट कर उनका अभिनंदन किया। स्वागत के अवसर पर सभी सदस्यों ने अध्यक्ष का हार्दिक अभिनंदन करते हुए उनके विदेश प्रवास की सफलतापूर्वक पूर्णता पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने विधानसभा अध्यक्ष के साथ उनके विदेश दौरे से जुड़े अनुभवों और वहां हुई महत्वपूर्ण बैठकों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विदेश दौरे से प्राप्त अनुभव और विचार हिमाचल प्रदेश विधानसभा के कार्य संचालन और पारदर्शिता को और सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होंगे।

# मंदिरों की संपत्ति पर सरकार की नजर, हाईकोर्ट का फैसला आस्था की जीत : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रतिपक्ष के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंदिरों की धनराशि को लेकर राज्य सरकार की मंशा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार की नजर मंदिरों की संपत्तियों पर पहले दिन से टिकी हुई थी।

उन्होंने कहा कि कभी किसी योजना के नाम पर, तो कभी किसी और बहाने से सरकार मंदिरों का पैसा हड़पने की कोशिश करती रही है। भाजपा ने हमेशा इसका विरोध किया और समय-समय पर सरकार की नीयत को लेकर जनता को आगाह किया। उन्होंने कहा कि अब हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा मंदिरों के पैसे को सरकारी उपयोग में लाने पर रोक लगाना स्वागत योग्य फैसला है। यह फैसला सुनिश्चित करेगा कि मंदिरों की धनराशि श्रद्धालुओं की सुविधा, गौसेवा और सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में ही उपयोग हो।

जयराम ने कहा कि कांग्रेस सरकार शुरू से मंदिरों की संपत्तियों को सरकारी खजाने में मिलाने की साजिश रच रही थी। इसी वर्ष 29 जनवरी को प्रदेश सरकार ने सभी उपायुक्तों को पत्र जारी किया था कि मंदिर अपने राजस्व से सरकार के खाते में पैसा जमा करें, ताकि उस धन का उपयोग सुखाश्रय और सुख शिक्षा योजनाओं में किया जा सके। यह सरकार की मंशा का प्रमाण था।

उन्होंने कहा कि लोक कल्याण समिति की बैठक में यह भी सामने आया कि सुखाश्रय योजना के लिए आवंटित बजट का 88 करोड़ रुपये सरकार ने एफडी में डाल रखा है, जबकि लाभार्थियों को कोई विशेष राहत नहीं दी जा रही। उन्होंने कहा कि जब सरकार ने इस वसूली को लेकर झूठ बोला और बाद में पत्र सामने आने पर भी मुकरती रही, तब यह साबित हो गया कि नीयत में खोट है।

जयराम ने कहा कि उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि मंदिरों की आय देवता की संपत्ति है, न कि सरकार की। यह धन अब केवल धार्मिक, शैक्षणिक और धर्मार्थ कार्यों में ही खर्च किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि मंदिर में चढ़ाया गया पैसा देवता का है और सरकार का उस पर कोई हक नहीं।

**कयास** होलीलॉज का मिला समर्थन; सीएम सुक्खू दिल्ली रवाना, संगठन में बढ़ी हलचल

# कुलदीप राठौर हो सकते हैं हिमाचल कांग्रेस के नए अध्यक्ष!

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में संगठन को लेकर चल रही हलचल के बीच ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हाईकमान ने लगभग तय कर लिया है कि प्रदेश कांग्रेस की कमान अब राठौर को सौंपी जाएगी। औपचारिक घोषणा जल्द होने की संभावना है। इसी बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का अचानक दिल्ली रवाना होना इस चर्चा को और प्रबल बना गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष पद पर अंतिम मुहर अब दिल्ली में ही लगनी है।

जानकारी के अनुसार कुलदीप राठौर बीते दो दिनों से दिल्ली में पार्टी नेतृत्व से मुलाकातों में व्यस्त रहे। उन्होंने प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से भेंट की। बताया जा रहा है कि उन्होंने उत्तराखंड प्रभारी के रूप में अपनी रिपोर्ट भी सौंपी है। चर्चा यह भी है कि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से परामर्श के बाद उनके नाम पर सहमति बन चुकी है। अब बस औपचारिक ताजपोशी बाकी है। राठौर आज शाम शिमला लौटने वाले हैं और संभव है कि इस हफ्ते ही नए अध्यक्ष के आदेश जारी हो जाएं।

राठौर को इस बार वीरभद्र परिवार का भी समर्थन प्राप्त बताया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि होलीलॉज ने भी उनके नाम पर हामी भर दी है। यही कारण है कि बीते दिनों जब रजनी पाटिल ठियोग पहुंचीं, तो उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच राठौर की ईमानदारी और संगठनात्मक क्षमता की खुलकर सराहना की। वीरभद्र सिंह की प्रतिमा अनावरण समारोह में भी राठौर को मंच पर प्रमुखता दी गई, जबकि कई कैबिनेट मंत्री नीचे बैठे नजर आए। यह दृश्य अपने आप में राजनीतिक संकेतों से भरा था।

राठौर के अध्यक्ष रहते कांग्रेस ने वह सफलता हासिल की थी, जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। उनके नेतृत्व में हुए चार उपचुनावों में कांग्रेस ने भाजपा का सफाया कर दिया था।

मंडी लोकसभा के साथ अर्की, फतेहपुर और जुब्बल-कोटखाई विधानसभा सीटें कांग्रेस के खाते में आईं। यह जीत उस दौर में मिली, जब देश में मोदी लहर थी और प्रदेश में भाजपा की सरकार सत्ता में थी। चार-शून्य की यह जीत राठौर के कद को नई ऊंचाई दे गई। इसके बाद हाईकमान ने उन्हें ठियोग से टिकट दिया और वे अपने पहले ही विधानसभा चुनाव में विधायक बन गए।

### संभावनाओं के दौर में अटकलों का बाजार गर्म

**हालांकि,** राठौर का नाम अब लगभग तय माना जा रहा है, पर पार्टी सूत्र बताते हैं कि अंतिम क्षणों में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का नाम भी विचाराधीन रह सकता है। यदि रोहित को अध्यक्ष बनाया गया, तो उन्हें मंत्री पद छोड़ना पड़ेगा। रेणुकाजी से विधायक विनय कुमार भी कुछ समय पहले तक दौड़ में थे, जबकि आशीष बुटेल, संजय रत्नी, विनोद सुल्तानपुरी और सुरेश कुमार जैसे नाम भी समय-समय पर चर्चा में आए।

# प्रदेश में महिला कांग्रेस का सदस्यता अभियान तेजी से बढ़ेगा आगे : सुरभि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रभारी सुरभि वर्मा ने कहा कि महिला कांग्रेस के सदस्यता अभियान को हर हाल में पूरा किया जाएगा और अधिक से अधिक महिलाओं को कांग्रेस से जोड़ा जाएगा।

उन्होंने वीरवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में महिला कांग्रेस की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह उनका प्रदेश प्रभारी के तौर पर पहला दौरा है और आने वाले समय में वह प्रदेशव्यापी दौरा कर सभी जिलों और ब्लॉकों में संगठन को और अधिक मजबूत करने का कार्य करेंगी। सुरभि वर्मा ने कहा कि महिला कांग्रेस का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना है ताकि वे समाज और राजनीति में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और निर्णयों को आम महिलाओं तक पहुंचाएं ताकि कांग्रेस की नीतियों से उन्हें अवगत करवाया जा सके।

बैठक के दौरान प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष जैनब चंदेल ने सुरभि वर्मा का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश महिला कांग्रेस अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा दिए गए सभी कार्यक्रमों को सफलता के साथ पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियां कठिन हैं, लेकिन इसके बावजूद महिला कांग्रेस की पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पुराना मटौर, बगली में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल नंबर 2 धर्मशाला के सहायक अभियंता रमेय धीमान ने बताया कि विद्युत लाइनों के सामान्य रखरखाव के चलते 11 केवी बगली फीडर के क्षेत्रों नंदहेड़, पुराना मटौर, घुरकड़ी, बगली, अंसोली, पटौला, घाना, गंग भैरों, गगली, चैतड़ू, बनवाला, मनेड़, मस्तपुर, कंदरेहड़, सराह, लोअर सकोह, पुलिस लाइन सकोह तथा साथ लगते क्षेत्रों में 17 अक्तूबर को प्रात: 9 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। 250 केवीए लोअर दाडी ट्रासफॉर्मर के जरूरी रखरखाव के चलते लोअर दाड़ी, जय शिवनगर, दाड़ी स्कूल के समीप, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के समीप तथा साथ लगते क्षेत्रों में शुक्रवार सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे या कार्य की समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### मोटापा विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** आठवीं राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र पंडोल रोड, बैजनाथ में मोटापा विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता बाल विकास परियोजना पर्यवेक्षक मंगलेश गुलेरिया ने की। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता समीना रीना, रेणु देवी, सहायिका सकीना देवी सहित क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। सोनाक्षी ने अधिक नमक, चीनी और जंक फूड से परहेज की सलाह दी। साथ ही स्थानीय सब्जियों के पोषण मूल्य को समझाते हुए इनके नियमित सेवन पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के लिए जागरूक करना रहा।

### सचिन बने ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष



**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बाबा काशीराम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में सत्र 2025-26 के लिए ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष सचिन सहोत्रा, उपाध्यक्ष शिख, सचिव आदित्य, संयुक्त सचिव ऋतिक संधू व कोषाध्यक्ष सिया को चुना गया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक दविंदर सिंह, डॉ. रामपाल, सहायक प्राध्यापक खेमचंद, सहायक प्राध्यापक पलक सिंह, लाइब्रेरियन सहायक अंजना कुमारी आदि उपस्थित रहे।

### हाईकोर्ट के फैसले का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, जितेन्द्र कौशल, बैजनाथ।** स्वाभिमान पार्टी ने हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा मंदिरों में दान राशि के दुरुपयोग को रोकने संबंधी दिशा-निर्देशों का हार्दिक स्वागत किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव राज सूद ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इससे श्रद्धालुओं द्वारा मंदिरों को दी गई राशि का सही उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि वाहन खरीद, वीआईपी को उपहार और अन्य अनावश्यक खर्चों पर रोक लगाकर वेदों, उपनिषदों और धार्मिक शिक्षा व प्रशिक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इससे धार्मिक आस्था मजबूत होगी और प्राकृतिक आपदाओं में भी कमी आ सकती है। बलदेव सूद ने कहा कि मंदिरों को पर्यटन स्थल बनने से रोकना जरूरी है क्योंकि वे श्रद्धा और भक्ति के केंद्र हैं।

### रैत में अब 28 से 30 तक होंगे साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बाल विकास परियोजना अधिकारी रैत ने बताया कि प्रशासनिक कारणों से 14, 15 और 16 अक्तूबर को होने वाले आंगनबाड़ी सहायिका पदों के साक्षात्कार स्थगित कर दिए गए हैं। अब शाहपुर में 28, कांगड़ा में 29 और धर्मशाला में 30 अक्तूबर को साक्षात्कार होंगे। मुंदला, नेरटी, सनौरा, लांझणी आदि में तीन से कम या कोई आवेदन न मिलने के कारण पुनः आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन 25 अक्तूबर तक कार्यदिवसों में कार्यालय रैत में जमा करवाए जा सकते हैं। आवेदक की योग्यता 12वीं पास, आयु 18 से 35 वर्ष तथा पारिवारिक आय 50 हजार रुपए से कम होनी चाहिए।

### आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा ग्रामीण मंडल की ओर से जिया सामुदायिक भवन में आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और इस मुहिम में प्रत्येक कार्यकर्ता को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए। इस अवसर पर मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### 502 मरीजों ने करवाई स्वास्थ्य जांच



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने एमओ डॉक्टर विजय जरियाल के नेतृत्व में वीरवार को पंचायत नंगल चौंक के शिवालिक इंटरनेशनल कान्वेंट स्कूल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 502 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 490 मरीजों के लैब टेस्ट किए गए और 6 मरीज हड्डियों के रोगी, 2 बीपी के मरीज और 494 साधारण रोगी मरीज पाए गए। लोगों की जांच के बाद रहन-सहन व उचित खानपान के लिए प्रेरित किया गया।

### ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** नाबार्ड और केसीसी बैंक ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परागपुर में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया। शिविर में केसीसी बैंक के सहायक महाप्रबंधक संजीव राणा, गिरीश डोगरा शाखा प्रबंधक देहरा और अंकित मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संजीव राणा ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के टिप्स दिए, जबकि गिरीश डोगरा ने बैंक की डिजिटल सुविधाओं के बारे में चर्चा की और लोगों को जागरूक किया। यह पहल वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने और लोगों को डिजिटल बैंकिंग के बारे में शिक्षित करने के लिए नाबार्ड के प्रयासों का हिस्सा है।

# 400 तकनीकी सहायकों को नियमित से कांटैक्ट पर लाने का किया विरोध

## मुखर हुए तकनीकी सहायक, न्याय न मिला तो सड़कों पर उतरेंगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** सरकार ने राज्य के जिला परिषद में तैनात 400 तकनीकी सहायकों के साथ-साथ मनरेगा के अंतर्गत तैनात ग्राम रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, कनिष्ठ लेखापाल को एक तानाशाही फरमान जारी करते हुए एक एग्रीमेंट साइन करने को कहा जिसके अनुसार मनरेगा कर्मचारियों को अब 30 शर्तों वाला सत्यापित शपथ पत्र जमा करना होगा।

इसमें ग्रामीण विकास विभाग ने स्टैंडर्डाइज्ड कांट्रैक्ट फॉर्म भरने के निर्देश जारी किए हैं। कर्मचारियों को लिखित रूप में स्वीकार करना होगा कि उनकी नियुक्ति अस्थायी, परियोजना-विशिष्ट और संविदात्मक है। यह राज्य सरकार के सिविल पद के अंतर्गत नहीं आती व वे नियमितीकरण, पेंशन, जीपीएफ या अन्य सरकारी लाभों के पात्र नहीं होंगे। प्रदेश तकनीकी सहायक संघ ने ऑनलाइन मीटिंग में सभी तकनीकी सहायकों ने विभाग के इस फैसले की कड़ी निंदा की है और सरकार से फैसले को तुरंत प्रभाव से वापस लेने को मांग को है । संघ की प्रदेश अध्यक्ष संजना वर्मा ने कहा कि विभाग द्वारा अब इन कर्मचारियों को संविदात्मक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के लिए पत्र जारी किया जाना पूर्णत: अनुचित है। यह योजना न केवल कर्मचारियों के वेतन और सेवा सुरक्षा के अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि उनकी वर्तमान नियमित सेवा को अस्थायी और अनिश्चित स्थिति में डालना है, जो किसी भी मानवीय या कानूनी दायरे में स्वीकार्य नहीं है।

**तानाशाही फरमान जारी कर एग्रीमेंट साइन करने को कहा : संजना**

2009 से पंचायत समिति में तकनीकी सहायक के रूप में कार्यरत कर्मचारी, जिन्हें समय समय पर कांटीजेंट और फिर दिहाड़ीदार के रूप में और फिर तय समयसीमा के बाद अब यह नियमित वेतन प्राप्त कर रहे हैं, उनको इस तरह अनुबंध में लाना यह एक अन्यायपूर्ण व्यवहार है। पंचायत समिति में उनके पद समाप्त कर जिला परिषद की तकनीकी विंग में 1205 पद बनाए गए हैं, जिनमें सिर्फ 600 तकनीकी सहायकों को शामिल किया गया है, जबकि लगभग 400 कर्मचारी जो 2008 के बाद जुड़े, उन्हें मनरेगा परियोजना के मटेरियल घटक से वेतन दिया जा रहा है। संघ ने मांग की है कि सभी तकनीकी सहायकों को जिला परिषद से वेतन दिया जाए। संघ सरकार से अपील करता है कि वह तत्काल इस अनुचित नीति को वापस लेकर कर्मचारियों के अधिकारों की सुरक्षा करे एवं कर्मचारियों के हितों को प्राथमिकता दे और तकनीकी सहायकों को चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य न करे।

# सेहल पंचायत में मतदाता सूची में अनियमितताएं उजागर

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**कांगड़ा** जिले के बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र की सेहल पंचायत में मतदाता सूची की जांच के दौरान अनियमितता उजागर हुई है। पंचायत की वोटर लिस्ट में 10 नेपाली मूल के मतदाताओं के नाम दर्ज हैं, लेकिन ये लोग वर्षों से गांव में निवास नहीं कर रहे हैं। इस खुलासे ने स्थानीय प्रशासन और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता प्रश्न चिन्ह लगा संभावित बात है। सेहल पंचायत के वार्ड नंबर 5 में 25 से 30 नेपाली परिवार अस्थायी रूप से रह रहे हैं, जो मूल रूप से नेपाल के निवासी हैं।

स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, वोटर लिस्ट में शामिल कुछ नेपाली मतदाता अब अन्य स्थानों पर चले गए हैं, जो कई बरसों से आप भी यहां पर आते जाते नहीं है, फिर भी उनके नाम मतदाता सूची में बने हुए हैं। ऐसे नामों का जो उस पंचायत में रहते ही नहीं हों मतदाता सूची में होना लोकतंत्र के लिए खतरा है। पंचायत की प्रधान सुषमा देवी ने कहा कि हम इस मामले की गंभीरता को समझते हैं। जांच शुरू कर दी गई है और यदि कोई अनियमितता पाई जाती है, तो इस मामले के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। मतदाता सूची को शुद्ध करने के लिए प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। भविष्य में ऐसी गड़बड़ियों को रोकने के लिए ग्रामीण स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

निर्वाचन कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस शिकायत के बाद विशेष जांच टीम गठित की गई है। हम मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए विशेष अभियान शुरू करेंगे। गलत तरीके से दर्ज नामों को हटाने की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। हम भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन कर रहे हैं।

## स्टूडेंटस ने किया औद्योगिक सह क्षेत्रीय शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के वीवोक (हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म) विभाग के पांचवें सेमेस्टर तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक सह क्षेत्रीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यटन और आतिथ्य उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराना था। यह भ्रमण प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया, नोडल अधिकारी प्रो. नरेश कुमार धीमान एवं प्रशिक्षक तरसेम जरयाल के कुशल नेतृत्व में, एड्यु ब्रिज लर्निंग लर्निंग कंपनी के सहयोग से संपन्न हुआ। सबसे पहले फॉर्चून पार्क मोक्षा, सतोवरी का भ्रमण किया इस दौरान विद्यार्थियों ने सबसे पहले फॉर्च्यून पार्क मोक्ष होटल का दौरा किया, जहां मैनेजर अनिल एवं उनकी टीम ने रेस्टोरेंट, बार, मेनू और सेवा प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों को फाइन डाइनिंग के संचालन की बारीकियां समझाईं। इसके बाद एसिया हेल्थ रिसोर्ट का दौरा इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न मुख्य विभागों का अवलोकन किया और होटल संचालन व ग्राहक सेवा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इसके बाद विद्यार्थियों ने नड्डी के मुख्य व्यू प्वॉइंट का दौरा कर पर्यावरणीय पर्यटन की महत्ता को समझा। इस दौरान उन्होंने विदेशी पर्यटकों से संवाद कर उनके भारत में आतिथ्य अनुभव के बारे में जाना। उसके बाद विद्यार्थियों ने स्थानीय कैफे, पहाड़ी कैंप साइट और कॉटेज/होमस्टे का अवलोकन किया। इस अनुभव से उन्हें सस्टेनेबल टूरिज्म, प्राकृतिक आवास और स्थानीय व्यवसायों के महत्व की जानकारी मिली। विद्यार्थियों ने नड्डी गांव का दौरा किया और स्थानीय निवासियों से मिलकर ग्रामीण जीवनशैली, परंपराएं और पर्यटन में उनकी भागीदारी को समझा।

## वेदांता स्कूल में फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**वेदातां** पब्लिक स्कूल की ओर से वीरवार को अपनी 11वीं फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने विभिन्न पात्रों की भूमिका निभाई और रंग-बिरंगी वेशभूषा में अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न प्रकार के कार्टून पात्रों को प्रदर्शित किया। इससे दर्शकों ने अनोक्षा अनुभव किया। छात्रों देश की विविधता, संस्कृति और एकता का विभिन्न पात्रों के माध्यम से प्रदर्शन किया। साथ ही मनमोहक नृत्य भी पेश किए। अंत में स्कूल प्रबंधक हनुत सिंह जम्वाल ने प्रतियोगिता में प्रथम रहे सभी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित व प्रोत्साहित किया।



## रैत में बनेगा राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल: पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के रैत में राजीव गांधी गवर्नमेंट मॉडल डे बोर्डिंग स्कूल का निर्माण किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने बताया कि विद्यालय के निर्माण पर लगभग 5 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य इन स्कूलों के माध्यम से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा प्रदान करना है। इन मॉडल डे बोर्डिंग स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम, इनडोर स्टेडियम और खेल के मैदान जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि विद्यार्थियों का समग्र विकास हो सके। विधायक पठानिया ने भावुक होकर कहा कि मैं स्वयं इसी स्कूल से पढ़ा हूं, इसलिए रैत में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल की स्थापना मेरे लिए गर्व का विषय है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह स्कूल शाहपुर के बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाएगा।

## नुक्कड़ नाटकों से किया आपदा प्रबंधन बारे जागरूक

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सौजन्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध कलाकारों ने वीरवार को धीरा और मरुंह में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आपदा प्रबंधन पर जागरूकता अभियान चलाया गया। कलाकारों ने गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से स्थानीय लोगों को आपदा से बचाव के महत्वपूर्ण संदेश दिए। कलाकारों ने विशेष रूप से मकान निर्माण से पहले जगह की जांच करवाने और विशेषज्ञ की सलाह लेने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि घर बनाने के लिए मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाने चाहिए और मकान निर्माण के लिए ऐसी जगह का चयन करना चाहिए, जिसकी ढलान 30 से 40 मीटर से ज्यादा न हो। साथ ही नदी-नालों से कम से कम 500 मीटर की दूरी पर ही घर बनाने की सलाह दी गई।

## माजरा नौशहरा चौक में 20.09 ग्राम चिट्टे के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

**जिला** पुलिस नूरपुर की ओर से नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत नशा माफिया के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाते हुए एक नशा तस्कर से 20.09 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस थाना डमटाल के तहत माजरा नौशहरा चौक में गश्त व नाकाबंदी के दौरान संदीप कुमार उर्फ चीकू पुत्र स्व. अवतार सिंह निवासी गांव माजरा डाकखाना छन्नी, तहसील इंदौरा के कब्जे से चिट्टा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना डमटाल में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि उपरोक्त मामले में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। भविष्य में भी नशे के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा।



पुलिस थाना डमटाल में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज।

## सारनू गांव में 50 ग्राम चिट्टे के साथ दो युवक गिरफ्तार

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पुलिस थाना शाहपुर के तहत बुधवार देर रात पठानकोट मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर सारनू गांव में सीआईए टीम ने बोलेरो गाड़ी (एचपी-53बी-9810) की तलाशी के दौरान 50 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने गाड़ी में सवार 2 युवकों रामदास अलियास रामू (36) निवासी गांव, तहसील बैजनाथ व राकेश अलियास सोनू (37) निवासी गांव खलेट डाकघर ठाकुरद्वारा तहसील पालमपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी शाहपुर करतार सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## दंगल मेलों में झलकती है लोक संस्कृति : पराशर

### सवा दो लाख रुपए का योगदान देकर कैप्टन संजय ने बढ़ाया आयोजकों का हौसला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कैप्टन** संजय पराशर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में दशकों से आयोजित हो रहे दंगल मेलों के आयोजन क्षेत्र की प्राचीन विरासत व स्मृद्ध संस्कृति का हिस्सा रहे हैं। कई पीढ़ियों से यह संस्कारों को अगली पीढ़ी में पहुंचाने का माध्यम भी है। वर्तमान में मनोरंजन के साधनों के अतिरिक्त विकल्प मौजूद होने के बावजूद आयोजक तमाम विषम परिस्थितयों के बावजूद हमारी बुजुर्गों की परंपरा को जीवित रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।



धरोहर गांव खन्ना में आयोजित वार्षिक दंगल में कैप्टन संजय पराशर रहे मुख्य अतिथि।

जसवां-परागपुर क्षेत्र के धरोहर गांव खन्ना (गरली) में आयोजित वार्षिक दंगल में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे कैप्टन पराशर ने कहा कि इन दंगल मेलों से प्राचीन संस्कृति की झलक देखने को मिलती रहे और विरासत में मिली परंपरा नई पीढ़ी तक भी पहुंचे, इसके लिए सभी दंगल कमेटी भी बधाई की पात्र हैं। पराशर ने कहा कि इस पहाड़ी क्षेत्र की प्रत्येक परंपरा के साथ हमारा गौरवशाली इतिहास जुड़ा रहा है। हमारी लोक संस्कृति, परंपरा और जीवन-मूल्यों के संवाहक भी हैं। पीढ़ी दर पीढ़ी यह परंपरा न खेल और शक्ति के साथ आपसी भाईचारे, सम्मान और संस्कारों को आगे बढ़ाने का माध्यम भी बनी हुई है। दंगल में पहुंचने पर पराशर का आयोजकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। पराशर ने दंगल कमेटी के सदस्यों को प्रोत्साहन राशि के रूप में सवा दो लाख रुपए का योगदान भी दिया। इस विशाल दंगल में उत्तर भारत के नामी-गिरामी पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। बड़ी माली के विजेता दिल्ली के जोंटी गुर्जर रहे, जबकि मोनू दहिया उपविजेता रहे। दंगल कमेटी द्वारा बड़ी माली के विजेता और उपविजेता पहलवानों को 1,51,000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। इस दंगल में 31,000 रुपए की कुश्ती के तीन, 21,000 रुपए के सात और 11,000 रुपए के लिए तीन मुकाबलों में पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर दंगल कमेटी के प्रधान अनिल ठाकुर, उपप्रधान पवन ठाकुर, सचिव सरूप ठाकुर, कोषाध्यक्ष भजन सिंह, सदस्य सुशील ठाकुर, सुभाष ठाकुर, आनंद चौहान, शशि पाल, कैप्टन सुशांत मोदगिल, सतपाल सिंह, अंशु ठाकुर, अखिल ठाकुर, बलवीर सिंह, रितेश कुमार, आशीष गर्ग और अरविंद शर्मा भी उपस्थित रहे।

**सौगात** विधायक ने सुजा गांव में किया 5. 50 लाख से निर्मित दुर्गा महिला मंडल भवन का लोकार्पण

# बीड़ क्षेत्र के लिए बनेगी पेयजल योजना: किशोरी

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**बीड़** क्षेत्र के लिए 3 करोड़ रुपए की लागत से पेयजल योजना तैयार की जाएगी। पेयजल योजना को स्वीकृति मिल चुकी है और इसका कार्य जल्द आरंभ किया जाएगा। यह बात बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने क्योर एवं चौगान दौरे के दौरान आयोजित जनसभा में कही।



बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने क्योर और चौगान में जनसभाओं को संबोधित किया।

**बोले- योजना पर जल्द कार्य होगा शुरू**

विधायक ने पंचायत क्योर के सुजा गांव में 5 लाख 50 हजार रुपए की लागत से निर्मित दुर्गा महिला मंडल भवन का विधिवत लोकार्पण किया और चौगान में 5 लाख रुपए की राशि से नवनिर्मित लोकमित्र केंद्र का लोकार्पण किया। महिला मंडल भवन लोकार्पण अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

विधायक ने कहा कि लोकमित्र केंद्रों की स्थापना से अब सरकारी सेवाएं ग्रामीणों को उनके घर-द्वार पर ही उपलब्ध हो रही हैं। इन केंद्रों के माध्यम से प्रमाण पत्र, पेंशन, बिजली-पानी के बिल तथा अन्य राजस्व सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होने से लोगों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि उक्त क्षेत्र विश्वविख्यात बीड़-बिलिंग के समीप स्थित है। क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ बुनियादी सुविधाओं का विकास भी राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है।

विधायक ने कहा कि पोलिंग गांव के लिए बस सेवा वाया राजगुंधा जल्द प्रारंभ की जाएगी, जिससे क्षेत्र के लोगों, विद्यार्थियों एवं पर्यटकों को बड़ी सुविधा मिलेगी। यह बस सेवा क्योर गांव से होकर संचालित हो, उसके लिए परिवहन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने चौगान के लिए आने वाली सड़क के सुधार कार्य को शीघ्र आरंभ करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए, ताकि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

## पालमपुर कॉलेज ईको क्लब के स्टूडेंट्स ने किया डंपिंग साइट का दौरा

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** एससीवीबी गवर्नमेंट कॉलेज, पालमपुर की ईको क्लब इकाई के छात्र, उनके संयोजक डॉ.मीनाक्षी ठाकुर ने स्थानीय डंपिंग साइट का दौरा किया, ताकि कचरे के निपटान, अलगाव, रीसाइक्लिंग और पुन: उपयोग की प्रक्रियाओं के बारे में प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त किया जा सके। एमआरएफ (सामग्री वसूली सुविधा) डंप साइट पालमपुर की शैक्षिक यात्रा का उद्देश्य छात्रों के बीच प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना है। कार्यकारी प्राचार्या प्रोफेसर कल्पना ऋषि ने 'अपशिष्ट संग्राहकों' के योगदान को पहचानने और उनका सम्मान करने के महत्व पर ज़ोर दिया, जो लोग पर्यावरण को स्वच्छ और टिकाऊ रखने के लिए अथक प्रयास करते हैं। उन्होंने छात्रों को यह समझने के लिए प्रोत्साहित किया कि कैसे उचित अपशिष्ट प्रबंधन ग्रह की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है।

## इंडिया स्कूल रैंकिंग में प्रताप वर्ल्ड स्कूल कांगड़ा जिले में 2 स्थान पर

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** प्रिंसिपल रेणु परमार व एमडी डॉ. रिचा महाजन व डायरेक्टर डॉ. विशाल महाजन की अध्यक्षता में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का एक और कीर्तिमान स्थापित करते हुए प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा को इंडिया स्कूल रैंकिंग 2025-26 में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है। डॉ. विशाल महाजन ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग में स्कूल को हिमाचल प्रदेश में 11 स्थान और जिला कांगड़ा में 2 स्थान प्राप्त हुआ है।



प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता का एक और कीर्तिमान स्थापित किया।

विद्यालय ने कई मानकों पर श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए यह गौरव प्राप्त किया। शिक्षा में नवाचार: स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म, और प्रोजेक्ट-बेस्ड शिक्षण को प्रभावशाली ढंग से लागू किया गया। एमडी डॉ. रिचा महाजन ने बताया कि सह-पाठ्य गतिविधियां: खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विज्ञान प्रदर्शनी व ओलंपियाड में छात्रों का शानदार प्रदर्शन व समग्र विकास पर बल: केवल अकादमिक नहीं, बल्कि नैतिक, सामाजिक व नेतृत्व विकास पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। इसके साथ ही प्रशिक्षित व प्रेरित शिक्षक वर्ग, आधुनिक अधोसंरचना और अनुशासित प्रशासन विद्यालय की सफलता के मुख्य आधार रहे हैं। प्रिंसिपल रेणु परमार ने बताया कि इस राष्ट्रीय सम्मान से हम गौरवान्वित हैं। यह अवॉर्ड हमारे विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की संयुक्त मेहनत और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। प्रताप वर्ल्ड स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास पर हमेशा से कार्य करता आ रहा है और भविष्य में भी करता रहेगा।

# स्कूल शिक्षा बोर्ड अगले वर्ष से देगा मॉक टेस्ट की सुविधा

## प्रतियोगी परीक्षाओं से पहले बेहतर तैयारी कर पाएंगे युवा, प्रश्नपत्र बैंक तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, अगले वर्ष युवाओं को मॉक टेस्ट की सुविधा उपलब्ध करवाएगा, जो कि फ्री होगी। इसके लिए सॉफ्टवेयर तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है, जिसके पूरा होते ही अगले वर्ष से यह सुविधा, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड में पढ़े युवाओं के लिए जेईई व नीट परीक्षा से पहले मॉक टेस्ट की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। जानकारी के अनुसार स्कूल शिक्षा बोर्ड ने छात्र हित में निर्णय लेते हुए मॉक टेस्ट सुविधा उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया था, जिसके लिए बकायदा प्रश्नपत्र बैंक भी तैयार किया गया है। इस व्यवस्था को स्टूडेंट्स को सुलभ तरीके से उपलब्ध करवाने के लिए सॉफ्टवेयर की जरूरत थी, जिसके लिए बोर्ड ने एक संस्थान को सॉफ्टवेयर डिवेलप करने का कार्य सौंपा था, जो अंतिम चरण में है। गौरतलब है कि स्कूल शिक्षा बोर्ड की पहल से युवा प्रतियोगी परीक्षा के लिए बेहतर तैयारी कर सकेंगे। यह सुविधा छात्रों को अपनी कमजोरियों को पहचानने, समय प्रबंधन में सुधार करने और आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद करेगी।

> सॉफ्टवेयर तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में

छात्र मॉक टेस्ट देकर परीक्षा के प्रारूप को समझ सकेंगे और अपनी रणनीति सकेंगे। मॉक टेस्ट के जरिए युवाओं को पता चलता है कि किस विषय पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। मॉक टेस्ट युवाओं को परीक्षा की समयसीमा के भीतर प्रश्न हल करने का अभ्यास का मौका देता है, जिससे कि वास्तविक परीक्षा में समय का प्रबंधन करना आसान हो जाता है और युवा परीक्षा के पैटर्न, प्रश्नों के प्रकार और कठिनाई स्तर को समझ पाते हैं। उधर, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा का कहना है कि मॉक टेस्ट को लेकर बोर्ड की तैयारी अंतिम चरण में है। अगले वर्ष जेईई व नीट की परीक्षा देने जाने वाले युवाओं को बोर्ड की यह एप्लीकेशन निशुल्क उपलब्ध होगी। मॉक टेस्ट के लिए स्कूल शिक्षा बोर्ड ने प्रश्नपत्र बैंक तैयार कर लिया है। एक संस्था को इस का सॉफ्टवेयर तैयार करने का कार्य दिया गया था, जो कि फाइनल स्टेज पर है।

# स्वच्छता के महत्व पर डाला प्रकाश



राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के वाणिज्य विभाग की ओर से स्वच्छता अभियान का आयोजन किया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**राजकीय** महाविद्यालय धर्मशाला के वाणिज्य विभाग द्वारा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में विभाग के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कक्षाओं के साथ-साथ महाविद्यालय परिसर की भी सफाई की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया, शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला और इस प्रकार के कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की प्रेरणा दी।

अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था। छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया और संकल्प लिया कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखेंगे। यह अभियान न केवल सामुदायिक सहभागिता का उदाहरण बना, बल्कि छात्रों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी सशक्त किया। सभी प्रतिभागियों के सहयोग से यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा।

## हैप्पी बर्थडे



दारू के अश्वनी कुमार को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



मनोह सिहाल की अवनी शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



बैजनाथ व्यापार मंडल के प्रधान मनोज कपूर और शिवानी कपूर को शादी की 25वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# छात्रों ने रोवर्स निपुण कैंप में दिखाई प्रतिभा



भारत स्काउट एंड गाइड ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में प्रतिभागियों ने कार्यशालाओं, प्रतियोगिताओं और सेवा परियोजनाओं में सक्रिय भागीदारी दिखाई और अपनी मेहनत एवं समर्पण का परिचय दिया।

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** भारत स्काउट एंड गाइड ट्रेनिंग सेंटर रिवालसर में 8 अक्तूबर से 14 अक्तूबर तक आयोजित राज्यस्तरीय निपुण टेस्टिंग कैंप में महाविद्यालय के 8 रोवर्स ने भाग लिया और निपुण परीक्षा उत्तीर्ण की। कार्यकारी प्राचार्या प्रोफेसर कल्पना ऋषि तथा डॉ. अजय ठाकुर ने प्रमाण पत्र प्रदान किए।

कार्यकारी प्राचार्या प्रोफेसर कल्पना ऋषि ने कहा कि इस तरह के कैंप छात्रों में चरित्र निर्माण और नेतृत्व कौशल विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रोवर्स लीडर डॉ. रविंदर ठाकुर और रेंजर लीडर प्रोफेसर किरण देवी के मार्गदर्शन में छात्रों ने नेतृत्व, टीम वर्क और समाज सेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस कैंप में व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जिम्मेदारी और आउटडोर सर्वाइवल स्किल्स जैसी गतिविधियां शामिल थीं। प्रतिभागियों ने कार्यशालाओं, प्रतियोगिताओं और सेवा परियोजनाओं में सक्रिय भागीदारी दिखाई और अपनी मेहनत एवं समर्पण का परिचय दिया।

# पालमपुर में श्री सत्य साई यूनिटी रन एंड राइड 26 अक्तूबर को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश श्री सत्य साई सेवा संगठन और फिट इंडिया मूवमेंट के संयुक्त तत्वावधान में साई यूनिटी रन एंड राइड का आयोजन 26 अक्तूबर को प्रात: 9 बजे प्रगति मैदान, पालमपुर में आयोजित किया जाएगा। प्रभारी सुनील देव ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य नागरिकों में स्वास्थ्य, एकता और सेवा भावना को बढ़ावा देना है। 15 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष व महिलाएं नि:शुल्क भाग ले सकते हैं। दौड़ व साइक्लिंग 3 से 5 किलोमीटर की होगी। रेस किट 25 अक्तूबर को कैप्टन विक्रम बत्रा स्टेडियम में वितरित की जाएगी।

# विदेशी और स्थानीय लोगों में कहासुनी, पुलिस ने किया चालान

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज।** पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत टिप्पा रोड पर ट्रैफिक जाम लगने के दौरान गाड़ियों को आगे पीछे करने को लेकर विदेशियों व स्थानीय लोगों में कहासुनी होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस के अनुसार टिप्पा रोड में ट्रैफिक जाम के दौरान हुई कहासुनी ने हंगामे का रूप ले लिया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका पर पहुंचकर इस विवाद को सुलझाते हुए व्यवस्था को सुचारू करवाया। वहीं कार्रवाई के तौर पर पुलिस एक्ट के तहत 3-3 हजार रुपए का चालान किया। मामले की पुष्टि एएसपी कांगड़ा आदिति सिंह ने की है।

# बोर्ड ने प्रश्नपत्र निर्माण में अपनाई नई प्रणाली : डॉ. राजेश

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में 80 विषय विशेषज्ञों को दिया प्रशिक्षण



शिक्षा बोर्ड ने शिक्षा की गुणवत्ता और प्रश्न पत्र निर्माण में एकरूपता लाने की दिशा में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शिक्षा की गुणवत्ता और प्रश्न पत्र निर्माण में एकरूपता लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया।

यह कार्यशाला 14 से 16 अक्तूबर तक धर्मशाला में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेशभर के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 80 विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में मानविकी समूह के प्रश्न पत्र तैयार करने संबंधी नई पद्धति पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञों को ब्लूम वर्गीकरण के आधार पर बहु विकल्पीय प्रश्न, निशुल्क प्रतिक्रिया प्रश्न और माार्किंग स्कीम तैयार करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। डॉ. राजेश शर्मा का कहना है कि नई पद्धति से न केवल परीक्षाओं में पारदर्शिता और गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में भी सुधार होगा। बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया गया कि इस पहल का उद्देश्य शिक्षण और मूल्यांकन प्रणाली को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाना है।

# आपदा प्रबंधन कार्यशाला के दूसरे दिन गहन चर्चा



तीन दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम के दूसरे दिन आपदा प्रबंधन पर गहन चर्चा की गई।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पृथ्वी** एवं पर्यावरण विज्ञान स्कूल केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कांगड़ा की ओर से संयुक्त तौर पर आयोजित त्रिदिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम के दूसरे दिन आपदा प्रबंधन पर गहन चर्चा की गई। कार्यशाला के दूसरे दिन का प्रारंभ आचार्य चांग हूंग ली, ताइवान के व्याख्यान से हुआ। इसके उपरांत आचार्य अमरीश महाजन, डीआरडीओ साइंटिस्ट अनंत नारायण भट्ट, सह आचार्य डॉ. अंकित टंडन, केंद्रीय विश्वविद्यालय जम्मू, आचार्य तेजपाल सिंह, केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा एवं आचार्य संदीप पांडेय, गुजरात आपदा प्रबंधन संस्थान ने जलवायु परिवर्तन एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित विषयों पर प्रतिभागियों से चर्चा की। कार्यशाला का संचालन आचार्य दीपक पंत के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम के सह समन्वयक डॉ. अरुण कुमार, डॉ अरुण धवन व डॉ. रितंभरा उपाध्याय की सहभागिता रही।

# धर्मशाला में नौ नवंबर को होगा सीडब्ल्यूई द ग्रेट खली शो

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** महामाया कीर्ति इंटरनेशनल के बैनर तले धर्मशाला में 18 अक्तूबर को होने वाला सीडब्ल्यूई द ग्रेट खली शो अब नौ नवंबर को होगा। धर्मशाला में होने वाले इस बड़े इवेंट को लेकर इन दिनों तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। रेसलिंग के इस बड़े इवेंट के आयोजकों को धर्मशाला ही नहीं प्रदेश भर से जबरदस्त रेस्पॉन्स मिल रहा है। वहीं युवाओं में भी रेसलिंग को लेकर जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। इस इवेंट में भारत सहित अन्य देशों के कुल 40 से अधिक रेसलर हिस्सा लेंगे। ऐसे में धर्मशाला में दर्शकों को एक शानदार रेसलिंग इवेंट देखने को मिलेगा। इवेंट कॉर्डिनेटर अमित कुमार ने बताया कि 18 अक्तूबर से हिंदुओं के सबसे बड़े पर्व धनतेरस और दीपावली का त्योहार है। ऐसे में महामाया कीर्ति इंटरनेशनल ने आप सभी के द्वारा किए जाने वाले सेलिब्रेशन व उक्त इवेंट को मिल रही सफलता को ध्यान में रखते हुए अब इस इवेंट को नौ नवंबर 2025 को करवाने का निर्णय लिया है।



# रंगों से दिया नशा मुक्त भारत का संदेश

**अनंत ज्ञान, गरली**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परागपुर (बाल) में वीरवार को नशा मुक्त भारत अभियान और आपदा जोखिम न्यूनीकरण के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इन गतिविधियों ने विद्यार्थियों में जागरूकता के साथ-साथ समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपने रंगों और सृजनशीलता के माध्यम से नशा मुक्त भारत का सशक्त संदेश दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा कौशल ने छात्रों की रंगोलियों की सराहना करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर अपने जीवन को सार्थक दिशा में आगे बढ़ाना चाहिए। नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, पूरे परिवार और समाज को खोखला कर देता है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों अमन कुमार, अनिल कुमार और कनिका सूद ने बच्चों को मार्गदर्शन दिया और उन्हें नशा मुक्त जीवन के लाभों के बारे में बताया।



नशा मुक्त भारत अभियान व आपदा जोखिम न्यूनीकरण के तहत कार्यक्रम आयोजत किए।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व पर्यवेक्षकों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आठवें राष्ट्रीय पोषण माह के समापन समारोह के उपलक्ष्य पर जिला स्तरीय जागरूकता शिविर एवं कार्यशाला का आयोजन बाल विकास परियोजना अधिकारी सभागार रैत में किया गया। जागरूकता शिविर की शुरुआत मुख्यातिथि जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने की। जागरूकता शिविर के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी अधिकारी रैत निर्मला देवी द्वारा अपने स्वागत संबोधन में मुख्यातिथि सहित आए सभी अधिकारिओं व प्रतिभागियों का स्वागत किया व पोषण माह के दौरान की गई गतिविधियों का ब्योरा दिया गया। इसके बाद मुख्यातिथि अशोक शर्मा ने एक शिशु को अन्नप्राशन संस्कार करवाया गया व गर्भवती महिला की गोद भराई रस्म करवाई गई। इस पहल का उद्देश्य समाज मे बाल पोषण के महत्व को रेखांकित करना और माताओं को संदेश देना था कि जीवन के आरंभिक वर्षों में बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। पोषण अभियान मे अच्छा प्रदर्शन करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व पर्यवेक्षकों को जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सम्मानित भी किया गया अंत मे पोषण अभियान से जुड़ी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

# गरली से उठी स्वदेशी दीपावली की हुंकार

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** जब बाजार चीनी झालरों की चमक में डूबे हैं, तब गरली पंचायत प्रधान शशिलता ने स्वदेशी दीपावली की मशाल थाम ली है। उन्होंने न केवल चाइनीज लाइट्स, आतिशबाजी और सजावटी सामान का खुला बहिष्कार किया, बल्कि अपने कदमों से भी उदाहरण पेश करते हुए पूरी तरह भारतीय उत्पादों से दीपोत्सव मनाने का ऐलान किया है। शशिलता का कहना है कि हर बार हम घर रोशन करते हैं, इस बार देश को रोशन करें। स्वदेशी दीपक की लौ में हर भारतीय की मेहनत चमकती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्थानीय दुकानदारों, कुम्हारों और छोटे कारोबारियों से ही खरीददारी करें ताकि उनके घरों में भी खुशियों की रोशनी फैले। प्रधान शशिलता ने कहा कि स्वदेशी अपनाओ, चीन को पीछे हटाओ सिर्फ नारा नहीं, बल्कि एक आर्थिक क्रांति की शुरुआत है। उन्होंने बताया कि कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के स्वदेशी क्रय आह्वान से प्रेरित होकर उन्होंने यह पहल की है, ताकि त्योहार की असली रौनक हमारे ही देश में बनी रहे।



# वॉलीबाल की विजेता टीम को बांटे पुरस्कार

## डरोह स्कूल में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का समापन



डरोह स्कूल में एनएसएस शिविर में संजय सिंह चौहान ने की बतौर मुख्य अतिथि शिरकत।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चैयरमैन संजय सिंह चौहान वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यामिक पाठशाला डरोह में एनएसएस के एक विशेष शिविर में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उन्होंने वॉलीबाल की विजेता टीम को पुरस्कार वितरित किए तथा उन्हें बधाई दी।

संजय सिंह चौहान ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और उन्हें खेलकूद क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू सरकार द्वारा खेलकूद क्षेत्र में जो भी विकासशील योजनाएं बनाई जा रही हैं, उनके बारे में विस्तृत रूप में बताया। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी अभी जोनल स्तर पर खेल रहे हैं, वे आगे उपमंडल स्तर की तैयारी करें, उसके बाद जिला, प्रदेश और नेशनल स्तर के लिए अपने को तैयार करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि खिलाड़ी जिस भी स्तर की तैयारी करें, प्रदेश सरकार उनकी हर प्रकार से मदद करेगी। चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना में जो विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भागीदारी दर्ज करवाई, वे सराहनीय है, जिसके लिए उनके अध्यापक भी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे चिट्टा के विरुद्ध अपने साथियों, छोटी कक्षा के बच्चों अपने गांव, मुहल्ले में लोगों और साथियों को नशाखोरी के खिलाफ अभियान चलाएं और जनता को भी जागरूक करें।

**खेलकूद**

## शाहपुर महाविद्यालय में किया 'लिखणु' एवं 'लुक्कड़ी' प्रतियोगिता का आयोजन

# गायन कला स्पर्धा में वंशिका व सलोनी प्रथम

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में हिंदी एवं संगीत विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतर महाविद्यालय 'लिखणु' (अल्पना) एवं 'लुक्कड़ी' (गायन कला) प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि सेवानिवृत्त प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी दत्ता रहीं। डॉ. दत्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लिखणु और लुक्कड़ी कांगड़ा की प्राचीन सांस्कृतिक परंपराएं हैं, जिनमें शुभ प्रतीकात्मक चिह्न बनाए जाते हैं, जिन्हें 'मंदलु' भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवन की भागदौड़ में हम अपनी सांस्कृतिक जड़ों को भूलते जा रहे हैं। अत: इस प्रकार के आयोजन हमारी लोक विरासत को जीवित रखने का सशक्त माध्यम हैं।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने मुख्य सलाहकार डॉ. सुरेंद्र अत्रि, संयोजक डॉ. सतीश ठाकुर, तथा सह-संयोजक प्रो. आशा शर्मा को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, सांस्कृतिक चेतना और अपनी जड़ों से जुड़ाव की भावना का विकास करते हैं। इस कार्यक्रम में डॉ. सरिता, डॉ. संजीव पुरी, डॉ. बेबी, डॉ. भावना, डॉ. श्रुति, डॉ. केशव, डॉ. सुशीला शर्मा, डॉ. शिवानी, प्रो. शिल्पा, प्रो. साक्षी व वीर सिंह उपस्थित रहे। लुक्कड़ी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां की वंशिका एवं सलोनी, द्वितीय स्थान शहीद विक्रम बतरा महाविद्यालय पालमपुर की सुनाक्षी एवं नीलम, तृतीय स्थान राजकीय महाविद्यालय रिड़कमार की कशिश एवं मीनाक्षी ने प्राप्त किया। प्रोत्साहन पुरस्कार राजकीय महाविद्यालय लंज की महक एवं स्वाति कौंडल तथा राजकीय महाविद्यालय मटौर की साक्षी एवं सलोचना को प्रदान किए गए। लिखणु प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शहीद विक्रम बत्रा महाविद्यालय के हेमंत किशोर, द्वितीय स्थान राजकीय महाविद्यालय मटौर की शालिनी, तृतीय स्थान राजकीय महाविद्यालय शाहपुर के आदर्श ने हासिल किया। प्रोत्साहन पुरस्कार राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां की रितिका और क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला की प्रिया को दिए गए।



लंज कॉलेज की महक एवं स्वाति कौंडल और मटौर कॉलेज की साक्षी व सलोचना को प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया।

# समालखा में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के सान्निध्य में होगा निरंकारी समागम

**अनंत ज्ञान, गगल।** 31 अक्तूबर से तीन नवंबर तक चलने वाला निरंकारी समागम समालखा में 78वां समागम सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज और राजपिता रमित के पावन सान्निध्य में आयोजित होने जा रहा है। कांगड़ा ब्रांच के संयोजक महात्मा दीनानाथ और प्रेस प्रभारी स्वरूप कुमार, कांगड़ा जोन के प्रभारी डॉक्टर केसी धीमान ने बताया कि इस संत निरंकारी समागम में हिमाचल से हजारों साद संगत सतगुरु माता का आशीर्वाद लेने समालखा में जाएगी। इस समागम में भारतवर्ष से ही नहीं विभिन्न विभिन्न देशों की साद संगत हर वर्ष सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज का आशीर्वाद लेने पहुंचती है। उन्होंने कहा कि सतगुरु माता अक्षर अपने विचारों में यही समझाते हैं कि तन-मन-धन से की गई सेवा सदैव ही सर्वोत्तम कहलाती है जिससे हमारा सर्वत्र रूप में कल्याण होता है। समागम में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की उपस्थिति में भक्तों को दर्शन और आशीर्वाद दिया जाता है।

# मंडी भराड़ी में 3 करोड़ 25 लाख रुपए से बनेगा आधुनिक बस स्टैंड

## राज्य की सुक्खू सरकार ने दी मंजूरी, परियोजना की टेंडर प्रक्रिया भी शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर के मंडी भराड़ी क्षेत्र में बस स्टैंड निर्माण की बहुप्रतीक्षित योजना को राज्य सरकार ने मंजूरी प्रदान कर दी है। इस परियोजना के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 3 करोड़ 25 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इस राशि से बस स्टैंड का निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ किया जाएगा। निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। हिमुडा बोर्ड के सदस्य जितेंद्र चंदेल ने बताया कि गोबिंदसागर झील के किनारे स्थित मंडी भराड़ी आने वाले वर्षों में एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित होगा। यह क्षेत्र न केवल वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों के लिए जाना जाएगा, बल्कि चंडीगढ़–मनाली फोरलेन से भी जुड़ने के कारण यह एक प्रमुख जंक्शन के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड निर्माण के साथ–साथ क्षेत्र में आवश्यक वे–साइड एमेनिटीज (सड़क किनारे सुविधाएं) भी विकसित की जाएंगी, जिससे यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं जैसे पार्किंग, विश्राम कक्ष, पेयजल, शौचालय, फूड कोर्ट उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि मंडी भराड़ी क्षेत्र में बस स्टैंड के निर्माण से न केवल स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी, बल्कि पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय स्वसहायता समूहों से जुड़े लोगों के लिए दुकानें विकसित की जाएंगी, जिससे उन्हें प्रत्यक्ष रूप से आय और रोजगार के अवसर मिल सकेंगे।

### जितेंद्र चंदेल ने जताया सरकार का आभार



**जितेंद्र** चंदेल ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री तथा जिला बिलासपुर के नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे लोगों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त यातायात व्यवस्था उपलब्ध हो सके।

### टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स भी बनाया जाएगा

**उपायुक्त** राहुल कुमार की मानें तो मंडी भराड़ी में टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा, जिसमें आधुनिक रेस्टोरेंट और पर्यटकों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा गोबिंद सागर झील के किनारे आकर्षक घाट, सेल्फी प्वाइंट और मनोरंजन स्थल विकसित किए जाएंगे। क्षेत्र में आवाजाही सुगम बनाने के लिए फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण भी प्रस्तावित है। इसके साथ ही यहां ग्लास ब्रिज और रोपवे प्रोजेक्ट भी स्थापित किए जाएंगे, जिससे बिलासपुर को पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी, जो पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि परियोजनाओं का कार्य शीघ्र ही शुरू होगा।

# कोलका सड़क पर एचआरटीसी की बस चलाए प्रदेश सरकार

**अनंत ज्ञान, बरठीं**

ग्राम पंचायत गंडीर के गांव कोलका में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने समस्याएं सुनीं। इस दौरान स्थानीय लोगों ने उनके समक्ष कई समस्याएं रखीं। लोगों ने कहा कि कोलका संपर्क सड़क को मुख्य सड़क से गांव तक लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत किया जाए। साथ ही इस सड़क पर हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस भी चलाई जाए। इसके अलावा संपर्क सड़क के शुरू में नाले पर पुली है, जोकि बरसात के कारण क्षतिग्रस्त हो रही है, इसका विस्तार किया जाए। भीषण बरसात के कारण टूटी हुई सड़क का प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द नवीनीकरण करवाए जाए। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि जल्द से जल्द इन समस्याओं का समाधान किया जाए, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। विवेक कुमार ने लोगों को सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि लोगों द्वारा जो मांगें रखी गई हैं, उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आपदा के समय बेहतर कार्य किया गया है। आपदा में हुआ नुकसान किसी से छिपा नहीं है, लेकिन फिर भी प्रदेश सरकार ने बेहतर कार्य किया है और आम जनता को राहत प्रदान की है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि योजनाओं का लाभ उठाएं। विवेक ने कहा कि झंडूता क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। सरकार के सहयोग से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इस दौरान लेखराम शर्मा, धनीराम शर्मा, सुखदेव शर्मा, रमेश शर्मा, रामकृष्ण शर्मा, विजय कुमार पूर्व उप्रधान, सूबेदार राजेंद्र सिंह, राकेश शर्मा, जगदीश चंद, लेखराम, यशवंत सिंह नंबरदार, कुलदीप सिंह, इकवाल मुहम्मद, देसराज शर्मा, देवदत्त शर्मा, राम प्रकाश, राम आसरा, लेखराम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**ग्रामीणों ने कांग्रेस कमेटी के महासचिव विवेक कुमार के समक्ष रखी मांग**

# जलशक्ति विभाग के टैंक पानी से भरे, पर लोगों के नल सूखे

## पंजगाई में पेयजल संकट गहराने से ग्रामीणों में भारी गुस्सा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिले के सदर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत पंजगाई में पिछले एक महीने से जारी पेयजल संकट से ग्रामीणों में भारी गुस्सा है। नलों में पानी न आने से लोगों को रोजाना कई किलोमीटर दूर से पानी ढोना पड़ रहा है। समस्या इतनी गंभीर हो चुकी है कि अब ग्रामीणों का सब्र जवाब देने लगा है। ग्राम पंचायत प्रधान हेमराज सिमर ने बताया कि विभाग द्वारा बनाए गए पानी के टैंक भरे होते हैं, फिर भी लोगों तक पानी नहीं पहुंच रहा।

उन्होंने आरोप लगाया कि रात के समय कुछ लोग अपने घरों की ओर सप्लाई मोड़ देते हैं, जिससे सुबह तक टैंक खाली हो जाते हैं। बार–बार शिकायत करने के बावजूद विभाग ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। जल शक्ति विभाग के अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा बिछाई गई पाइपलाइन पर मिट्टी का ढेर फेंके जाने से पाइप दबकर टूट गई थी, जिसकी मरम्मत का कार्य जारी है। उन्होंने दावा किया कि पाइपलाइन जुड़ते ही सप्लाई सामान्य कर दी जाएगी।

### समस्या हल नहीं हुई तो देंगे धरना

**प्रधान** हेमराज सिमर और उपप्रधान रविकांत शर्मा ने विभाग को चेतावनी दी है कि अगर जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीण विभागीय कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या केवल तकनीकी नहीं, बल्कि विभागीय लापरवाही और निगरानी की कमी का परिणाम है। अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या विभाग समय रहते इस संकट को दूर कर पाएगा या फिर ग्रामीणों को सड़कों पर उतरना पड़ेगा।

# कांग्रेस ने जनता को अकेला छोड़ा : रणधीर

## सरकार पर राहत कार्यों में सुस्ती और लापरवाही बरतने का लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा ने प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में इस वर्ष आई प्राकृतिक आपदा को सरकार ने बेहद हल्के में लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार न तो आपदा प्रभावितों की पीड़ा समझ पाई और न ही राहत पहुंचाने में संवेदनशीलता दिखाई।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष राज्य में 300 लोगों की मौत, 50 लोगों के लापता होने, 1,700 मकानों के पूर्ण रूप से ढहने, 7,500 के आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने और लगभग 8,500 पशुशालाओं के ध्वस्त होने की घटनाएं दर्ज की गई हैं। शर्मा ने कहा कि इतने बड़े नुकसान के बावजूद राहत कार्यों में बेहद सुस्ती और लापरवाही बरती जा रही है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि सरकार एक तरफ आपदा को राष्ट्रीय आपदा बताकर पंचायत चुनाव स्थगित करने की बात कर रही है, वहीं राहत केवल मंडी जिले तक सीमित कर दी गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर राहत राशि का सही वितरण नहीं किया गया तो भाजपा प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ेगी। इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल और मीडिया प्रभारी सोनल शर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, 'जब पूरा प्रदेश आपदा की मार झेल रहा था, तब कांग्रेस के बड़े नेता हिमाचल आना जरूरी नहीं समझते थे, लेकिन वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण और छुट्टियां बिताने के लिए तुरंत पहुंच गए।'



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते रणधीर शर्मा।

### केंद्र से भेजे 5,300 करोड़ रुपए कहां गए?

**रणधीर** शर्मा ने बताया कि जिन लोगों के घर पूरी तरह तबाह हो गए हैं, उन्हें सरकार ने मात्र 1.30 लाख की राहत दी, जबकि इस मद में 7 लाख रुपए दिए जाने का प्रावधान है। उन्होंने सवाल उठाया कि केंद्र सरकार द्वारा भेजी गई 5,300 करोड़ रुपए की राहत राशि आखिर गई कहां?

# महिलाओं ने लिया फास्ट फूड बनाने का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर द्वारा महिलाओं को फास्ट फूड बनाने का 12 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में स्वयं सहायता समूहों तथा बीपीएल परिवारों से 25 महिलाएं शामिल हुईं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में यूको आरसेटी के निदेशक अजय कुमार शर्मा ने सभी प्रतिभागी महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस मौके पर उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों से आह्वान किया कि वे स्वरोजगार के तौर पर फास्ट फूड मेकिंग के व्यवसाय से जुड़ कर अपनी आजीविका कमा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा चलाया जा रहा है तथा जिला के बेरोजगार ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए कई गतिविधिओं में निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करता है, जिसका बहुत से युवाओं ने लाभ उठाया है।



**यूको आरसेटी ने करवाया प्रशिक्षण कार्यक्रम**

### बैंकिंग जानकारी भी दी

**महिलाओं** को बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई, जिनमें अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, विभिन्न बीमा योजनाएं तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली योजनाएं जैसे मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) और अन्य ऋण सुविधाएं शामिल हैं। संस्थान ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के लोगों को ड्रेस डिजाइनिंग, ब्यूटी पार्लर, रेशम कीट पालन, मशरूम उत्पादन, दुग्ध उत्पादन, बैग निर्माण, खिलौना निर्माण, कंप्यूटर बेसिक्स, मोटर ड्राइविंग आदि का प्रशिक्षण देता है। संस्थान का यह प्रयास महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

# भाजपा एससी मोर्चा ने की मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बिलासपुर जिला कार्यकारिणी के साथ ही सभी मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है। मोर्चा के जिला अध्यक्ष बेलीराम टैगोर ने बताया कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ सलाह–मशविरा करने के बाद रोशनलाल को सदर, जयलाल को बिलासपुर, बेसरिया राम को घुमारवीं, सुखदेव को भराड़ी, रामकृष्ण को लोअर नयनादेवी, राजेश कुमार को अप्पर नयनादेवी, सोहनलाल जसवाल को झंडूता तथा देशराज को शाहतलाई मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा जिला कार्यकारिणी में रमेश चंद्र, बाबूराम, तरसेम लाल व प्रेमचंद उपाध्यक्ष, लेखराम कौल व शेर सिंह महामंत्री, महेंद्र बंसल, जीतराम, नानक चंद, गुलाबूराम व रोशनलाल सचिव, केहर सिंह कोषाध्यक्ष, जयप्रकाश मीडिया प्रभारी, देशराज सह मीडिया प्रभारी तथा रामलाल सांख्यान कार्यालय सचिव बनाए गए हैं।

# दिव्यांग बच्चों ने बनाईं रंग बिरंगी मोमबत्तियां और दीये

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

चेतना संस्था विजयपुर और बिलासपुर के विशेष शिक्षा केंद्रों के बौद्धिक दिव्यांग बच्चों ने अपने शिक्षकों की मदद से दीपावली के लिए दीये, मोमबत्तियां, रुई बत्तियां, मालाएं और उपहार पैक तैयार किए। इन हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी जिले के विभिन्न स्कूलों जैसे डीएवी स्कूल बिलासपुर, बरमाणा, शिवा इंटरनेशनल घुमारवीं और झंडूता स्कूल में लगाई गई। संस्था की संस्थापिका डॉ. मल्लिका नड्डा ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों के हुनर की सराहना की। प्रशासनिक अधिकारी कश्मीर सिंह ठाकुर ने बताया कि इन बच्चों द्वारा बनाई गई मोमबत्तियां इस दीपावली घर–घर में उजियारा फैलाएंगी। चंडीगढ़ और आसपास के लोग भी इन मोमबत्तियों को खरीदने पहुंच रहे हैं और बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा कर रहे हैं।

# सरकार से नाराज पेंशनर्स आज करेंगे धरना–प्रदर्शन

## केवल तीन प्रतिशत डीए की घोषणा की, पुराना 16 प्रतिशत डीए अभी भी लंबित : चेतराम वर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदेश सरकार से नाराज पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति 17 अक्तूबर को बिलासपुर जिला मुख्यालय पर विशाल धरना–प्रदर्शन करेगी। इसमें पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, एचआरटीटीसी, विद्युत बोर्ड, रिटायर्ड जेबीटी शिक्षक और अन्य विभागीय संगठनों के पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। संयुक्त संघर्ष समिति के कार्यकारी अध्यक्ष चेतराम वर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में पेंशनरों का 11 हजार करोड़ रुपए का वित्तीय लाभ लंबित है, जिसमें महंगाई भत्ता (डीए) की किस्तें भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने हाल ही में केवल तीन प्रतिशत डीए की घोषणा की, जबकि पुराना 16 प्रतिशत डीए लंबित है, जिसे पेंशनर स्वीकार नहीं कर रहे।

वर्मा ने बताया कि सेप्टंबर में भी धरना प्रदर्शन किया गया था, लेकिन सरकार ने अब तक कोई कदम नहीं उठाया। उन्होंने सभी जिलों के पेंशनरों से अपील की कि वे 17 अक्तूबर को धरना–प्रदर्शन में शामिल हों और किसी भी सरकारी बहकावे में न आएं।



पत्रकारों को संबोधित करते हुए संघर्ष समिति के अध्यक्ष चेतराम वर्मा।

# न्यूज ब्रीफ

### मंत्री धर्माणी ने जाना डॉ. बाबूराम का कुशलक्षेम

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी वीरवार को पूर्व विधायक डॉ. बाबूराम गौतम के निवास स्थान पर पहुंचे। उन्होंने डॉ. बाबू राम गौतम का स्वास्थ्य संबंधी कुशलक्षेम पूछा। मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि डॉ. बाबूराम गौतम ने जनसेवा और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि बतौर विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों के उत्थान, जन कल्याण के साथ-साथ संपूर्ण विकास में अहम योगदान रहा है। उन्होंने ईश्वर से डॉ. बाबू राम गौतम के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

### पेंशनर्स ने डीए के लिए सीएम का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला बिलासपुर (हि.प्र) के प्रधान जगदीश दिनेश, महासचिव नरोत्तम धीमान, वरिष्ठ उपप्रधान कर्मदेव गौतम, प्रदेश महासचिव ठाकुर हुक्म सिंह, प्रदेश वरिष्ठ उपप्रधान लेख राम कौंडल, प्रदेश मुख्य सलाहकार जगदीश नड्डा, संगठन सचिव गोपाल शर्मा, उपप्रधान अश्विनी शर्मा,सलाहकार प्रकाश चंद ठाकुर, प्रेस सचिव चैन सिंह सुमन, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश जोषी,मुख्यालय सचिव सुमन शर्मा, खंड प्रधान बीरबल धीमान, चमन ठाकुर, सुनील शर्मा वजयकृष्ण शर्मा, खंड सचिव इंद्र सिंह ढटवालिया, रवि चंद शर्मा, सुखदेव चंदेल व राम प्रकाश वर्मा, जिला उपप्रधान सदाराम ठाकुर, ओंकार ठाकुर आदि ने तीन प्रतिशत डीए देने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया है और साथ में अनुरोध किया है कि जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के मध्य सेवानिवृत्त पेंसनर्स के छठे वेतन आयोग के एरियर शीघ्र भुगतान किया जाए।

### डीए की अधिसूचना भ्रम पैदा करने वाली : इंद्र

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर महासंघ ने सरकार द्वारा जारी महंगाई भत्ते (डीए) संबंधी अधिसूचना को भ्रम पैदा करने वाली बताया है। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष इंद्र ठाकुर ने कहा कि अधिसूचना में तीन प्रतिशत डीए वृद्धि का उल्लेख है, जबकि पिछली चार-चार प्रतिशत की दो किस्तों पर चुप्पी साधी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि अफसरशाही मुख्यमंत्री को गलत आंकड़े दिखाकर उन्हें कठिनाई में डाल रही है। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार की तर्ज पर डीए लागू करते हुए नई अधिसूचना जारी की जाए, अन्यथा आंदोलन की स्थिति बन सकती है। इंद्र ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुक्खू से अनुरोध किया कि 1 जनवरी, 2016 से 31 जनवरी 2022 तक सेवानिवृत्त लगभग 48,000 पेंशनरों का बकाया, छठे वेतनमान की छुट्टियां, ग्रेच्युटी और डीए किश्तों का भुगतान शीघ्र किया जाए। उन्होंने कहा कि महंगाई भत्ता पेंशन और वेतन का अविभाज्य हिस्सा है, जिसे टालना अनुचित है।

### किसानों को दी लहसुन की खेती की जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के अंतर्गत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई बिलासपुर के माध्यम से बहाव सिंचाई परियोजना कोठी बताला-ज्योरा एवं उठाऊ सिंचाई परियोजना कमलोटा में लहसुन की प्रदर्शनी लगाई गई। यह प्रदर्शनी कृषि अधिकारियों की देख-रेख एवं तकनीकी मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस बारे जानकारी देते हुए खंड तकनीकी प्रबंधक सदर बिलासपुर पवन कुमार ने बताया कि परियोजना कोठी बताला-ज्योरा के अंतर्गत 16 किसानों तथा परियोजना कमलोटा में 3 किसानों को आधा-आधा बीघा क्षेत्र में लहसुन की प्रदर्शनी हेतु चयनित किया गया। प्रत्येक किसान को 20 किलोग्राम प्रमाणित लहसुन बीज ( किस्म जीएचसी-एक) प्रदान किया गया। कृषि अधिकारियों ने किसानों को लहसुन की उन्नत खेती की तकनीकों, जैसे बीज उपचार, बुआई, सिंचाई, कीट एवं रोग प्रबंधन, खाद उपयोग, कटाई और भंडारण की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को फील्ड में लहसुन की रोपाई का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को फसल विविधीकरण एवं अधिक उत्पादन के लिए प्रेरित करना है।

### सत्य व कर्तव्य के मार्ग पर चलने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी।** डीएवी स्कूल श्री नयना देवी जी में दशहरा और दिवाली पर्व पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों ने भजन, नृत्य, रामायण पर आधारित नाट्य प्रस्तुति और पपेट शो के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। रिद्धिमा के भाषण और रावण दहन आकर्षण का केंद्र रहे। प्राचार्य डॉ. हरीश शर्मा ने विद्यार्थियों को सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन डीएवी गान के साथ हुआ।

### सीपीआर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी।** राजकीय महाविद्यालय श्री नयना देवी जी में रेड क्रॉस क्लब के तत्वावधान में सीपीआर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। गृह रक्षा विभाग के कंपनी कमांडर गुरुदेव चंद और गृह रक्षक राजेश कुमार ने छात्रों को जीवनरक्षक तकनीक का प्रशिक्षण दिया। कार्यकारी प्राचार्य पंकज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सीपीआर की विधि का व्यावहारिक अभ्यास किया। इस मौके पर प्रो. सुभाष, डॉ. अजय चौहान, प्रो. साक्षी और विकाश शर्मा उपस्थित रहे।

### बिलासपुर कॉलेज परिसर से हटाया कचरा

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के पत्रकारिता एवं जनसंचार तथा पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर के पिछले क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया। छात्रों ने मिलकर झाड़ियों की सफाई और कचरा हटाकर परिसर को स्वच्छ बनाने का कार्य किया। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान जिम्मेदारी और टीम भावना को बढ़ाते हैं। अभियान का संयोजन डॉ. नवेंदु और प्रो. पदम के मार्गदर्शन में किया गया।

### लोगों ने अपने पैसों से शुरू किया सड़क निर्माण

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी।** श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र की पंचायत खरकड़ी व सलोआ के लोगों ने बरसात में क्षतिग्रस्त कनफारा-भटेड सड़क को अपने संसाधनों से दुरुस्त करने का कार्य शुरू किया है। लोक निर्माण विभाग की अनदेखी से तंग आकर ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से सड़क निर्माण का बीड़ा उठाया। कांग्रेस नेता आदित्य गौतम ने मौके पर पहुंचकर आर्थिक सहायता दी और कहा कि सड़क का प्रस्ताव नाबार्ड के तहत पूरा हो चुका है तथा मामला मुख्यमंत्री और विभाग के समक्ष उठाया गया है। ग्रामीणों ने उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### नुक्कड़-नाटक कर बताए तंबाकू के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में एड्स एवं तंबाकू मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. संजय कुमार ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में स्वास्थ्य विभाग से दीपचंद और कमल कुमार ने एड्स व तंबाकू जनित बीमारियों से बचाव संबंधी जानकारी दी। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर तंबाकू व नशे के दुष्प्रभावों पर संदेश दिया और तंबाकू छोड़ो, जीवन जोड़ो के नारे लगाते हुए रैली भी निकाली। डॉ. संजय कुमार ने युवाओं से नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आयोजन रेड रिबन क्लब और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। अंत में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए और 'तंबाकू मुक्त भारत' की शपथ दिलाई गई।

# सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त होगा झंडूता

## विकास खंड में सिंगल यूज प्लास्टिक कचरा संग्रहण अभियान का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

विकास खंड झंडूता में वीरवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत डोर–टू–डोर सिंगल यूज प्लास्टिक कचरा संग्रहण अभियान का शुभारंभ किया गया। एसडीएम झंडूता अर्शिया शर्मा ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर अभियान की औपचारिक शुरुआत की। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी संजीव पुरी, खंड समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन रमेश कुमार और कई पंचायतों के प्रधान एवं उपप्रधान मौजूद रहे। बता दें कि बिलासपुर हिमाचल प्रदेश का पहला जिला है, जहां ग्रामीण क्षेत्रों में डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण की सुविधा शुरू की गई है। हरी झंडी मिलने के बाद कचरा संग्रहण वाहन झंडूता के विभिन्न बाजारों में घूमा, जहां स्थानीय दुकानदारों और ढाबा संचालकों ने प्लास्टिक बोतलों, रैपरों सहित सिंगल यूज प्लास्टिक कचरे को वाहन में डाला।

इसके बाद वाहन गांवों की ओर रवाना हुआ, जहां घर–घर से प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया जाएगा। एसडीएम अर्शिया शर्मा ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों को स्वच्छ और सुंदर बनाना है, ताकि गांव शहरों की तरह साफ–सुथरे और पर्यावरण अनुकूल बन सकें। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस मुहिम में सक्रिय सहयोग दें। वहीं, बीडीओ स्वारघाट संजीव पुरी ने बताया कि विकास खंड झंडूता की सभी 42 पंचायतों में प्लास्टिक कचरे को डोर टू डोर एकत्रित करने की योजना लागू की जाएगी। एकत्रित प्लास्टिक कचरे को ग्राम पंचायत सुन्हाणी में स्थापित प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट में ले जाया जाएगा, जहां इसे प्रोसेस करने के बाद सीमेंट कंपनी को भेजा जाएगा। उन्होंने सभी ग्राम पंचायत प्रधानों से आह्वान किया कि वे इस अभियान में आगे बढ़कर भागीदारी निभाएं और अपने क्षेत्रों को प्लास्टिक मुक्त बनाने में योगदान दें। यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन के तहत पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और रीसाइक्लिंग को बढ़ावा मिलेगा।

**एसडीएम अर्शिया शर्मा ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**चेतावनी** तंबाकू नियंत्रण जिला समिति की बैठक में डीसी ने दिलाई तंबाकू से दूर रहने की शपथ, कहा–

# शिक्षण संस्थानों के आसपास तंबाकू बेचने पर होगी सजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण समिति की बैठक वीरवार को उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, हितधारकों तथा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपायुक्त ने तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का औपचारिक शुभारंभ करते हुए उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों को तंबाकू सेवन से दूर रहने की शपथ दिलाई। उपायुक्त ने कहा कि तंबाकू सेवन एक गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्या है, जो न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि समाज पर भी इसके दुष्प्रभाव छोड़ती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को इस बुरी लत से दूर रखना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यही देश का भविष्य हैं। तंबाकू से होने वाले कैंसर, हृदय रोग और श्वसन संबंधी बीमारियों के खतरे को देखते हुए जागरूकता फैलाना अब सामाजिक जिम्मेदारी बन गई है।

उन्होंने बताया कि तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के अंतर्गत जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों, पंचायतों और शहरी निकायों में व्यापक जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। पोस्टर अभियान, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक, जन संवाद, रैलियां और अन्य रचनात्मक माध्यमों के जरिये युवाओं एवं आम नागरिकों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति संवेदनशील बनाया जाएगा।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि शिक्षण संस्थानों के आसपास तंबाकू बेचने वाले दुकानदारों तथा बच्चों को तंबाकू उत्पाद बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि खुली सिगरेट बेचने वालों पर चालान काटे जाएं और इस तरह की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। उपायुक्त ने पब्लिक प्लेस पर धूम्रपान करने वालों पर सख्त कार्रवाई के लिए पुलिस विभाग और स्क्वाड टीमों को बड़े स्तर पर चालान करने के निर्देश दिए। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों को तंबाकू मुक्त पंचायत घोषित करने और सभी शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त संस्थान बनाने के लिए ठोस एवं समन्वित प्रयास किए जाएं।

बैठक में डीसी के अलावा अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, राज्य कर एवं आबकारी विभाग, नगर परिषद, पुलिस विभाग और अन्य संबंधित संस्थानों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पोषण स्वस्थ जीवनशैली का आधार : डीसी



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय आईटीआई बिलासपुर में राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि पोषण केवल भोजन तक सीमित नहीं, बल्कि यह स्वास्थ्य, ऊर्जा और जीवनशैली से जुड़ा है। उन्होंने युवाओं से संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वच्छता अपनाने की अपील की ताकि कुपोषण और एनीमिया जैसी समस्याओं को समाप्त किया जा सके। कार्यक्रम में जिला रेडक्रॉस की ईशा भी विशेष अतिथि रहीं। इस दौरान सही पोषण-देश रोशन थीम पर भाषण, नारा लेखन और पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को उपायुक्त ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, आईटीआई स्टाफ और छात्र उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्लॉक किसान कांग्रेस डलहौजी-2 (सलूणी) का गठन

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** हिमाचल किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सोहन वर्मा ने ब्लॉक किसान कांग्रेस डलहौजी-2 (सलूणी) के अध्यक्ष चमन लाल के नेतृत्व में ब्लॉक किसान कांग्रेस डलहौजी-2 (सलूणी) का गठन किया, जिसमें उपाध्यक्ष पद पर कंठ राम, अमर सिंह, अजगर, मुश्ताक मुहम्मद, हंसराज, ठाकुर सिंह, शीला देवी, केशर सिंह, महासचिव पद पर हिमराज, कोषाध्यक्ष दुनी चंद, सचिव अजय कुमार, विक्रम कुमार, सुरेश कुमार, मोहन लाल, श्ताजदीन, जीवन, जर्म सिंह, रत्न चंद, शफी मुहम्मद, रसालू राम, देश राज व सह सचिव पद पर विंदरो, नंद लाल, रवि कुमार, गुलजार, ताजदीन, भोटू, थानेश, धनवीर सिंह, धर्म सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। यह जानकारी डॉक्टर दिनेश कुमार हिमाचल किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चंबा ने प्रेस के नाम जारी एक बयान में दी। उन्होने बताया कि जिला चंबा के सभी विधानसभा क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से बड़े व दुर्गम होने के कारण प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम दो ब्लॉक किसान कांग्रेस के बनाए जा रहे है, ताकि संगठन का काम पदाधिकारीगण सुगमता से कर पाए। इसी कड़ी मे डलहौजी विधान सभा क्षेत्र मे भी ब्लॉक किसान कांग्रेस के दो खंड डलहौजी-उक व डलहौजी-2 (सलूणी) बनाए गए हैं।

### मंदिरों चढ़ावे पर नहीं चलेगी सरकार की मनमानी: विहिप

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के प्रांत अध्यक्ष डॉ. केशव वर्मा ने प्रेस वार्ता कर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा दो दिन पूर्व दिए गए निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने मंदिरों के चढ़ावे के दुरुपयोग पर रोक लगाते हुए स्पष्ट किया है कि यह धन श्रद्धालुओं द्वारा धार्मिक श्रद्धा से अर्पित किया जाता है और इसका उपयोग केवल सनातन संस्कृति, मंदिरों के रख-रखाव, वेद-पुराणों के प्रचार, योग, आयुर्वेद, संस्कृत व धर्मशालाओं जैसी सेवाओं में होना चाहिए। डॉ. वर्मा ने कहा कि विहिप लंबे समय से इस मुद्दे पर संघर्ष कर रही है और अब यह निर्णय मंदिरों की मुक्ति की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने मांग की कि मंदिरों को सरकारी अधिग्रहण से मुक्त किया जाए अन्यथा संतों के नेतृत्व में बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा।

### विकास में नहीं चलेगी लापरवाही : मंत्री नेगी

**अनंत ज्ञान, पांगी (चंबा)।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में किलाड़ में परियोजना सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्थानीय विधायक डॉ. जनक राज, विभागीय अधिकारी और समिति सदस्य मौजूद रहे। मंत्री ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि आवंटित बजट का पूर्ण उपयोग समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से हो, ताकि योजनाओं का लाभ जल्द आमजन तक पहुंचे। बैठक में बताया गया कि सोलर फेंसिंग पर 25 लाख रुपये खर्च कर 15 किसानों को लाभ दिया गया। साथ ही धरती आभा कार्यक्रम के अंतर्गत 18 जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। नेगी ने स्वास्थ्य विभाग में आयुर्वेदिक स्टाफ की तैनाती और शिक्षा विभाग को पुर्थी स्कूल में शिक्षकों की अनुपस्थिति पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। मनरेगा में हर इच्छुक को नियमानुसार रोजगार देने और जल शक्ति विभाग को मिंधल माता मंदिर जलापूर्ति योजना शीघ्र शुरू करने के आदेश दिए। लाडा फंड से एक एंबुलेंस की स्वीकृति और अग्निशमन विभाग को उपकरण देने की भी मंजूरी दी गई।

### दीपावली पर सिर्फ ग्रीन पटाखे ही मान्य : एसडीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सलूणी।** दीपावली पर्व के मद्देनजर एसडीएम सलूणी कार्यालय ने पटाखों की बिक्री को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पर्यावरण संरक्षण और जन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री की अनुमति दी गई है, वह भी निर्धारित स्थानों पर ही। वैध बिक्री स्थलों में मेला ग्राउंड, सलूणी, एनएचपीसी ग्राउंड, सुरंगानी, सुंदला ग्राउंड, पुलिस स्टेशन किहार के समीप, मेला ग्राउंड, तेलका और मेला ग्राउंड, भलेई है। हर विक्रेता को ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए वैध लाइसेंस लेना होगा। इच्छुक विक्रेता अपना आवेदन एसडीएम कार्यालय, सलूणी में कार्य दिवसों पर जमा कर सकते हैं। विक्रेताओं को सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करना होगा। बिना लाइसेंस या अवैध स्थानों पर बिक्री करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जुर्माना और सामान की जब्ती शामिल है। प्रशासन ने जनता से आग्रह किया है कि वे केवल लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही ग्रीन पटाखे खरीदें और स्वस्थ, सुरक्षित एवं प्रदूषण रहित दीपावली मनाएं।

# सुल्तानपुर वार्ड में प्रस्तावित कूड़ा संयंत्र के विरोध में भड़की जनता

## उपायुक्त चंबा को सौंपा आपत्ति पत्र, आंदोलन और कानूनी कार्रवाई की दी चेतावनी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

सुल्तानपुर वार्ड (नगर परिषद चंबा क्षेत्र) में प्रस्तावित कूड़ा/वेस्ट प्रोसेसिंग संयंत्र स्थापित करने के निर्णय के खिलाफ क्षेत्र के लोगों में तीव्र रोष व्याप्त हो गया है। वार्ड के स्थानीय निवासियों एवं दुकानदारों ने इस निर्णय को जनविरोधी, पर्यावरण विनाशकारी तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बताते हुए उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि सुल्तानपुर क्षेत्र पूर्णत: आवासीय और घनी आबादी वाला इलाका है, जहां करीब चार हजार से अधिक नागरिक निवास करते हैं। ऐसे क्षेत्र में कूड़ा संयंत्र स्थापित करना पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 एवं स्वच्छ भारत मिशन के दिशा-निर्देशों का खुला उल्लंघन है। निवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि इस प्रस्ताव को तैयार करते समय न तो किसी प्रकार की जनसुनवाई की गई और न ही कोई सार्वजनिक सूचना जारी की गई, जिससे यह पूरा निर्णय पारदर्शिता और जनहित से परे प्रतीत होता है।

ज्ञापन में कहा गया कि नगर परिषद या ठेकेदारों द्वारा पहले से ही रावी नदी किनारे और सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से कचरा और प्लास्टिक फेंका जा रहा है, जो प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिनियम का सीधा उल्लंघन है।

**नागरिकों की प्रमुख मांगें**

**प्रस्तावित** कूड़ा संयंत्र योजना को तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाए।
ज़ संबंधित अधिकारियों की विभागीय जांच शुरू की जाए।
अवैध कचरा फेंकने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। इस विषय पर सार्वजनिक जनसुनवाई और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन रिपोर्ट अनिवार्य रूप से कराई जाए।

**आंदोलन की चेतावनी**

**सुल्तानपुर** वार्ड के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि सात कार्यदिवसों के भीतर प्रशासन की ओर से ठोस कार्रवाई या लिखित उत्तर नहीं मिला, तो वे उपायुक्त कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन, हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल करने और संबंधित विभागों व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को कानूनी नोटिस भेजने के लिए बाध्य होंगे।

निवासियों ने कहा कि यह ज्ञापन प्रशासन को जनता की ओर से अंतिम चेतावनी के रूप में दिया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उपायुक्त चंबा जनभावना का सम्मान करते हुए पर्यावरण और जनहित की रक्षा के लिए शीघ्र एवं सकारात्मक निर्णय लेंगे।

# मंत्री जगत सिंह नेगी ने किया कुलाल सड़क निर्माण का शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, चंबा**


मंत्री जगत सिंह नेगी कुलाल सड़क का शिलान्यास करते हुए।

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने जनजातीय उपमंडल पांगी के शौर गांव में 74 लाख रुपए की लागत से बनने वाली कुलाल सड़क का शिलान्यास किया। इस सड़क से 200 से अधिक ग्रामीणों को परिवहन सुविधा मिलेगी, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

अपने चार दिवसीय पांगी प्रवास के दौरान मंत्री ने विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों की समीक्षा की और जनसुविधाओं के सुदृढ़ क्रियान्वयन पर बल दिया। उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आश्रम साच, थांदल रोड, प्राथमिक विद्यालय थांदल और आयुर्वेदिक चिकित्सालय थांदल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस दौरान उन्होंने राजकीय प्राथमिक विद्यालय पूरथी और शहीद दीनानाथ ठाकुर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों व शिक्षकों से संवाद किया। साथ ही, शहीद दीनानाथ ठाकुर स्मारक पर पुष्पांजलि भी अर्पित की।

मंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पूरथी का भी निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मिंधल माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की और मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य, शौचालय व पेयजल सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एचपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर, वूल फेडरेशन सदस्य बीरू राणा, टीएसी सदस्य, बीडीसी अध्यक्ष आशा किरण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## तीसा में प्लेसमेंट ड्राइव में 24 अभ्यर्थी हुए चयनित



**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार कार्यालय चंबा के सौजन्य से एसओईई तीसा में एकदिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस रोजगार मेले में कुल 30 अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई, जिनमें से 24 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करना था, ताकि वे अपने कौशल के अनुरूप कार्य प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें। जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रोजगार कार्यालय द्वारा समय-समय पर ऐसे कैरियर उन्मुख प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि दूरदराज क्षेत्रों के युवा भी रोजगार के अवसरों से वंचित न रहें। उन्होंने कहा कि यह प्लेसमेंट ड्राइव तीसा जैसे दुर्गम क्षेत्र में युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक कदम साबित हुई है।

## चंबा में शिक्षक सशक्तिकरण की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, चंबा**


शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते उपायुक्त मुकेश रेपसवाल।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने वीरवार को नीति आयोग, चंबा जिला प्रशासन और भारती एयरटेल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नीति आयोग से ओएसडी शिक्षा लेफ्टिनेंट कर्नल जितेंद्र वर्मा और एससीईआरटी की प्राचार्य डॉ. रजनी संख्यान वर्चुअली शामिल हुए।

उपायुक्त ने कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षकों की पेशेवर क्षमताओं को मजबूत करने और शिक्षण को अधिक रोचक, प्रभावी व सहभागितापूर्ण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने शिक्षकों को देश के भविष्य के निर्माता बताते हुए कहा कि विकसित भारत का सपना केवल विकसित पीढ़ियों से ही साकार हो सकता है। उन्होंने 'दी टीचर ऐप' के माध्यम से हर महीने केवल दो घंटे समर्पित करने को सीखने की प्रभावी प्रतिबद्धता बताया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का राज्यस्तरीय विस्तार चंबा में इसकी सफलता पर निर्भर करता है, इसलिए शिक्षकों को जिम्मेदारी और समर्पण से कार्य करना होगा। कार्यक्रम में एयरटेल फाउंडेशन के प्रवीण कुमार ने पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। बलवीर सिंह, अमित तनेजा, समरदीप सिंह और संदीप कुमार ने भी ऐप से संबंधित जानकारी साझा की। चंबा जिले के 15 खंडों के शिक्षक, उपनिदेशक भाग सिंह, विकास महाजन और उमाकांत आनंद भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम बहु-कक्षीय शिक्षण, मूलभूत साक्षरता व संख्यात्मकता पर केंद्रित है, और इसका लक्ष्य शिक्षकों का डिजिटल सशक्तिकरण है।

## 100 स्वच्छता कर्मियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में नगर परिषद द्वारा स्वच्छता कर्मियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था इन कर्मियों के समर्पण से ही संभव हो पाती है। उपायुक्त ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी देते हुए कहा कि मात्र 20 रुपए के प्रीमियम पर 2 लाख रुपए तक का बीमा लाभ प्राप्त किया जा सकता है, जो आकस्मिक हालात में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने स्वच्छता कर्मियों से अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया और उन्हें शैक्षणिक योजनाओं में पंजीकरण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में 100 स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और कहा कि जिला प्रशासन सदैव उनके साथ है। वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी राखी कौशल ने 'स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। प्रबंधक रुचि महाजन ने सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में पार्षदगण व अनेक स्वच्छता कर्मी उपस्थित रहे।

## चौरासी व्यापार मंडल ने की सड़क और नेटवर्क सुधार की मांग

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** चौरासी व्यापार मंडल भरमौर की त्रैमासिक बैठक गुरुवार को होटल चौरासी में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ सदस्य टेक चंद ठाकुर ने की। मंडल के अध्यक्ष रंजीत शर्मा ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग-154 की खस्ता हालत पर चिंता जताते हुए कहा कि मणिमहेश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। उन्होंने प्रशासन और सरकार से सड़क और मोबाइल नेटवर्क सुधार के लिए समय रहते जरूरी कदम उठाने की मांग की। व्यापार मंडल ने ट्राइबल क्षेत्र में तबादला नीति के सख्त पालन की मांग करते हुए कहा कि स्थानांतरित अधिकारियों के स्थान पर नए कर्मी नहीं आ रहे, जिससे लोगों को दिक्कत हो रही है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आपदा के दौरान निशुल्क सेवा देने वाले व्यापारियों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में नरेश वर्मा, आजाद जरियाल, महेंद्र पटियाल, पप्पू ठाकुर सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक से लोगों को बताए आपदा से सुरक्षा के उपाय

**अनंत ज्ञान, चबा**

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के साथ संबद्ध कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक व गीत संगीत के माध्यम से पुखरी और चम्बा चौगान नंबर-2 में नाट्य दलों के द्वारा आपदाओं से सुरक्षा हेतु आवश्यक उपाय के बारे में लोगों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

इस दौरान नाट्य दल के कलाकारों ने भूकंप से जीवन रक्षा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भूकंपीय झटके महसूस होने पर शांत रहें व हड़बड़ी न करें, यदि आप भीतर हैं तो खिड़कियों व शीशे के दरवाजों आदि से दूर रहें और बाहर हो तो भवनों, वृक्षों, टेलीफोन व बिजली के खम्बों तथा तारों से दूरी बनाए रखें। इस दौरान कलाकारों ने भूकंप के दौरान और भूकंप के उपरांत ध्यान रखने बाली विभिन्न बातों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अग्निकांड से बचाव हेतु जानकारी देते हुए बताया कि छोटी-छोटी लापरवाहियों व दुर्घटनाओं के चलते आग भीषण रूप ले लेती है जिससे जान-माल का बहुत नुकसान होता है। उन्होंने आग से स्वयं की रक्षा, आग संबंधी दुर्घटनाओं को रोकने तथा उससे सावधान व सुरक्षित रहने के बारे में बताया।



कलाकारों ने लोगों को भूस्खलन को लेकर अवगत करवाते हुए बताया कि भूस्खलन भूगर्भीय हलचलों व अतिवृष्टि के चलते ढलानों पर से भारी मात्रा में चट्टानों व मिट्टी के खिसकने से ही भूसंखलन होता है जिससे जान-माल के अलावा विकासात्मक कार्यों का व्यापक स्तर पर नुकसान होता है। उन्होंने भूस्खलन से बचने तथा जान माल को क्षति से बचने के लिए हमेशा तैयार व जागरूक रहने का संदेश दिया तथा भूस्खलन के दौरान व भूस्खलन के उपरांत ध्यान में रखने वाली विभिन्न बातों के बारे में भी जानकारी दी।

## दीपावली मांडव हिम ईरा आजीविका मेले में पहाड़न स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी की इंदिरा मार्केट में चल रहे दीपावली मांडव हिम ईरा आजीविका मेले को लोगों का भरपूर समर्थन और सहयोग मिल रहा है। बड़ी संख्या में लोग दीपावली की खरीदारी के लिए मेले में पहुंच रहे हैं। मेले के दूसरे दिन सराज क्षेत्र की आपदा प्रभावित महिलाओं द्वारा लगाया गया पहाड़न नामक स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस स्टॉल में महिलाओं ने अपने हाथों से तैयार किए गए हैंडलूम उत्पाद और अन्य वस्त्र बिक्री के लिए रखे हैं।


दीपावली मांडव हिम ईरा आजीविका मेले में पहाड़न स्टॉल।

मेले में भाग ले रही बगस्याड क्षेत्र की महिला प्रवीण शर्मा ने बताया कि इस बार की प्राकृतिक आपदा में सराज क्षेत्र की अनेक महिलाएं प्रभावित हुई थीं। उन्होंने कहा कि इस स्टॉल से प्राप्त होने वाला लाभ आपदा प्रभावित परिवारों में वितरित किया जाएगा, ताकि वे आर्थिक रूप से फिर से सशक्त हो सकें। प्रवीण शर्मा ने यह भी कहा कि यह मेला हमारे लिए आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम है। जब हमारे उत्पादों को लोग पसंद करते हैं, तो हमें विश्वास होता है कि हम फिर से अपनी जिंदगी को संवार सकते हैं। दीपावली मांडव हिम ईरा आजीविका मेला 19 अक्तूबर तक इंदिरा मार्केट मंडी में आयोजित किया जा रहा है। इसमें जिले के विभिन्न विकास खंडों के स्वयं सहायता समूह अपने हस्तनिर्मित उत्पादों और स्थानीय व्यंजनों की बिक्री कर रहे हैं।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में खेलों में दिखा जोश


खिलाड़ी सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर में 13 से 16 अक्तूबर तक अंतर सदन खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन नेहरू युवा केंद्र मंडी के सहयोग से संस्थान की प्रधानाचार्या नवीन कुमारी की अध्यक्षता में हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. रविंदर कौंडल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को बधाई दी और युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन जीने का आग्रह किया।

प्रतियोगिता में छह सदनों डिस्कवरी, हार्मनी, लेगेसी, यूनिटी, स्पिरिट और करेज ने भाग लिया। महिला वर्ग में कबड्डी, वॉलीबॉल और बैडमिंटन में डिस्कवरी विजेता रहा, जबकि खो-खो में लेगेसी ने जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में वॉलीबॉल व खो-खो में लेगेसी, बैडमिंटन में करेज तथा कबड्डी में यूनिटी विजयी रहा। डॉ. कौंडल ने आयुर्वेद को प्रोत्साहित करते हुए प्रशिक्षुओं को अश्वगंधा के पौधे वितरित किए। प्रधानाचार्या नवीन कुमारी ने सभी स्टाफ व नेहरू युवा केंद्र की टीम का आभार व्यक्त किया।

## घर की छत पर सोलर पैनल लगाने पर 40 प्रतिशत की मिलेगी सब्सिडी : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आज चौगान नंबर-2 में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह योजना प्रारंभ की गई है। इसके अंतर्गत पात्र उपभोक्ताओं को घर की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र (रूफटॉप सोलर पैनल) लगाने पर आकर्षक सब्सिडी और ऋण सुविधा प्रदान की जा रही है।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत एक किलोवाट क्षमता के संयंत्र पर 33,000, दो किलोवाट पर 66,000 और तीन किलोवाट तक के संयंत्र पर 85,800 रूपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। साथ ही बैंकों के माध्यम से छह प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण सुविधा भी उपलब्ध है। इच्छुक लाभार्थी pmsuryaghar.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या विद्युत विभाग, हिमऊर्जा या किसी भी प्राइवेट वेंडर जिसमें चम्बा के एक मात्र शर्मा ट्रेडर्स, भद्रम से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा संयंत्र से उत्पन्न अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में बेचकर आमदनी भी प्राप्त की जा सकती है, जिसके लिए विद्युत विभाग 1.62 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली की खरीद करता है।

उपायुक्त ने बताया कि चंबा जिले में अब तक लगभग 200 लोग इस योजना का लाभ उठा चुके हैं, जिनमें से 150 लाभार्थियों को 1 करोड़ 29 लाख की सब्सिडी दी जा चुकी है। उन्होंने लोगों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया तथा संबंधित विभागों को पांगी और भरमौर जैसे दूरदराज क्षेत्रों में भी योजना से संबंधित जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उपायुक्त ने वर्तमान में योजना का लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थियों को सम्मानित किया। साथ ही, योजना के अंतर्गत सर्वाधिक ऋण सुविधा उपलब्ध कराने पर एसबीआई चम्बा, एसबीआई परेल और पीएनबी जुलाखड़ी शाखा प्रबंधकों को भी सम्मानित किया।

## चौंतड़ा में क्रिकेट प्रतियोगिता 14 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के चौंतड़ा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय पंचायत क्रिकेट प्रतियोगिता चौंतड़ा कप 2025 सीजन-3 का आयोजन 18 अक्तूबर को चौंतड़ा मैदान में किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में शारदा ज्योतिष निकेतन, जोगिंद्रनगर के निदेशक एवं हस्त विशेषज्ञ कैप्टन पंडित लेखराज शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित होंगे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति इस प्रतियोगिता को विशेष सम्मान प्रदान करेगी। आयोजकों ने सभी क्रिकेट प्रेमियों और खेल उत्साही दर्शकों को इस ऐतिहासिक आयोजन का साक्षी बनने के लिए सादर आमंत्रित किया है। चौंतड़ा कप का यह तीसरा सीजन खेल कौशल, प्रतिस्पर्धा और उत्साह से भरपूर होने की पूरी उम्मीद है। आयोजक उम्मीद कर रहे हैं कि दर्शक और खिलाड़ी दोनों ही इस आयोजन के रोमांचक और मनोरंजक क्षणों का भरपूर आनंद लेंगे।

**जानकारी** अस्पताल स्टाफ को अग्नि सुरक्षा और बचाव के सिखाए उपाय

# नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा में मॉकड्रिल

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, चंबा में आज आपदा प्रबंधन समिति के तत्वावधान में अग्निशमन विभाग एवं गृहरक्षक विभाग के सहयोग से अग्नि सुरक्षा मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। यह अभ्यास कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता की देख-रेख में संपन्न हुआ।

अग्निशमन विभाग के दौलत राम (एलएफएम), लेखराज (एलएफएम), बाबू राम, दीपक तथा बीटीसी सरू चंबा की टीम ने शिशु रोग वार्ड और अस्पताल परिसर में अग्निकांड की स्थिति में किए जाने वाले बचाव एवं राहत कार्यों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, प्रशिक्षु चिकित्सकों, सुरक्षाकर्मियों और अन्य कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में त्वरित और सुरक्षित कार्रवाई के तरीकों की जानकारी दी गई। टीम ने उपस्थित कर्मियों को यह सिखाया कि आपात स्थिति में घबराए बिना कैसे मरीजों, उनके परिजनों और स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।


पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा में मॉकड्रिल में उपस्थित कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता व अन्य।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता ने कहा कि अग्नि सुरक्षा मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य अस्पताल के समस्त कर्मचारियों को आगजनी जैसी आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के लिए जागरूक और तैयार करना है। आए दिन देशभर में अस्पतालों में आग लगने की घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिनमें कई बार जनहानि होती है। ऐसे हादसों से बचाव के लिए इस प्रकार की मॉक ड्रिल का आयोजन अत्यंत आवश्यक है, ताकि संकट की स्थिति में मरीजों और उनके परिजनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जालम भारद्वाज, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय यादव, अन्य डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, सुरक्षाकर्मी तथा अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित रहे। अभ्यास के अंत में सभी प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी मॉकड्रिल से अस्पताल की आपातकालीन तैयारी, समन्वय और सुरक्षा प्रणाली को और सशक्त बनाया जा सकता है।

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

मुकद्दमा न. 96/NT/25
तारीख पेशीः- 30.10.2025
शशी नागपाल पत्नी बलदेव राज नागपाल, निवासी वार्ड न. 2 नगर निगम पालमपुर, जिला कांगड़ा हि. प्र.।

**बनाम**

**आम जनता**

**प्रार्थना पत्र अधिनियम धारा 13 (III) जन्म एंव मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969**

श्री शशी नागपाल पत्नी बलदेव राज नागपाल, निवासी वार्ड न. 2 नगर निगम पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरे पति की मृत्यु वार्ड न 2 नगर निगम पालमपुर, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि. प्र. में दिनांक 25.11.2005 को हुई है, लेकिन सम्बन्धित नगर निगम पालमपुर, के अभिलेख में दर्ज न है।
यह प्रकरण सुनवाई हेतू दिनांक 30.10.2025 को मुकान पालमपुर में निश्चित है। अतः सर्व साधारण को इतलाह वजरिया अखवारी ईश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृत्यु पंजीकरण बारे किसी को उजर/ एतराज हो तो मिसल की अगली पेशी दिनांक 30.10.2025 को असालतन या वकालतन हाजिर अपना पक्ष या उजर पेश करे। गैर हाजरी कि सूरत में प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाएगा। आज दिनांक 15.10.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

शुद्ध न्याय में शुद्ध दया होनी चाहिए,न्याय का विरोध करने वाली दया, दया नहीं बल्कि क्रूरता है। **महात्मा गांधी**

## संपादकीय

### शिक्षा की गुणवत्ता सर्वोपरि

हिमाचल की सुक्खू सरकार शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने के लिए लगातार सक्रिय है। हाल ही में राज्य सरकार की ओर से लिए गए कुछ कड़े निर्णयों की व्यापक चर्चा हो रही है, जिनमें शून्य छात्र संख्या वाले स्कूलों को बंद करना और 38 स्कूलों का दर्जा घटाना शामिल है। यह निर्णय स्पष्ट संदेश देता है कि शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। यह सवाल उठाना आवश्यक है कि किसी स्कूल में छात्र ही नहीं हैं, तो इसका जिम्मेदार कौन है? यह स्थिति दो बड़े कारणों की ओर इशारा करती है– सरकारी स्कूलों में शिक्षा का गिरता स्तर, जिससे अभिभावकों का विश्वास उठ गया है। जरूरत से अधिक स्कूल खोले देना, जिससे छात्र संख्या विभाजित हो गई और कहीं–कहीं स्कूलों में एक भी छात्र नहीं बचा।

पूर्ववर्ती सरकारों ने राजनीतिक लाभ या क्षेत्रीय संतुलन साधने के लिए ऐसे कई स्कूल खोल दिए जो न तो संसाधनों के लिहाज से सक्षम थे, न ही वहां छात्रों की वास्तविक आवश्यकता थी। परिणामस्वरूप, आज प्रदेश में दर्जनों ऐसे स्कूल हैं जिनमें पढ़ने वाले छात्रों की संख्या शून्य है, लेकिन वहां अध्यापक, चपरासी, क्लर्क आदि का वेतन हर महीने खर्च हो रहा है। ऐसी स्थिति में सरकार का यह फैसला तार्किक लगता है कि जहां छात्र नहीं हैं, वहां स्कूल चलाना केवल संसाधनों की बर्बादी है। सरकारी स्कूलों की छवि बीते वर्षों में कमजोर हुई है। अभिभावकों का यह मानना है कि वहां पढ़ाई ठीक से नहीं होती। शिक्षक मौजूद जरूर होते हैं, लेकिन पढ़ाई की गुणवत्ता वह नहीं है जो आज के प्रतिस्पर्धी युग में आवश्यक है। यदि हम जमीनी हकीकत की बात करें, तो कई स्कूलों में अध्यापक समय पर स्कूल नहीं आते, पढ़ाई में लापरवाही बरतते हैं, और कुछ तो स्कूल के समय में ही अपने निजी कार्यों में व्यस्त रहते हैं। वहीं, कुछ अध्यापक राजनीति या यूनियनबाजी में इतने उलझ जाते हैं कि उन्हें बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देने का समय ही नहीं मिलता। वास्तविकता यह है कि एक बड़ा तबका सरकारी शिक्षक पद को सिर्फ सुरक्षित नौकरी मानता है, न कि एक जिम्मेदारी।

यह मानसिकता यदि नहीं बदली गई, तो जितनी भी योजनाएं या नीतियां लाई जाएं, शिक्षा व्यवस्था में वास्तविक सुधार संभव नहीं होगा। एक आम अभिभावक के लिए यह तय करना एक बड़ी चुनौती होती है कि वह अपने बच्चे को कहां पढ़ाए? निजी स्कूलों में फीस अधिक होती है, लेकिन पढ़ाई की गारंटी अधिक मानी जाती है। वहीं, सरकारी स्कूलों में शिक्षा मुफ्त है, लेकिन भरोसा कम। आज एक मजदूर, किसान या निम्न आय वर्ग का व्यक्ति भी अपने बच्चों को निजी स्कूल में पढ़ाने की कोशिश करता है, भले ही इसके लिए उसे उधार लेना पड़े या अपने खर्चे में कटौती करनी पड़े। इसका एकमात्र कारण यह है कि हर माता-पिता अपने बच्चे का भविष्य उज्ज्वल देखना चाहते हैं और उन्हें लगता है कि सरकारी स्कूल यह सपना पूरा नहीं कर पाएंगे। यह सोच ही अपने आप में सरकार, प्रशासन और शिक्षकों के लिए एक चेतावनी है। शिक्षा की गुणवत्ता तभी सुधरेगी जब शिक्षकों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। हर शिक्षक से पूछा जाना चाहिए कि उनका परिणाम कैसा रहा, उन्होंने साल भर क्या प्रयास किए और बच्चों में कितनी प्रगति हुई। आज आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षक केवल उपस्थिति दर्ज कराने तक सीमित न रहें, बल्कि बच्चों के भीतर सीखने की रुचि, सोचने की शक्ति और आत्मविश्वास पैदा करें।

सरकार को चाहिए कि वह ऐसे तंत्र विकसित करे जिनसे यह सुनिश्चित हो सके कि हर शिक्षक न केवल अपने विषय का विशेषज्ञ हो, बल्कि वह एक मार्गदर्शक, प्रेरक और जिम्मेदार व्यक्ति भी हो। सरकारी स्कूलों की हालत सुधारने के लिए केवल अध्यापक ही नहीं, बल्कि बुनियादी ढांचे, तकनीक और पाठ्यक्रम में भी व्यापक सुधार की आवश्यकता है। यदि स्कूलों में शौचालय, पीने का पानी, स्मार्ट क्लास, खेल की सुविधाएं, लाइब्रेरी आदि नहीं होंगी, तो बच्चों का मन पढ़ाई में कैसे लगेगा? आज के समय में छात्रों को केवल किताबी ज्ञान नहीं चाहिए, बल्कि व्यावहारिक शिक्षा, कौशल विकास और जीवन मूल्यों की भी जरूरत है। ऐसे में सरकार को स्कूलों को आधुनिक बनाना होगा, जिससे सरकारी स्कूल निजी स्कूलों की टक्कर में खड़े हो सकें। हर सुधार केवल सरकार या शिक्षक ही नहीं कर सकते। अभिभावकों को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके बच्चे नियमित स्कूल जाएं, होमवर्क करें और पढ़ाई के प्रति गंभीर रहें। और खुद माता–पिता खुद स्कूलों में रुचि नहीं लेते, जिससे बच्चों का ध्यान भटक जाता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के महान स्पिन गेंदबाज

अनिल कुंबले भारत के एक महान क्रिकेट खिलाड़ी हैं, जिन्होंने भारतीय क्रिकेट में अपने शानदार प्रदर्शन से एक विशेष स्थान बनाया है। वह टेस्ट क्रिकेट में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले विश्व के दूसरे और भारत के पहले गेंदबाज हैं। यह ऐतिहासिक कारनामा उन्होंने दिल्ली में 1999 में पाकिस्तान के खिलाफ किया था।



अनिल कुंबले
जन्म :17 अक्तूबर,1970

अनिल कुंबले का जन्म 17 अक्तूबर 1970 को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में कृष्णा स्वामी और सरोजा के घर हुआ। उनका उपनाम 'कुंबले' उनके पैतृक गांव 'कुंबला' के नाम पर रखा गया। उनकी लंबाई और प्रभावशाली गेंदबाजी के कारण उन्हें 'जंबो' के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बेंगलुरु के नेशनल कॉलेज, बसवांगुड़ी से प्राप्त की और 1992 में राष्ट्रीय विद्यालय कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की। क्रिकेट में उनके सफर की शुरुआत कर्नाटक की ओर से प्रथम श्रेणी मैच में 1989 में हैदराबाद के खिलाफ हुई, जिसमें उन्होंने चार विकेट लिए। 1990 में उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ वनडे में और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। अपने करियर में उन्होंने 132 टेस्ट मैचों में 619 विकेट और 271 वनडे मैचों में 337 विकेट लिए। वह भारत की ओर से 500 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। कुंबले नवंबर 2007 में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान बने और एक वर्ष तक इस भूमिका में रहे। ■

## कविता



### अब मैं क्या लिखूं

नमिता शर्मा, गांव सेराथाना, नगरोटा बगवां

तुम कहती हो मैं लिखूं, शब्द रूठे हैं अब मैं क्या लिखूं
तुमने सोचा कि मैं कुछ लिखूं, पर अब मैं क्या लिखूं
शब्द उलझे हैं अब तो, खो गए हैं वह भी अब
पर फिर भी सोचती हूं कि लिखूं, पर अब मैं क्या लिखूं
खुद को फिर से खोजूं,
अक्सर तुम्हारा अक्स देखूं अपने में
फिर सोचती हूं क्या लिखूं,
वह लिखने सोचने वाली तो मैं हूं नहीं न
देखो तो तुम ना लिखकर भी, कुछ तो लिख ही गई हूं
फिर भी तुमने सोचा तुमने चाहा, तुमने कहा तो मैंने लिख ही दिया
कि तुम्हारे अक्स में बिलकुल मैंने, खुद को पाया है
और शायद इसी कारण तुम्हारे,
कहने पर मैं कुछ लिखने लगी हूं

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# शिक्षण संस्थाओं में व्याप्त अराजकता परेशानी का सबब



वीरेन्द्र शर्मा
सेवानिवृत्त अंग्रेजी प्रवक्ता
ऊना (हिमाचल प्रदेश)

निःसंदेह समय अपनी तेज गति से भागा जा रहा है। परिवर्तित युग में पूर्व की हमारी समस्त अवधारणाएं यूं तो निर्विघ्न परिवर्तन की ओर अग्रसर हैं। प्राचीनता पर नवीनता भारी पड़ रही है। विद्या उपार्जन हेतु विद्यार्थी गुरुकुल में जाते थे। विद्या प्राप्ति का माध्यम मात्र सेवाभाव था। गुरु –शिष्य परंपरा का समूचे विश्व में भारत का डंका बजता था। विद्यार्थी प्रसन्नचित्त हो अपने गुरुओं की सेवा में सदैव लीन रहते थे। अपने गुरुदेव की आज्ञा का पालन करना विद्यार्थी अपना परम कर्तव्य समझते थे पर अफसोस, समय की धारा में सब कुछ बह गया।

अब गुरु–शिष्य संबंधों में उत्तरोत्तर पतन होता चला जा रहा है। परस्पर मधुरता ने अब कड़वाहट का रूप ले लिया है। नित्य दिन अकारण लड़ना–झगड़ना विद्यार्थियों का शौक बनता जा रहा है। वे शिक्षण स्थानों में पढ़ने कम और आवारागर्दी करने ज्यादा आते हैं। विद्यालय, महाविद्यालय अथवा यूनिवर्सिटी में अब अराजकता का ही बोलबाला है। पढ़ाई का कहीं भी नामोनिशान नहीं है। अपने अधिकारों के लिए बने अनेक विद्यार्थी संघ सिर्फ अपने स्वार्थपरता को ही अधिमान देते हैं। आए दिन हड़ताल, अकारण धरना समाचारों की सुर्खियां बन रहे हैं। अनेक विद्यार्थी अपनी पढ़ाई से विमुख हैं। आधुनिकता की दौड़ ने उन्हें अंधा कर दिया है। विद्यार्थी वर्ग अपने कर्तव्यों के प्रति उदासीन है। विद्यार्थियों को अपने भविष्य की तनिक भी चिंता नहीं है। वे फैशन के पीछे भागकर अपना भविष्य तो क्या अपना वर्तमान भी नष्ट करते जा रहे हैं। मामूली सी बात पर शिक्षण संस्थाओं में हथियारों का प्रदर्शन अब रोजाना की ही बात बनकर रह गई है।

असहनशीलता अपनी चरम सीमा पर है। किसी को भी अपमानित करना साधारण सी बात है। अनुशासनहीनता के कारण ही शिक्षण संस्थान अराजकता का केंद्र बनते जा रहे हैं। रैगिंग के नाम पर सीनियर अपने जूनियर को इतना तंग करते हैं कि कई विद्यार्थी अपने जिंदगी को गले लगाने को विवश हो जाते हैं। आखिर शिक्षण संस्थान अब अराजकता के अड्डे क्यों बनते जा रहे हैं? दोषी कौन ?

दरअसल, गुरु व शिष्यों में आपसी तारतम्य का अभाव बढ़ता जा रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि कुछेक तथाकथित अध्यापक एवं विद्यार्थी संगठन शिक्षण संस्थाओं में अराजकता फैलाने में बराबर के दोषी हैं। अध्यापक स्वयं तो विद्यार्थियों के समक्ष लड़ते–झगड़ते व परस्पर गाली –गलौच करते रहते हैं। अतः विद्यार्थियों के लिए वे क्या उदाहरण प्रस्तुत करेंगे? इनमें अब नैतिकता भी नहीं रही। कक्षाओं में न जाना



या देरी से जाना और इससे भी आगे कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों को न पढ़ाना एवं पढ़ाते समय निरंतर मोबाइल चलाते रहना क्या अध्यापकों को शोभा देता है? इस दौरान विद्यार्थी लड़ते–झगड़ते रहते हैं। कई बार एक –दूसरे को गंभीर जख्मी कर देते हैं। यहां तक की असुखद घटना भी घटित हो जाती है। कौन है इस बात के लिए कसूरवार?

शिक्षण संस्थाओं में अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के संगठन समय –समय पर अपने हकों के लिए खड़े रहते हैं, पर कई बार अकारण भी दोनों दल अपनी बातें मनवाने हेतु हड़ताल पर भी चले जाते हैं। उस नुकसान की भरपाई कैसे और किससे हो? शिक्षण संस्थाओं में बने संगठन किसी न किसी राजनैतिक दलों के पिछलग्गू होते हैं। उच्चतर कक्षाओं के विद्यार्थी प्रायः अपने चुनावों के समय हुल्लड़बाजी करते हैं। आपसी रंजिश में एक–दूसरे की हत्या तक करने में तनिक संकोच नहीं करते। किसे फायदा पहुंचता है? विजयी व पराजित दोनों संगठनों को समान रूप से नुकसान पहुंचता है।

परस्पर शत्रुता बढ़ती है। इससे शिक्षण संस्थाओं में गुंडागर्दी का नाच होता है। आखिरकार विद्यार्थी पढ़ने ही तो शिक्षण संस्थाओं में आते हैं और बिना पढ़े वापस घर लौट जाते हैं। होशियार विद्यार्थियों का ऐसे में काफी नुकसान होता है। पार्टीबाजी में विद्यार्थी संगठन कभी–कभी देश विरोधी ताकतों से हाथ मिलाकर तोड़ फोड़ करने लगते हैं। अपने ही देश के विरुद्ध नारे लगाना अपनी शान समझते हैं। विडंबना देखिए, अपने देश भारत में ही रहकर देश से आजादी मांगते हैं। यह अपनी मातृभूमि का अपमान नहीं तो और क्या है?

आइए इस मसले पर गंभीरता से विचार करें। अध्यापक–अभिभावक एवं विद्यार्थी एक सुदृढ़ कड़ी का काम करें। अब तो निम्न स्तर भाव प्राइमरी, हाई व सेकेंडरी विद्यालयों का भी यही हश्र हो रहा है। विद्यार्थियों को अनुशासनबद्ध करना समय की जरूरत है। विद्यार्थियों पर जातिवाद, वर्गवाद अधिक हावी है। सर्वप्रथम, अध्यापक वर्ग अपने कर्तव्यों को पहचाने। समय पर अपनी ड्यूटी पर आए। कक्षाओं को खाली न छोड़ें। पढ़ाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें।

पूरी तैयारी करके कक्षा में जाएं। तन्मयता से अपने विद्यार्थियों को पढ़ाएं और उनकी समस्याओं पर तुरंत ध्यान दें। विद्यार्थियों को भी अपने अध्यापकों, माता-पिता एवं सहपाठियों का पूर्ण सम्मान करना चाहिए। संयम व अनुशासनबद्ध होकर जीवन के क्षेत्र में आगे बढ़ें। किसी भी राजनैतिक पार्टी के साथ अपना संबंध न रखें। दूसरी ओर राजनैतिक दल भी अपने हितों के लिए विद्यार्थियों का अनुचित इस्तेमाल कदापि न करें। माता –पिता भी अपने बच्चों पर पूर्णतः ख्याल रखें। अगर ये तीनों पक्ष परस्पर मिलकर काम करें तो शिक्षण संस्थाओं में बढ़ रही अराजकता को काफी हद तक रोका जा सकता। फैसला लेना इनके हाथ में है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# समान अवसर, सम्मानजनक जीवन : गरीबी उन्मूलन की दिशा में एक कदम



केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं

हर वर्ष 17 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस मनाया जाता है। यह दिवस हमें मानवता के उस मूल उद्देश्य की याद दिलाता है, जिसमें हर व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार प्राप्त हो। आज भी विश्व में करोड़ों लोग ऐसे हैं जिन्हें दो वक्त का भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छ जल व आश्रय जैसी बुनियादी जरूरतें तक उपलब्ध नहीं हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने इस दिवस की शुरुआत वर्ष 1992 में की थी, ताकि गरीबी को केवल आर्थिक समस्या न मानकर उसे एक वैश्विक मानवीय चुनौती के रूप में स्वीकार किया जाए और इसके समाधान के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएं। गरीबी का अर्थ केवल धन की कमी नहीं, बल्कि यह अवसरों, सम्मान और आत्मनिर्भरता के अभाव का प्रतीक है। जब किसी व्यक्ति के पास अपने श्रम का उचित प्रतिफल, शिक्षा तक पहुंच या जीवन की बुनियादी सुरक्षा नहीं होती, तो वह गरीबी के दुष्चक्र में फंस जाता है। भारत जैसे विशाल और विविध देश में पिछले दशकों में गरीबी उन्मूलन के अनेक प्रयास हुए हैं। मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने गरीब वर्ग को सशक्त बनाने की दिशा में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। इसके साथ ही, स्वयं सहायता समूहों और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई चेतना जगाई है। फिर भी, यह स्वीकार करना होगा कि असमानता आज भी हमारे समाज का बड़ा दर्द है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच विकास का अंतर गहराता जा रहा है। डिजिटल भारत के युग में भी अनेक नागरिक सूचना, इंटरनेट और आधुनिक



अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस पर विशेष

शिक्षा से वंचित हैं। यही कारण है कि गरीबी का उन्मूलन केवल आर्थिक नीतियों या सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि मानसिकता और सामाजिक दृष्टिकोण के परिवर्तन से संभव है। इस वर्ष का विषय 'Dignity for All in Practice' अर्थात 'सभी के लिए सम्मानजनक जीवन–व्यवहार में' इस दिशा में सार्थक मार्गदर्शन देता है। यह हमें यह सोचने को प्रेरित करता है कि केवल नीतियां और भाषण नहीं, बल्कि वास्तविक व्यवहार में हमें सबके लिए सम्मान और समान अवसर सुनिश्चित करने होंगे। जब तक हर व्यक्ति को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी नहीं मिलेगी, तब तक सम्मानजनक जीवन का सपना अधूरा रहेगा। गरीबी उन्मूलन की प्रक्रिया में सरकार के साथ–साथ समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। शिक्षित युवाओं को कौशल विकास और सामाजिक सेवा के माध्यम से योगदान देना चाहिए। स्वयंसेवी संस्थाएं (NGOs) और निजी क्षेत्र (Corporate Social Responsibility) भी इस दिशा में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। हमें ऐसे सामाजिक वातावरण की जरूरत है, जहां व्यक्ति को सहायता मांगने में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बनने में गर्व महसूस हो। आर्थिक असमानता का समाधान केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण में निहित है। जब तक समाज में करुणा, सहयोग व न्याय की भावना जीवित रहेगी, तब तक गरीबी के विरुद्ध लड़ाई को बल मिलता रहेगा।

अतः गरीबी उन्मूलन केवल एक आर्थिक सुधार का प्रश्न नहीं, बल्कि यह मानवता की असली परीक्षा है। जब तक हमारे समाज का कोई भी व्यक्ति अभाव, भूख या असमानता के साए में जीने को विवश है, तब तक हमारा विकास अधूरा है। इस अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम न केवल गरीबों के लिए, बल्कि उनके साथ मिलकर–सम्मान, समानता और अवसरों से परिपूर्ण भविष्य का निर्माण करेंगे। यही सच्चे अर्थों में विकसित भारत और समावेशी विश्व की दिशा में सबसे बड़ा कदम होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हिमाचल में पर्यटन उद्योग और पर्यावरण संरक्षण, दोनों जरूरी



योगिन्द्र पाल वालिया
डडौर (नेरचौक) जिला मंडी

हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था जिन स्तंभों पर टिकी है, उनमें एक स्तंभ है 'पर्यटन उद्योग' जहां 14 प्रतिशत स्वरोजगार व रोजगार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष मिल रहा है। प्रदेश की जीडीपी में 7–8 प्रतिशत हिस्सा पर्यटन उद्योग का रहता है। पिछले वर्ष पौने दो करोड़ पर्यटक हिमसखरा प्रदेश में आए।

बताया गया कि पर्यटकों की लगभग आधी संख्या केवल दो शहरों मनाली और शिमला में आई। शिमला मनाली की आबादी से 9–10 गुना अधिक पर्यटकों की संख्या का आना और दोनों शहरों में वाहनों का रेंगते हुए, जाम यही दर्शाता है कि दोनों शहरों पर कितना दबाव बढ़ रहा है। पर्यावरण की दृष्टि से कितना सही है? यह विचारणीय व चिंताजनक है। अनियंत्रित भीड़, ध्वनि व वायु प्रदूषण की समस्या पैदा करने के साथ पर्यटन स्थल को भी नष्ट करती है। पर्यटन से अनगिनत लाभ है, वहीं पर पर्यावरण को नुकसान भी पहुंचता है। प्रदेश के अनछुए अंदरूनी हिस्से आज भी पर्यटकों के इंतजार में हैं। वैसे सरकार ने 271 स्थान इको टूरिज्म के लिए चिन्हित कर उस क्षेत्र में सुविधाएं देने के साथ सुंदरीकरण की योजनाएं बना रखी हैं। निजी भागीदारी तय के साथ होम स्टे स्थापित के लिए अनुदान दिया जा रहा है, लेकिन जिस गति से कार्य होना चाहिए, उस गति से नहीं दिखता।

शहरी भीड़ भाड़ कम करना और प्रदेश के अन्य स्थानों की तरफ पर्यटकों को आकर्षित करना, समय की मांग है। यदि पर्यटक सप्ताह पंद्रह दिन ठहरें, तो हिमाचल की सेहत व आर्थिक वृद्धि के लिए फायदेमंद है। इससे पर्यावरण भी प्रभावित नहीं होता। पर्यटक 2–3 दिन ठहर कर वापस लौट जाता है, क्या उसे पर्यटक कहेंगे? वह मात्र पिकनिक मनाने आया और चला गया। भूटान देश का जिक्र करना चाहता हूं, जहां पर्यटकों के लिए



नियम निर्धारित है। कोई भी बिना बुकिंग के नहीं आ सकता। टूर ऑपरेटर गाइडों की सेवाएं प्राप्त करना अनिवार्य है। वहां 'उच्च मूल्य–कम मात्रा' का सिद्धांत अपनाया गया है। प्रति व्यक्ति, प्रतिदिन विकास शुल्क प्राप्त किया जाता है, जो पर्यावरण संरक्षण और सुंदरीकरण पर खर्च होता है। पर्यटकों की संख्या सीमित व निर्धारित रहती है। सवाल यह है कि भूटान जैसी व्यवस्था व नीतियां क्या हिमाचल सरकार बना सकती है? टूरिज्म को बढ़ावा देने के साथ पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करना होगा। एक तरफा विकास मॉडल कितना उचित रहेगा? यह समझना पड़ेगा। 2–3 दिन पर्यटक यहां रुक कर वापस लौट जाए और जो पर्यटक सप्ताह पंद्रह दिन रुकता है, दोनों तरह के पर्यटकों में अंतर समझने की जरूरत है।

'मेरा हिमाचल–मेरी धरोहर' यह नारा नहीं हकीकत है, जिसे बचाना प्रत्येक हिमाचलवासी का कर्तव्य है। सरकार की पर्यटन नीति का उद्देश्य है 'प्रकृति संरक्षण सहित संस्कृति के साथ जिम्मेदार पर्यटन विकास।' पर्यटन उद्योग से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी बनती है कि पर्यटन उद्देश्य को ध्यान में रखें। हिमाचल के पहाड़ी सौंदर्य की रक्षा करना, हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, दोहन जरूरी है, परंतु प्रकृति और संस्कृति को न्यूनतम नुकसान के साथ पर्यटक स्थलों की सुरक्षा को महत्व देते रहना होगा। शहरों की अत्यधिक भीड़ को नियंत्रित करने का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा। पर्यटन उद्योग से रोजगार स्वरोजगार और सरकार के राजस्व को सहारा मिलता है, लेकिन प्राकृतिक सौंदर्य के लिए पर्यावरणीय संतुलन जरूरी है। काम चलाऊ नीतियों के बदले ठोस नीतियां बनाने और अपनाने की जरूरत है। वैसे भूटान देश व हिमाचल दोनों की पर्यटन नीति का मूल उद्देश्य 'पर्यावरण व सांस्कृतिक संरक्षण' एक जैसा है, लेकिन भूटान की पर्यटन सिद्धांत नियम अलग है। क्या हिमाचल भूटान देश जैसा मॉडल अपना सकता है?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# विज्ञापन की शक्ति और सेलिब्रिटी प्रभाव : काहे का जश्न, काहे का टशन



डॉ. दमन आहूजा
माइंडफुलनेस प्रैक्टिशनर
damanahuja@gmail.com

पिछले दिनों एक दैनिक अखबार के मुख्य पृष्ठ पर पूरे पेज का एक एड दिखा, जिसका नाम था 'जश्न का टशन', जिसमें हिंदी सिनेमा के विख्यात हीरो अपनी जिम में बनाई हुई बॉडी के साथ एक खास किस्म के मसाला का एक पॉकेट पकड़े हुए दिखाए गए थे। संकेत साफ था कि जब उन जैसी बॉडी के लोग खाकर तंदुरुस्त रह सकते हैं तो बाकी भी रह ही सकते हैं।

युवाओं को प्रभावित करने वाले इस एड वाले अखबार से हैरानी मुझे तब हुई कि इस अखबार के अंदर हर रोज एक कैंपेन के तहत 'पहला सुख निरोगी काया' का एड जनहित में जारी भी होता है। दूसरे ही दिन अखबार में एड आता है 'तुम में भी मैं हूं' इसमें भी एक पान मसाला ही दिखाया गया है। तीसरे में बड़ा भारी हेलिकॉप्टर से एक बॉक्स निकाला जाता है, उस पर एक मशहूर डायरेक्टर खड़े होकर भी एक मसाला खाने का आह्वान करते दिखते हैं। भले ही गुटखा के एड न हों, लेकिन जिस तरह के पाउच वे अपने विज्ञापनों में दिखाते हैं उस से भी युवा लोग पान मसाला या गुटखा खाने को प्रेरित होते हैं। कमोबेश हर अखबार का हाल ये ही है। एड से उपार्जित धन का उपयोग अखबार चलाने में मददगार होता है ये हम सब जानते हैं, लेकिन क्या स्वास्थ्य को स्वस्थ रखने वाले एड नहीं छापे जा सकते ?

दोनों संस्कारों के भीतर जमीन आसमान का फर्क नजर आता है। कहां तो एक खास किस्म के मसाला के एड और कहां निरोगी काया? इधर हर राज्य सरकार नशा विरोधी अभियान में तमाम स्कूलों व अन्य शिक्षा संस्थानों के सौ मीटर के दायरे में किसी भी दुकान पर तंबाकू, सिगरेट, गुटखा, पान मसाला रखने पर प्रतिबंध लगाए हुए है। सवाल उठता है कि हमारे युवाओं के प्रति समाचार पत्रों, टीवी, एवं अन्य मीडिया जिसे आजकल बहुतायत में सामाजिक मीडिया कहा जाता है। क्या वाकई ही सामाजिक विषयों की समझ परोस रहा है? सूचनाओं





की भरमार के साथ क्या संस्कार भी परोस रहा है? ये कितना सामाजिक है वो तो अपने आप में एक सवाल है, लेकिन उस सामाजिक मीडिया के आसमान से इन चीजों को परोसा जा रहा है उस पर प्रतिबंध लगाने का हाल तो हमने नेपाल में देख ही लिया है, अतः उसे तो लगाया नहीं जा सकता, ऐसे में स्कूल या कॉलेज के आसपास प्रतिबंध लगाने का प्रभाव तो नगण्य ही होगा।

इन विज्ञापनों की स्टोरी लाइन के भीतर एक भावनात्मकता, एक जोशीला अंदाज व पुरुष सत्तात्मक इंजेक्शन इस तरह से भरा होता है कि युवा भ्रमवश इसकी मारक क्षमता के आगे निढाल हो जाते हैं। कुछ स्कूलों के नवीं से बारहवीं कक्षा के छात्रों से बात करते हुए ये बात सामने आई कि लगभग 80 से 90 प्रतिशत बच्चों के माता-पिता शराब जैसे नशों का सेवन करते हैं। इन युवाओं में से 23 प्रतिशत युवा कभी न कभी खुद भी इन्हें चख चुके हैं। लगभग साढ़े दस लाख लोग तंबाकू से जुड़े पदार्थों से सालाना भारत में मृत्यु को प्राप्त होते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे मुंह का कैंसर, मसूढ़ों की समस्या व पाचन क्षमता इससे प्रभावित होती है। कुल मिलाकर देखा जाए तो ये स्पष्ट होता है कि युवाओं को चाहे घर हो या ऑफिस या सामाजिक मीडिया सब हम खुद इनके खुले प्रदर्शन पर प्रभावित होने देते हैं जब वे इन से ग्रस्त हो जाते हैं तो फिर अभिभावकों के जरिए उन तक पहुंचने की कोशिश करते हैं एवं असफल हो जाते हैं। तो क्या किया जाना चाहिए ? राजस्व का बड़ा हिस्सा इन उत्पादनों से प्राप्त होता है, अतः जैसे मौजूदा सरकार ने इन उत्पादों पर एक बड़ा जीएसटी लगाया है वह एक अच्छा कदम है, लेकिन हमें न सिर्फ खुद, बल्कि अपने बच्चों को भी इनके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते रहना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोस्टर्ड इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### खलियार, पुरानी मंडी में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** 11 केवी खलियार-पुरानी मंडी एचटी विद्युत लाइन की मरम्मत और रखरखाव कार्य के चलते 18 अक्तूबर को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ई. होशियार सिंह ने बताया कि प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक जवाहरनगर, खलियार, छिपनु, पुरानी मंडी, डीसी रेजिडेंस, टिंबर डिपो, ढंगसिधार, पुलिस कॉलोनी तथा डीएवी स्कूल के आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### गागल और मलथेहड़ में दी योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बल्ह विधानसभा क्षेत्र की पंचायत गागल और मलथेहड़ में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा विशेष प्रचार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सब रंग कला मंच मंडी के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक, गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी। इसमें स्वर्ण जयंती आश्रय योजना, हिम स्वावलंबन योजना, छात्रवृत्ति योजना, स्वरोजगार, शिक्षा ऋण, हस्तशिल्प विकास और ब्याज मुक्त ऋण योजनाओं की जानकारी प्रमुख रही। कलाकारों ने लोगों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया भी सरल भाषा में समझाई।

### विद्यार्थियों को बताए अश्वगंधा के स्वास्थ्य लाभ



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** वनस्पति विज्ञान विभाग, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी द्वारा आयोजित पांच दिवसीय अश्वगंधा जागरूकता कार्यशाला का वीरवार को समापन हो गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड एवं आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया था। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को अश्वगंधा के औषधीय, पोषणीय व आर्थिक महत्व से अवगत कराना रहा। समापन समारोह में प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार मुख्य अतिथि रहे। डॉ. तारा (प्रधान अन्वेषक) ने विद्यार्थियों को अश्वगंधा के स्वास्थ्य लाभों जैसे मधुमेह, थायरॉइड व हृदय रोग में उपयोगिता पर जानकारी दी। इस कार्यशाला में कुल 500 विद्यार्थियों ने भाग लिया और स्वरोजगार के नए अवसरों से जुड़ने की प्रेरणा प्राप्त की।

### ईएमई कोर का 83वां स्थापना दिवस मनाया

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियर (ईएमई) कोर का 83वां स्थापना दिवस बुधवार को होटल सिटी हार्ट, पधर में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैप्टन प्रेम सिंह ने की। इस अवसर पर कैप्टन हेमराज, सूबेदार मेजर सुरेंद्र पाल, सूबेदार मेजर देवेंद्र कुमार, नायब सूबेदार रूप सिंह पटियाल, नायक रवि सिंह, नायक वीरेंद्र चौहान और नायक कंवर सिंह पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। कैप्टन प्रेम सिंह ने ईएमई कोर को सेना की तकनीकी रीढ़ बताया, जो युद्धक उपकरणों और वाहनों की देखरेख में अहम भूमिका निभाता है। सेवानिवृत्त अधिकारियों ने सेवाकाल के अनुभव साझा किए और देश सेवा की भावना दोहराई। वर्ष 1942 में स्थापित यह कोर आज भारतीय सेना की तकनीकी शक्ति का प्रतीक बन चुका है। अंत में केक काटकर सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

### लोहारा स्कूल की छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**विनोद, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोहारा की छात्राओं ने आत्मरक्षा के गुर सीखे। कोच सेन ओवरसीज हरीश कुमार ने स्कूल में कक्षा 6 से 12 तक की लड़कियों को प्रशिक्षण दिया। समग्र शिक्षा रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के समापन पर स्कूल प्रिंसिपल हिम्मती देवी ने सभी छात्राओं का मार्गदर्शन किया और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र भी सौंपे।

### विद्यार्थियों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रविंद्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में नशा मुक्त भारत अभियान क्लब द्वारा नशा जागरूकता पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने की, जबकि मुख्य अतिथि डॉ. बीना राठौर रहीं। डॉ. विक्रम, डॉ. केके ठाकुर, डॉ. अश्विनी राठौर व सुनीता बिष्ट ने भी सहयोग किया। विशेषज्ञों ने छात्रों को नशे के सामाजिक, शारीरिक व मानसिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। हाल ही में वाराणसी में आयोजित शिखर सम्मेलन में विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा विषय को बल दिया गया।

### सरकाघाट कॉलेज के छात्रों ने पार्क को संवारा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रविंद्रनाथ टैगोर राजकीय स्नातक महाविद्यालय सरकाघाट के बी.वॉक पाठ्यक्रम के छात्रों ने 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत स्थानीय पार्क में विशेष सफाई अभियान चलाया। प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल के नेतृत्व में लगभग 100 छात्रों ने श्रमदान कर कूड़ा-कचरा हटाया और पार्क की सुंदरता बहाल की। प्लास्टिक, रैपर व झाड़ियों को हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। नोडल अधिकारी डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा केवल कौशल नहीं, सामाजिक जिम्मेदारी भी सिखाती है। छात्रों ने सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

### रेडक्रॉस शिविर में 69 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** रेडक्रॉस सोसायटी मंडी की ओर से 'रेड क्रॉस मांडव 2025' के अंतर्गत सेरी मंच, मंडी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 130 लोग रक्तदान के लिए पहुंचे, जिनमें से 69 लोगों ने 69 यूनिट रक्तदान किया। अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह ने कहा कि रेडक्रॉस मांडव जैसे आयोजन समाज में सहयोग, संवेदना और स्वैच्छिकता की भावना को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, जो जरूरतमंदों के जीवन को बचाने का कार्य करता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। शिविर में पुलिस, होमगार्ड, रेड क्रॉस स्वयंसेवक, आईटीआई, डिग्री कॉलेज, आईटीआई मंडी तथा संपत्ति देवी मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं सहित आम नागरिकों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी गोपी चंद पाठक, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरिंदम रॉय व सचिव रेडक्रॉस सोसायटी ओपी भाटिया उपस्थित रहे।

### सुंदरनगर में 'दिवाली फेस्ट-2025' कार्यक्रम में बोलीं डॉ. मल्लिका नड्डा

# स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड गेम्स-2031 को भारत में आयोजित कराने का लक्ष्य

**खेल नीति में दिव्यांग खेलों को जोड़ने की आवश्यकता**

**उमेश, अनंत ज्ञान**



डॉ. मल्लिका नड्डा ने 'दिवाली फेस्ट-2025' में की शिरकत।

**सुंदरनगर।** भारत के दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए वर्ष 2031 बेहद खास साबित हो सकता है। स्पेशल ओलंपिक्स भारत ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि संगठन का लक्ष्य स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड गेम्स-2031 को भारत में आयोजित कराने का है। मंडी जिले के सुंदरनगर में दिव्यांग बच्चों और खिलाड़ियों के लिए आयोजित 'दिवाली फेस्ट-2025' कार्यक्रम के दौरान स्पेशल ओलंपिक्स भारत की चेयरपर्सन एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा की धर्मपत्नी डॉ. मल्लिका नड्डा ने कहा कि वर्ष 2027 में अगले ओलंपिक्स वर्ल्ड गेम्स का आयोजन लैटिन अमेरिका में किया जा रहा है। इसके उपरांत इन खेलों की मेजबानी को भारत में लाने के लिए स्पेशल ओलंपिक्स भारत ने कमर कस ली है। उन्होंने कहा कि देश की सभी राज्यों को अपनी खेल नीति में दिव्यांग खेलों को जोड़ने की आवश्यकता है। सभी राज्यों की अपनी अलग-अलग खेल नीति होती है। राष्ट्रीय नीति के अंतर्गत खेल मंत्रालय ने अवॉर्ड राशि के तौर पर सहायता दी है। उन्होंने कहा कि हर प्रदेश को अपनी खेल नीति में दिव्यांग खिलाड़ियों के खेलों को सम्मिलित कर प्रोत्साहन दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों को राज्यों में नौकरियों में स्थान देकर भी प्रोत्साहित किया जा सकता है। इससे विशेष बच्चों को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। प्रदेश में स्पेशल ओलंपिक भारत ने दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए 8 जिलों में 8 स्पोर्ट्स सेंटर चलाए जा रहे हैं। इन सेंटर के माध्यम से दिव्यांग खिलाड़ी प्रतिदिन ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्वर्ण और रजत पदक जीतने में ख्याति प्राप्त की। उन्होंने कहा कि स्पेशल ओलंपिक्स हिमाचल प्रदेश और मंडी चैप्टर ने दीपावली से पूर्व दिव्यांग बच्चों और खिलाड़ियों के लिए उत्सव मनाने का विशेष प्रयास किया है। सुंदरनगर में दूसरी बार कार्यक्रम आयोजित किया गया है। डॉ. मल्लिका नड्डा ने देश के सभी लोगों से इस आंदोलन के साथ जुड़ने की अपील की है।

## सनातन मूल्यों और संस्कारों को जनमानस तक पहुंचाएगा धर्म संघ



धर्म संघ श्री भूतनाथ मंदिर कार्यकारिणी को दिलाई शपथ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**धर्म** संघ श्री भूतनाथ मंदिर जिला मंडी द्वारा सिद्ध गणपति मंदिर सैण में नव कार्यकारिणी का शपथ समारोह संघ के अध्यक्ष भीम चंद सरोच की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समारोह में विशेष रूप से नगर निगम मंडी के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा भट्ट उपस्थित रहे।

शपथ समारोह का संचालन संघ के मुख्य सलाहकार डॉ. ओम राज शर्मा ने किया। इस अवसर पर धर्म संघ के संरक्षक बलवीर शर्मा ने नव कार्यकारिणी के 40 सदस्यों व पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। संघ के प्रधान भीम चंद सरोच, उपाध्यक्ष हरीश वैद्य और संरक्षक बलवीर शर्मा ने कहा कि पिछले वर्षों से धर्म संघ के कार्यों को विस्तार देते हुए समाज के विभिन्न वर्गों व संस्थाओं को अपने साथ जोड़कर धर्म संघ सनातन के कार्य को गति देने जा रहा है। संघ सनातन के मूल्यों-संस्कारों को जनमानस तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। समारोह में उपाध्यक्ष आर के शर्मा और प्रकाश कश्यप, महासचिव जीसी सैनी, कोषाध्यक्ष मुरारी लाल शर्मा, सचिव खेमराज गुप्ता, संगठन सचिव रेवती राम शर्मा, वित्त सचिव महेंद्र पाल राणा, प्रचार सचिव राजिंदर ठाकुर, लेखा परीक्षक करतार राणा, सहसचिव भगवान सिहं और हेमराज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## जोगिंद्रनगर, चौंतड़ा व लडभड़ोल में खोले जाएं सीबीएसई स्कूल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



राहत कोष में 11,000 रुपए का चेक भेंट करते हुए जीवन ठाकुर।

**जोगिंद्रनगर** विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने मुख्यमंत्री से क्षेत्र के शैक्षणिक विकास के लिए जोगिंद्रनगर, चौंतड़ा और लड़भड़ोल में सीबीएसई से संबद्ध विद्यालय खोलने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के लिए उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि उन्हें शहरों की ओर पलायन न करना पड़े और अभिभावकों पर आर्थिक बोझ भी न बढ़े। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति और जनसंख्या को देखते हुए कम से कम तीन सीबीएसई स्कूलों की आवश्यकता है। उन्होंने महिला मंडल टिक्करू की सराहना करते हुए बताया कि महिला मंडल की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष में 11,000 रुपए का चेक भेंट किया गया है, जो समाज सेवा की एक प्रेरणादायक मिसाल है। जीवन ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र की महिलाएं समाज में परिवर्तन की वाहक बन रही हैं और उनके इस योगदान से प्रदेश के अन्य महिला मंडलों को भी प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि ऐसे सामाजिक संगठनों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष योजनाएं चलाई जाएं।

## सड़क के बजाए स्कूल प्रांगण में लगाई जाएं दुकानें, प्रस्ताव पारित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**वरिष्ठ** नागरिक कल्याण समिति चोलथरा की मासिक बैठक समिति के प्रधान आरडी कमल की अध्यक्षता में समिति के कार्यालय में हुई। बैठक में समस्याओं तथा कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में व्यापार मंडल चोलथरा के प्रधान एवं पूर्व में वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के चेयरमैन बिहारी लाल ठाकुर ने प्रस्ताव रखा, जिसे समिति ने सर्वसम्मति से पारित किया कि आने वाले मेलों के बाजारों का आयोजन सड़क पर न कर पाठशाला के खेल मैदान या प्रांगण में किया जाए, जिससे सड़क पर बसों को चलने में कोई रुकावट न हों और न ही कोई हादसा हो। इस संदर्भ में जो भी शिक्षा विभाग से आवश्यक औपचारिकताओं होंगी उनको समय रहते पूरा कर लिया जाएगा।

सामाजिक कार्यकर्ता व समिति के प्रेस सचिव रमेश चंद भारद्वाज ने प्रस्ताव रखा जिसे भी सर्वसम्मति द्वारा पारित किया गया कि बचे हुए राष्ट्रीय उच्च निर्माण के काम की गुणवत्ता तथा लोगों को कम असुविधा को सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा कमेटी में इच्छुक स्थानीय सेवानिवृत कर्मचारियों, भूतपूर्व सैनिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा ग्राम पंचायत प्रधानों को भी शामिल किया जाए। इस मौके पर उपरोक्त अधिकारियों के अलावा समिति के सचिव श्रवण सिंह, कोषाध्यक्ष प्रकाश कमल, कश्मीर सिंह, नेक राम, रणजीत सिंह राणा और जोगिंदर सिंह गुलेरिया इत्यादि सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## मृणालिनी का सैनिक स्कूल खरा खेड़ी में चयन



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर की मेधावी छात्रा मृणालिनी ने सैनिक स्कूल खरा खेड़ी फतेहाबाद (हरियाणा) की प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होकर विद्यालय अभिभावकों और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने मृणालिनी की सफलता को विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शिक्षकों की मेहनत और माता-पिता के सहयोग का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि मृणालिनी की यह उपलब्धि न केवल प्रेरणास्रोत है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि समर्पण, अनुशासन और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। विद्यालय परिवार ने मृणालिनी को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था की ओर से यह भी कहा गया कि डीएवी हमेशा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर देता है। मृणालिनी की सफलता ने जोगिंद्रनगर क्षेत्र में गर्व का माहौल बना दिया है और अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया है।

### जिलेभर में होंगे आपदा जागरूकता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी डॉ. मदन कुमार ने बताया कि समर्थ-2025 अभियान के अंतर्गत 17 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक जिलेभर में 72 स्थानों पर आपदा जोखिम न्यूनीकरण से संबंधित जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में नुक्कड़ नाटकों, जनसंवादों और सामुदायिक सहभागिता गतिविधियों के माध्यम से आम जनता को आपदा प्रबंधन, त्वरित प्रतिक्रिया और सहयोग के प्रति प्रेरित किया जाएगा। यह अभियान सभी उपमंडलों एवं प्रमुख तहसीलों में चलाया जाएगा। प्रत्येक उपमंडल में चार-चार स्थलों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे।

### खटारा बस बनी लोगों के लिए परेशानी का सबब



**भीम बसेडू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** एचआरटीसी सुंदरनगर डिपो की पुरानी और जर्जर बसें आए दिन यात्रियों के लिए सिरदर्द बनती जा रही हैं। बार-बार सड़क पर चलते-चलते इनका बंद हो जाना आम बात हो गई है, जिससे खासकर मरीजों, विद्यार्थियों और रोजमर्रा के यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सुंदरनगर से संबंधित बस की खस्ताहालत उस समय एक बार फिर जगजाहिर हो गई, जब सुंदरनगर के नए बस अड्डा में ही सवारियों भरी सुंदरनगर से ब्रौहग सरचा जाने वाली वाया जै देवी, रोहांडा, पंडार, चरखड़ी बस, जो बहुत पुरानी बताई जा रही है, बस अडडा से ही टस से मस नहीं हुई और सवारियां परेशान होती रहीं। ये पुरानी बसें, जो अब 'खटारा' के नाम से जानी जाती हैं, बार-बार धक्का स्टार्ट करने की मजबूरी में चल रही हैं। पहाड़ी क्षेत्रों की कठिन परिस्थितियों में इन बसों का बार-बार रुकना यात्रियों के लिए खतरे से खाली नहीं है। कई बार तो सवारियों को रास्ते में ही बस से उतरकर पैदल सफर तय करना पड़ता है। स्थानीय लोगों और बुद्धिजीवियों ने डीसी मंडी से मांग की है कि एचआरटीसी की बस सेवाओं को दुरुस्त किया जाए और पुरानी बसों के स्थान पर नई, सुरक्षित और विश्वसनीय बसें चलाई जाएं, ताकि आम जनमानस को राहत मिल सके और परिवहन सेवा पर विश्वास बना रहे।

## अवैध कब्जों पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सराहनीय : चमन राही

### कहा- 29 अक्तूबर को मंडी में जुटेंगे अवैध कब्जाधारी, रिपोर्ट तैयार कर सरकार को सौंपेंगे सूची

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



चमन राही व विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी।

अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही, सन्नी ईपन प्रदेश संयोजक, यशवंत गुलेरिया सेवादल के पूर्व सचिव, कर्म सिंह सैनी पिछड़ा वर्ग के सह संयोजक, परिषद की रविदास सभा के प्रदेश प्रचार सचिव गोविंद वर्धन, वाल्मीकि समाज सुधार समिति संस्थापक चंद्रवीर कागरा ने प्रेस को जारी सामूहिक बयान में कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा अवैध कब्जों को लेकर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश सराहनीय है।

चमन राही ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए कब्जाधारियों को राहत प्रदान की है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई द्वारा दिए गया फैसला पूरे देश के लिए ऐतिहासिक फैसला है। हिमाचल जैसे पहाड़ी क्षेत्र में ढाई लाख से अधिक लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि महाअधिवक्ता अनूप कुमार रत्न ने नेतृत्व में प्रदेश सरकार का सुप्रीम कोर्ट में जरूरतमंद, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक के लोगों का मजबूती से पक्ष रखा और कहा कि कब्जाधारी पिछले 70 से 80 सालों से उसी जमीन पर रह रहे हैं, जिनके राशन कार्ड, बिजली के मीटर आदि लगे हुए हैं और इन्होंने अपनी पूरी जिंदगी की कमाई घर बनाने में लगा दी थी। इस कारण हिमाचल की कांग्रेस की सरकार ने वन टाइम सेटमेंट करने की मजबूत दलीलें दी, जिसको सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। 29 मई 2000 को धूमल सरकार के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश भू-राजस्व अधिनियम की धारा 163ए के तहत लोगों से उनके अवैध कब्जों के बारे में जानकारियां एकत्र की थी और प्रलोभन करते हुए कहा था कि सरकार इनको नियमित करेगी। चमन ने कहा कि इसके लिए धूमल सरकार ने ढाई लाख लोगों से करोड़ों रुपए का शुल्क एकत्र किया था। उस समय भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं पार करते हुए कुछ कर्मचारियों और अधिकारियों ने गरीब व कमजोर तबके के लोगों को गुमराह किया था। सरकार के चहेतों ने ही अदालत की आड में निजी दुश्मनी निभाते हुए लोगों के घर तोड़ना शुरू किया था, जिस पर चमन राही के नेतृत्व में परिषद के लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर लोगों के घरों को बचाया था। चमन ने कहा कि बल्ह उपमंडल के भडयाल मुहाल में कर्म सिंह सैनी, अश्वनी, राकेश वालिया, डिंपल वालिया, प्रकाश चंद, दुर्गा जंवाल आदि के मकान तोड़ दिए गए हैं। ऐसे ही हजारों लोगों के मकान तोड़ने के आदेश आ गए थे, लेकिन ऐन मौके पर सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप संजीवनी बूटी बना है। चमन राही ने कहा कि 29 अक्तूबर को सेंट्रल जोन मंडी में जिलेभर के कब्जाधारियों की आपातकालीन बैठक बुलाई है, जिसमें वन टाइम सेटलमेंट के लिए एक एक की सूची तैयार कर प्रदेश सरकार को भेजी जाएगी।

**वरदान** जिले में 327 बेटियों के हाथ पीले करने के लिए एक करोड़ 66 लाख 77 हजार का शगुन

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना बनी गरीबों का सहारा

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** प्रदेश सरकार की ओर से गरीब व जरूरतमंद वर्गों के कल्याण के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं, जिनका लाभ उठाकर लाभार्थियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना गरीब परिवारों की बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना का लाभ लेकर जिले के सैकड़ों गरीब व जरूरतमंद परिवार अपनी लाडलियों के हाथ पीले कर पाए हैं।

मुख्यमंत्री सुक्खू की वर्तमान सरकार द्वारा अप्रैल, 2023 से जुलाई, 2025 तक इस योजना के तहत जिले में 327 जरूरतमंद परिवारों को 51-51 हजार रुपए की राशि शगुन के रूप में बेटियों की शादी के लिए प्रदान की गई है। इस पर एक करोड़ 66 लाख 77 हजार रुपए की राशि व्यय की गई है। सरकार ने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत जरूरतमंद बेटियों की शादी के लिए सहायता राशि को बढ़ाकर 51 हजार रुपए किया गया है।



लाभान्वित परिवार।

### ये दस्तावेज करवाने होंगे जमा

**योजना** का लाभ लेने के लिए लड़की का आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, परिवार का आय प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ जमा करवाने के साथ-साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी (एकीकृत बाल विकास परियोजना) अथवा अपने नजदीकी बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय में आवेदन करना होगा।

### लाभार्थी बोले- बेटी की शादी करने में काफी मदद मिली

**पधर** उपमंडल की गवाली के गांव पंडल की बनीता, सरकाघाट उपमंडल के गांव मतलग फलाड की किरण कुमारी का कहना है कि इस योजना से उन्हें अपनी बेटी की शादी करने में काफी मदद मिली। सरकाघाट उपमंडल के गांव कलोट डाकघर रखोह की एक अन्य लाभार्थी मनीषा कुमारी, लडभड़ोल के सिमस की मीरा देवी, करसोग के तेवन की दीक्षा कुमारी, थुनाग के गुनास की मथरू देवी तथ गोहर के कांडी टिल्ली की रचना देवी ने योजना के तहत बेटी की शादी में 51 हजार की सहायता राशि जारी करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

### योजना का लाभ लेने के लिए क्या है पात्रता

जिन लड़कियों के पिता की मौत हो चुकी हो या जिन लड़कियों के पिता पैसा कमाने में सक्षम न हों या किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त होकर बिस्तर पर हों, ऐसे पात्र लाभार्थियों को बेटी की शादी पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। अभिभावकों की सालाना आय 50 हजार रुपए से कम होनी चाहिए तथा लड़की की आयु 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। शादी होने के छह माह तक भी आवेदन कर सकते हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय बदरेल ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या योजना के तहत जिले की 327 बेटियों को अप्रैल, 2023 से जुलाई, 2025 तक 51-51 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई है। जरूरतमंद परिवार इस योजना का लाभ लेने के लिए उनके कार्यालय अथवा नजदीकी बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

## आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग करेगा चयनित गांवों और वार्डों में सर्वेक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश सरकार के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा मंडी जिले में आर्थिक एवं सामाजिक पहलुओं पर सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा। इसके लिए जिले में आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के प्रगणकों को तैनात किया गया है। डीसी अपूर्व देवगन ने बताया कि आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा सामाजिक एवं कार्यान्वयन मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से राज्य में विभिन्न सामाजिक-आर्थिक संकेतकों पर राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण का क्षेत्रीय कार्य किया जाता है। सर्वेक्षण के माध्यम से एकत्रित आंकड़ों से योजना निर्माण में मदद मिलती है और सरकार की विभिन्न नीतियों के कार्यान्वयन के लिए दिशा मिलती है। सर्वेक्षण के दौरान जिला सांख्यिकी कार्यालय मंडी के प्रगणकों द्वारा जिला के चयनित गांवों व वार्डों में घर-घर जाकर सूचना टैब एप्लीकेशन के माध्यम से एकत्रित की जाएगी। डीसी ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इन कर्मचारियों के साथ सहयोग करें तथा उन्हें सही, सटीक व वास्तविक जानकारी प्रदान करें।

# दिवाली पर अस्पताल स्टाफ और सफाई कर्मियों को दिए उपहार



कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए नीरज हांडा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**100 लोगों को दीपावली के उपहार दिए**

**दीपावली** के उपलक्ष्य में क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अस्पताल के स्टाफ, नगर निगम के सफाई कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों को मिठाई और उपहार वितरित किए गए।

यह आयोजन समाजसेवी नीरज हांडा और राजू की अगुवाई में किया गया, जिन्होंने मानव सेवा को ही सच्ची सेवा बताते हुए सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मंडी के जिलाधीश अपूर्व देवगन, महापौर विजय भट्ट शर्मा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 100 लोगों को दीपावली के उपहार दिए गए। इस दौरान डीएसपी दिनेश कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त विजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपाली शर्मा और एमएस डॉक्टर दिनेश ठाकुर भी मौजूद रहे। समाजसेवी नीरज हांडा और राजू ने मंडी सहित प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## न्यूज ब्रीफ

### व्यक्तित्व विकास का माध्यम बना एनएसएस कैंप

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरवाईं में वीरवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य निर्मल कुमार द्वारा किया गया। एनएसएस शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रवक्ता गणित सुनील कुमार एवं प्रवक्ता कॉमर्स रेणु सरोच के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेवियों ने विद्यालय भवन के चारों ओर झाड़ियों, पॉलिथीन और कूड़े-कचरे की सफाई कर स्वच्छता अभियान में भाग लिया। प्रधानाचार्य निर्मल कुमार ने इस अवसर पर स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और सामाजिक जागरूकता के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं। उन्होंने वालंटियर्स से समाज सेवा, सड़क सुरक्षा और नशा उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को गंभीरता से समझने और इन्हें अपने व्यवहार में उतारने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक एनएसएस स्वयंसेवक को समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि शिविर में कुल 50 स्वयंसेवियों ने भाग लिया, जो कि एनएसएस के प्रति उनकी रुचि और समर्पण को दर्शाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी अध्यापकगण भी उपस्थित रहे और स्वयंसेवकों की सराहना की।

### 9845 प्रशिक्षुओं को योजनाओं से किया प्रशिक्षित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पंजाब नेशनल बैंक आरसेटी ऊना में कंस्ट्रक्शन एंड मेसनरी वर्क विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला गुरुवार को शुरू हुई। इस कार्यशाला का उद्घाटन नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने किया। यह प्रशिक्षण हिमाचल प्रदेश के विभिन्न आरसेटी संस्थानों से आए अभ्यर्थियों के लिए आयोजित किया गया है। मनोज कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में कंस्ट्रक्शन एंड मेसनरी वर्क प्रशिक्षण का यह पहला बैच ऊना से प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय प्रशिक्षण पूरा करने के बाद प्रतिभागियों को प्रमाणित प्रशिक्षक के रूप में मान्यता मिलेगी, जिससे वे प्रदेश के साथ-साथ देशभर में मेसनरी क्षेत्र में प्रशिक्षण देने के योग्य बनेंगे। राज्य नियंत्रक आरसेटीज हिमाचल प्रदेश डॉ. अंबिका साहू ने बताया कि राज्य के सभी जिलों से चयनित प्रतिभागियों को इस प्रशिक्षण में शामिल किया गया है। प्रशिक्षण के बाद अभ्यर्थियों का कंप्यूटर आधारित टेस्ट और स्किल टेस्ट विशेषज्ञों द्वारा लिया जाएगा। डॉ. साहू ने कहा कि इस वित्त वर्ष में प्रदेश को 1150 प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य मिला है। वर्तमान में प्रदेश में 10 आरसेटी संचालित हैं, जिनमें प्रत्येक को 150 प्रशिक्षु तैयार करने का लक्ष्य दिया गया है। सफल प्रतिभागियों को रूरल मेसन ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत प्रमाणित प्रशिक्षक के रूप में पैनल में शामिल किया जाएगा। मुख्य अग्रणी बैंक प्रबंधक संजीव सक्सेना ने बताया कि पीएनबी आरसेटी ऊना की स्थापना 2010 में हुई थी। अब तक यहां 64 प्रकार की प्रशिक्षण योजनाओं के तहत 372 बैचों में 9845 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

### टेस्टिंग कैंप से लौटे रोवर्स का सम्मान

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना के 6 रोवर्स निपुण टेस्टिंग कैंप में सफल होकर लौटे हैं। यह कैंप राज्य प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर जिला मंडी में 9 अक्तूबर से 13 अक्तूबर तक करवाया गया। इसमें हिमाचल प्रदेश के 41 महाविद्यालयों के रोवर्स ने भाग लिया, जिसमें विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करवाई गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर मीता शर्मा ने इन रोवर्स को प्रशस्ति पत्र देकर बधाई दी। इस कार्यक्रम में डॉ शाम सिंह बैंस ने पाठ्यक्रम के सदस्य के रूप में सेवा दी। यह जानकारी रोवर स्काउट लीडर डॉ. शाम सिंह बैंस ने दी।

### रॉक गार्डन व सुखना झील में सीखी नई बातें

**अनंत ज्ञान, बडूही।** प्रधानमंत्री श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चूरूडू के छात्रों ने ग्रीन स्कूल कंपोनेंट के अंतर्गत एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया। इस भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राएं शिक्षकों के मार्गदर्शन में चंडीगढ़ के प्रसिद्ध रॉक गार्डन और सुखना लेक पहुंचेज रॉक गार्डन में बच्चों ने अपशिष्ट पदार्थों से तैयार की गई अनोखी कलाकृतियों को देखा और यह समझा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए कचरे का पुनः उपयोग (रीसाइक्लिंग) किस प्रकार उपयोगी हो सकता है। छात्रों ने यहां कला और सृजनात्मकता के साथ-साथ पर्यावरणीय जागरूकता के भी कई पहलू सीखे। इसके बाद बच्चों ने सुखना झील का भ्रमण किया, जहां उन्होंने प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया और झील संरक्षण से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य असलम मोहम्मद ने बताया कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण न केवल छात्रों के मानसिक तनाव को कम करते हैं, बल्कि उनके सर्वांगीण और मानसिक विकास को भी प्रोत्साहित करते हैं।

# बंगाणा में प्रतिबंधित पॉलीथिन के उपयोग पर काटे चालान

## 9500 वसूला जुर्माना, सरकार की ओर से तय मानक के लिफाफे का ही प्रयोग करें

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** जिला नियंत्रण खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले ऊना राजीव शर्मा की अगुवाई में विभागीय निरीक्षक खाद्य नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले बंगाणा नरेश कुमार की टीम ने उपमंडल बंगाणा में वीरवार को बंगाणा बाजार का औचक निरीक्षण किया व निरीक्षण के दौरान सब्जी की दुकानों, फास्ट फूड, करियाना की दुकानों, होटल, ढाबों से प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग करने पर चालान करके 9500 जुर्माना राशि वसूल की तथा विभागीय टीम के निरीक्षक नरेश कुमार द्वारा समस्त दुकानदारों को हिदायत दी गई कि वह प्रतिबंध पॉलिथीन का प्रयोग न करें और सरकार की ओर से तय मानक के लिफाफे का ही प्रयोग करें। होटल, ढाबा, चिकन कॉर्नर, व फास्ट फूड की दुकानों के मालिकों को भी सख्त हिदायत दी गई कि वह व्यवसाय के लिए व्यावसायिक गैस सिलेंडर, जो 19


बाजार में चालान काटते हुए अधिकारी नरेश कुमार।

किलोग्राम का होता है, उसका ही उपयोग करें। जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता ऊना राजीव शर्मा ने बताया कि यह कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी और घरेलू गैस सिलेंडर किसी भी दुकान पर पाया जाता है, तो उस पर कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। नरेश कुमार ने कहा कि त्योहारों का सीजन चल रहा है। इसमें प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग गैर कानूनी है जिस पर ज्यादा सख्ती की जाएगी।

# ऊना जिले के दस मंडलों के अध्यक्ष नियुक्त

## राम किशन को कुटलैहड़ अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष पद की कमान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जिला ऊना के अध्यक्ष सूरम सिंह ने वीरवार को बंगाणा में मीडिया के समक्ष जिला कार्यकारिणी की घोषणा की।

उन्होंने बताया कि संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से जिला कार्यकारिणी के साथ-साथ जिले के दस मंडलों के अध्यक्षों की नियुक्ति भी की गई है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों को पहुंचाना है, ताकि अनुसूचित जाति वर्ग का समग्र विकास हो सके। सूरम सिंह ने बताया कि नवगठित जिला कार्यकारिणी में महामंत्री के रूप में जगदीश राम तथा सुमन कुमार को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त रामपाल, गुरचरण और नरेंद्र को उपाध्यक्ष बनाया गया है। तरसेम, बृजलाल, नमता, सुरेंद्र और चमनलाल सचिव के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगे, जबकि सुभाष कुमार को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिला कार्यकारिणी सदस्यों में सोमनाथ, राजेश कुमार, रमेश, विजय, राधे श्याम, पवन कुमार,



अनिल भाटिया, मेहर चंद, गौरव कुमार, प्रवीण कुमार, संदीप, दलजीत, विजय कुमार, प्रीतम चंद, रूप चंद, श्याम लाल और बक्शीस को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला ऊना के दसों मंडलों के लिए अध्यक्षों की भी घोषणा की गई है।

कुटलैहड़ मंडल से राम किशन सुमन मझियानी, डेरा बाबा रूद्रानंद से नरेंद्र कुमार, ऊना विधानसभा क्षेत्र से बलबिंदर सिंह और दूसरे मंडल से बुद्धि सिंह, चिंतपूर्णी से श्याम रत्न, चिंतपूर्णी लोहर से ब्रह्मदास, गगरेट से कमलजीर, दौलतपुर से नानकचंद, हरौली खास से बलदेव सिंह, और हरौली बीट से कुलबीर सिंह को अध्यक्ष बनाया गया है। सूरम सिंह ने कहा कि सभी नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों को 19 अक्तूबर से पहले अपने-अपने मंडल की कार्यकारिणी घोषित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यकारिणी पार्टी के अनुशासन और संगठन की मजबूती के लिए काम करेगी।उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व राज्य भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, विधायक सतपाल सत्ती, पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो, डॉ. राम कुमार, बलबीर चौधरी, राजेश ठाकुर, चैतन्य शर्मा और श्याम मिन्हास का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनकी सलाह व मार्गदर्शन से ही यह कार्यकारिणी घोषित की गई है। जिलाध्यक्ष सूरम सिंह ने कहा कि मोर्चा का मुख्य उद्देश्य 2027 के विधानसभा चुनावों में जिला ऊना की पांचों सीटों पर भाजपा की विजय सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करेंगे, ताकि जनता तक केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाएं पहुंचे और समाज के हर वर्ग का विकास सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़,कार्यालय सचिव राजेंद्र ठाकुर मौजूद रहे।

## थानाकलां-खुरवाईं रोड वाया त्यार एक माह के लिए बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** थानाकलां-खुरवाईं रोड वाया त्यार (किलोमीटर 3/300 से 6/600) 17 अक्तूबर से 17 नवंबर (एक माह) तक बंद रहेगा। इस अवधि के दौरान यातायात को कक्राणा, घुंगन, हरोट और थानाकलां से क्यारियां रोड पर मोड़ा गया है। डीसी ऊना जतिन लाल ने इस संबंध में मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 115 और 116 के तहत आदेश जारी किए हैं, ताकि सड़क अपग्रडेशन सहित अन्य निर्माण कार्यों को सुचारू और त्वरित किया जा सके। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि लोगों को पहले से सूचित करने के लिए सड़क पर संकेतक बोर्ड लगाएं और सूचना प्रसार के सभी माध्यमों का उपयोग किया जाए। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि इस अवधि में यात्रा के लिए वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल करें।

# भूकंपरोधी भवन बनाने को लेकर जगाई अलख

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना द्वारा आयोजित आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं समर्थ कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत वीरवार को उपमंडल हरोली के मुख्य बाजार और टाहलीवाल चौक में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबद्ध पूर्वी कला मंच जलग्रां टब्बा के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटकों और समूह गीतों के माध्यम से लोगों को भूकंपरोधी भवन निर्माण के प्रति जागरूक किया।

कलाकारों ने बताया कि भवन चाहे आवासीय हों या व्यवसायिक, सभी का निर्माण भूकंपरोधी तकनीकों से किया जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि आपदा के समय जानमाल की हानि को न्यूनतम किया जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के संरचनात्मक परिवर्तन से पहले योग्य अभियंता


हरोली और टाहलीवाल में नुक्कड़-नाटकों के जरिए लोगों को जागरूक करते हुए।

से परामर्श लेना आवश्यक है। कार्यक्रम में भवन निर्माण में प्रयोग की जाने वाली सामग्रियों जैसे कि उत्तम सीमेंट मोर्टार, क्षैतिज भूकंपरोधी बैंड, ईंट की दीवारों का सुदृढ़ीकरण, उद्घाटनों के जांब्स में खड़ी सुदृढ़ीकरण और मजबूत नींव की तकनीकियों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही कलाकारों ने पर्यावरण संरक्षण के संदेश को लेकर पेड़ लगाओ-पर्यावरण बचाओ विषय पर समूह गीत प्रस्तुत किया। इस गीत के माध्यम से भूमि कटाव की रोकथाम और पौधारोपण के महत्व को भी रेखांकित किया गया। समर्थ 2025 कार्यक्रम के तहत 17 अक्तूबर को ईसपुर व पंडोगा, 18 को ऊना व झलेड़ा, 19 को संतोषगढ़ व मैहतपुर, 20 को लठियाणी व थानाकलां में जागरूकता अभियान जारी रहेगा। 21 से 25 अक्तूबर तक यह कार्यक्रम जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा, जहां नुक्कड़ नाटक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को आपदा जोखिमों और उपायों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

# तविश चौधरी ने चमकाया ऊना का नाम बैडमिंटन में लगातार दूसरी बार बने विजेता

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



जिला ऊना की आनंदा बैडमिंटन अकादमी के कोच राकेश कुमार ने बताया कि 39वीं प्रदेश स्तरीय सब जूनियर अंडर 11 व 13 बैडमिंटन प्रतियोगिता हिमाचल के शिमला में आयोजित हुई।

इसमें आनंदा बैडमिंटन अकादमी अंब में प्रशिक्षण प्राप्त करके ऊना के बच्चों ने प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार जीतकर जिला ऊना का नाम रोशन किया, जिसके हीरो रहे तविश चौधरी जिसने अंडर 11 ब्वॉयज सिंगल में लगातार दूसरी बार प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर खेलने जाएंगे। वहीं, पर तविश चौधरी ने अंडर-11 वर्ग डबल में भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जीतकर जिला ऊना का नाम रोशन किया। तविश चौधरी मात्र 10 वर्ष के हैं और उन्होंने अंडर-13 वर्ग में भी प्रदेश भर में नाम रोशन किया और प्रतियोगिता के फाइनल में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रक्रिया में अंडर 11 वर्ग गर्ल्स में 9 साल की आरुशि चौधरी ने प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में डबल वर्ग में फाइनल मुकाबले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता जीतकर जिला ऊना लौटकर आए तविश चौधरी व आरुशि चौधरी का जिला ऊना में जोरदार स्वागत किया।

## हरजोत ने बॉक्सिंग में राज्य स्तर पर जीता स्वर्ण पदक

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल बंगाणा की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भलौन के जमा एक के छात्र पवित्र हरजोत सिंह ने राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए बॉक्सिंग की 46 किलोग्राम वर्ग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। यह प्रतियोगिता हाल ही में सुंदरनगर में आयोजित की गई थी। इस उपलब्धि के आधार पर अब पवित्र हरजोत सिंह का चयन राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो आगामी दिनों में कर्नाटक में आयोजित की जाएगी। वीरवार को जब पवित्र हरजोत स्कूल पहुंचे, तो स्कूल के प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार, सभी स्टाफ सदस्यों और छात्रों ने उनका जोरदार स्वागत किया और इस उपलब्धि पर बधाई दी। प्रधानाचार्य ने कहा कि यह विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है।

## आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा में 19वां वार्षिक समारोह धूमधाम से संपन्न

# मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा में बुधवार को 19वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास और गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में स्थानीय विधायक विवेक शर्मा मुख्य अतिथि रहे, जबकि एसडीएम सोनू गोयल और तहसीलदार अमित शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा शर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक, खेलकूद और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में विद्यार्थियों की उपलब्धियों का विवरण साझा किया। बच्चों ने देशभक्ति गीतों, लोकनृत्य और लघु नाटिकाओं से सुसज्जित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। दर्शकों ने तालियों से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य


आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा में 19वें वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि पहुंचे विधायक विवेक शर्मा।

अतिथि विवेक शर्मा ने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। उन्होंने विद्यालय की शिक्षण गुणवत्ता की सराहना करते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही बच्चों के जलपान के लिए 5100 रुपए देने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों का आभार जताया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव देशराज मोदगिल, ब्लॉक अध्यक्ष राम आसरा, जिला परिषद सदस्य सत्या देवी, पूर्व सैनिक केवल कृष्ण, स्थानीय उपप्रधान अजय कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, अधिकारी, शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे अधिकारी, कर्मचारियों सहित बच्चों के अभिभावकों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## श्रेया का राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, बडूही।** उपमंडल अंब के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टकारला की छात्राओं ने जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की दो छात्राएं श्रेया पुत्री अवतार सिंह व अशमीत चौहान ने अंडर-14 आयु वर्ग की जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए श्रेया ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन के बल पर राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जिला शिमला के जुब्बल में 26 अक्तूबर से 29 अक्तूबर तक आयोजित की जाएगी। विद्यालय लौटने पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार बख्शी ने श्रेया और अशमीत दोनों छात्राओं को उनकी मेहनत और लगन के लिए बधाई दी।

## विजय शर्मा को कुटलैहड़ भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष की कमान

# किसानों के हितों की आवाज करेंगे बुलंद

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा किसान मोर्चा की कमान अब विजय शर्मा मुच्छाली के हाथों में आ गई है।

प्रदेश भाजपा नेतृत्व द्वारा जारी सूची में विजय शर्मा को किसान मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जिसके बाद क्षेत्र में कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। इस नियुक्ति पर विजय शर्मा ने कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो, जिला भाजपा अध्यक्ष तथा शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। बंगाणा में मीडिया से बातचीत करते हुए विजय शर्मा ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा किसान मोर्चा किसानों की रीढ़ है और पार्टी की नीतियों को गांव-गांव



तक पहुंचाने का कार्य निरंतर जारी रहेगा। शर्मा ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में किसानों की समस्याओं को सरकार के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा और उनके अधिकारों के लिए हर स्तर पर आवाज बुलंद की जाएगी। विजय शर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में बंगाणा मुख्यालय पर विशेष अभियान के तहत कृषि विभाग के सहयोग से किसानों को गेहूं सहित अन्य फसलों के प्रमाणित बीज उपलब्ध करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और मोर्चा इस दिशा में सेतु का कार्य करेगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी किसानों, कार्यकर्ताओं और युवाओं से संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि किसान मोर्चा सिर्फ आंदोलन का मंच नहीं, बल्कि समाधान का माध्यम भी बनेगा। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा आने वाले समय में प्रशिक्षण शिविरों, जागरूकता अभियानों और बीज वितरण कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देगा। प्रधान विजय शर्मा की नियुक्ति को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। विभिन्न पंचायतों के कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाइयां दीं और भरोसा जताया कि उनके नेतृत्व में किसान मोर्चा और अधिक सक्रिय होकर किसानों के हक में कार्य करेगा।

# अनुज की पदोन्नति, संघर्षों से सफलता की नई ऊंचाई

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

चिंतपूर्णी पुलिस थाना में कार्यरत अनुज शर्मा को सहायक सब-इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नति मिली है, जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। अनुज शर्मा की जीवन यात्रा संघर्षों से भरी हुई है, जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से सफलता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है।



अनुज शर्मा की उम्र मात्र साढ़े तीन साल थी, जब उनके पिता यशपाल शर्मा का निधन हो गया। इसके बाद उनकी मां सुनीता शर्मा ने घर-घर जाकर बर्तन साफ करके परिवार का पालन-पोषण किया और अनुज को शिक्षित करने के साथ-साथ उन्हें जीवन के मूल्यों और संस्कारों की शिक्षा दी। अनुज शर्मा ने वर्ष 2006 में हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग में अपनी सेवा आरंभ की। उन्होंने राज्यपाल और मुख्यमंत्री की सुरक्षा टीम में कार्य किया, धर्मशाला में परम पावन दलाई लामा की सुरक्षा में योगदान दिया, और मंडी, कुल्लू, शिमला, मनाली, किन्नौर और भाखड़ा डैम सिक्योरिटी जैसी महत्वपूर्ण तैनातियों पर अपनी निष्ठा और जिम्मेदारी से कर्तव्यों का निर्वहन किया। अनुज शर्मा ने अपनी पदोन्नति का श्रेय अपनी माता और मां चिंतपूर्णी को दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी मां की हिम्मत और संस्कारों ने उन्हें जीवन की हर परीक्षा में संभाला और सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाया। अनुज शर्मा की पदोन्नति का समाचार मिलने पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। गांव के लोग उनकी सफलता को अपनी सामूहिक उपलब्धि मान रहे हैं और उनकी पदोन्नति पर बधाई दे रहे हैं। अनुज शर्मा की कहानी उन लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है जो जीवन में संघर्षों का सामना कर रहे हैं और सफलता की राह पर चलना चाहते हैं।

**परेशानी** अव्यवस्थित यातायात से बढ़ा खतरा, दुकानदारों ने मांगी स्थायी व्यवस्था

# बडूही बाजार में रेन शेल्टर बना 'शोपीस'

**अनंत ज्ञान, बडूही**

उपमंडल बंगाणा की उप-तहसील जोल के अंतर्गत बडूही बाजार में यात्रियों की सुविधा के लिए बनाया गया रेन शेल्टर अब शोपीस बनकर रह गया है। यात्रियों को राहत देने के उद्देश्य से निर्मित यह शेल्टर आज खुद परेशानी का कारण बन गया है। रेन शेल्टर के ठीक आगे हमेशा वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं। ऊना से अंब की ओर जाने वाली बसें वहां रुक नहीं पातीं, जिससे यात्रियों को बीच सड़क पर ही चढ़ना-उतरना पड़ता है।

यह स्थिति न केवल यात्रियों की सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि पूरे बाजार की यातायात व्यवस्था को अस्त-व्यस्त कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बडूही बाजार में अंब की ओर जाने वाला रास्ता तीखा मोड़ लिए हुए है, ऐसे में जब बसें बीच सड़क पर खड़ी होती हैं, तो सामने से आने वाले वाहनों को निकलने में भारी परेशानी होती है। कई बार बसों व अन्य वाहनों के बीच टक्कर जैसी स्थिति बन जाती


रेन शेल्टर के ठीक आगे वाहनों की लगी लंबी कतारें।

है। पहले भी यहां छोटे-मोटे हादसे हो चुके हैं। करीब तीन वर्ष पूर्व बाजार में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए एक पुलिस कर्मी तैनात किया गया था, जिससे स्थिति काफी हद तक सुधरी थी, लेकिन अब वहां कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं है, जिसके चलते समस्या फिर से गंभीर रूप ले चुकी है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि बाजार में गाड़ियों की अव्यवस्थित पार्किंग के कारण जाम लगना आम बात हो गई है। रेन शेल्टर के आगे पार्किंग से यात्रियों को भारी असुविधा होती है, खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को। इसके अलावा, बडूही से चौकीमन्यार, सोहारी व तलमेहड़ा की ओर जाने वाली बसें भी बीच चौक में खड़ी रहती हैं। इससे ऊना से चौकीमन्यार की दिशा में आने-जाने वाले वाहनों को गलत दिशा से मुड़ना पड़ता है, जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। दुकानदारों ने मांग की है कि इन बसों के लिए बडूही-चौकीमन्यार मार्ग पर कोई वैकल्पिक स्थान निर्धारित किया जाए, ताकि चौक का सुचारु उपयोग हो सके।

व्यापार मंडल के प्रधान नरेंद्र शर्मा ने बताया कि कई बार प्रशासन व पुलिस विभाग को इस समस्या से अवगत करवाया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने मांग की कि रेन शेल्टर के आगे पार्किंग पर प्रतिबंध लगाया जाए, चौक में बसें खड़ी करने पर रोक लगे, और बाजार में दोबारा पुलिस कर्मी तैनात किए जाएं, ताकि दुकानदारों और राहगीरों को राहत मिल सके। थाना प्रभारी बंगाणा रोहित चौधरी ने बताया कि बडूही बाजार में रेन शेल्टर व बसों की रुकावट संबंधी समस्या उनके ध्यान में आई है। जल्द ही वहां पुलिस कर्मी तैनात किए जाएंगे, ताकि यातायात व्यवस्था को सुचारु किया जा सके और लोगों को राहत मिले।

# भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ ने महंगाई भत्ते की अधिसूचना को बताया विश्वासघात

**अनंत ज्ञान, ऊना**

शिमला से भाजपा पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजीव वशिष्ठ, अशोक धीमन, रामदेव अग्निहोत्री, अजय पराशर, हरभजन सिंह गुलेरिया, हरबंस लाल सैनी और नरेश भारद्वाज ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रदेश सरकार द्वारा जुलाई 2024 के लिए घोषित केवल 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते की किश्त को कर्मचारियों और पेंशनरों के साथ बड़ा मजाक और विश्वासघात बताया है। वक्ताओं ने कहा कि सरकार को पहले जुलाई 2023 और जनवरी 2024 की 4+4 प्रतिशत की बकाया किश्तों का भुगतान एरियर सहित करना चाहिए था।

वर्तमान अधूरी घोषणा यह दर्शाती है कि सरकार इन बकाया किश्तों को स्थायी रूप से फ्रीज करना चाहती है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदेश की संयुक्त संघर्ष समिति जिसमें पथ परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ज्वॉइंट कमेटी सहित 18 प्रमुख पेंशनर संघ शामिल हैं उन्होंने इस निर्णय का तीखा विरोध किया है। समिति ने सरकार को कई बार चेताया, लेकिन कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर 17 अक्तूबर को सभी जिलों में धरना-प्रदर्शन आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 17 अक्तूबर को प्रदेश के पेंशनर सरकार को अपना 'ट्रेलर' दिखाएंगे और यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आगे पूरी 'फिल्म' रिलीज की जाएगी। समिति की 17 मांगें तब तक प्रभावी रहेंगी जब तक सरकार उन्हें लिखित रूप में स्वीकार कर लागू नहीं करती।

समिति ने सरकार पर आरोप लगाया कि कुछ चुनिंदा पेंशनरों को आगे कर बाकी पेंशनरों को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है, जिसे बेनकाब किया जाएगा। उन्होंने सभी पेंशनर साथियों से अपील की है कि वे 17 अक्तूबर को अपने-अपने जिलों में आयोजित धरना-प्रदर्शन में भाग लें और सरकार को यह स्पष्ट संदेश दें कि शांतिपूर्ण परंतु दृढ़ संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक सभी बकाया किश्तों का भुगतान और अन्य मांगें पूरी नहीं होतीं। सरकार से एक बार फिर आग्रह किया गया है कि वह जुलाई 2023, जनवरी 2024 की 4+4 प्रतिशत किश्तों सहित जुलाई 2024 की किश्त का भी बकाया भुगतान करे और फ्रीजिंग की नीति को समाप्त करे। अन्यथा संघर्ष समिति को और कठोर कदम उठाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# युवावंती मर्डर केस: एसएचओ सैंज को हटाएं, अन्यथा होगा आंदोलन

अनंत ज्ञान, सैंज

बहुचर्चित सैंज देहुरी युवावंती रेप एवं मर्डर केस में थाना प्रभारी सैंज को उनके पद से हटाने की मांग ने जोर पकड़ लिया है। महिला मंडल में सरस्वती मंडल जाहिला ने कहा है कि यदि थाना प्रभारी सैंज को उनके पद से हटाया नहीं गया, तो विशाल आंदोलन होगा।

महिला मंडल ने आरोप लगाते हुए कहा है कि थाना प्रभारी सैंज सत्य प्रकाश ठाकुर व डीएसपी बंजार शेर सिंह ने इस मामले को दबाने का कार्य किया है और एसएचओ ने तो पुख्ता सबूतों को दबाया है। महिला मंडल जब थाना प्रभारी से मिलने गई थी, तो उन्होंने इस मामले में संलिप्त लोगों का साथ देते हुए कहा था कि इनके चरित्र खराब नहीं होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक थाना प्रभारी यहां है तो यहां की महिलाएं अपने आप को सुरक्षित नहीं समझ रही हैं और उक्त थाना प्रभारी युवावंती रेप व मर्डर केस को भी प्रभावित कर सकते हैं इसलिए जल्द थाना प्रभारी को चार्जशीट किया जाए। अन्यथा महिला मंडल स्थानीय लोगों

### महिला मंडल ने दी चेतावनी कहा-सबूतों से की है छेड़छाड़

के साथ कुल्लू आकर एसपी कार्यालय का घेराव करेंगी। उन्होंने कहा कि सैंज पुलिस थाना की पूरी टीम को हटाया जाए जिसमें किशोरी लाल व श्याम सिंह भी शामिल हैं। इस विषय को लेकर बुधवार को महिला मंडल की सदस्य एसपी कुल्लू से भी मिली और ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच स्वतंत्र तौर पर डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ को दी जाए, जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद पैदल चलकर आरोपियों को पकड़ा था। महिला मंडल ने बताया कि इस मामले में थाना प्रभारी ने सभी आरोपियों को बचाया था और बेगुनाह पति को इस केस में गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि सैंज घाटी के देहरा में 12 अगस्त को युवावंती के साथ बर्बता तरीके से पहले सामुहिक बलात्कार हुआ था और उसके बाद उसको मौत के घाट उतारा गया था। इस मामले में पति को गिरफ्तार किया था, जब महिला मंडल ने धरना-प्रदर्शन किया था और पुलिस को जगाया था तब एसपी कुल्लू ने एसआईटी गठित की थी। इस एसआईटी की टीम लीडर डीएसपी चंद्रशेखर कायथ ने तीन दिन के अंदर मामले को सुलझाते हुए इस मामले में अभी तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है और अन्य की जांच जारी है। तभी बेगुनाह पति भी रिहा हुआ था, जिसने कोई गुनाह ही नहीं किया था, लेकिन सैंज पुलिस ने गुनाहगारों को बचाया था और बेगुनाह को अंदर किया था। मां सरस्वती महिला मंडल जाहिला, प्रधान रुक्मणि, सचिव हरा देवी, सदस्य दुर्गा देवी, चूड़ामणि, कला, बीना देवी, रूमा देवी, मीरा देवी, मथुरा देवी, फूला देवी, लालदासी, खेलु देवी, रामदासी, खींमी देवी ऐलु देवी आदि महिलाओं ने बताया कि जब एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन ने जब दमदार ऑफिसर डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ को इस पूरे मामले की रिपोर्ट सौंपी उसके बाद उन्होंने इस मामले को प्रमुखता से उठाया, तब चार अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया।

# नए भारत के निर्माण में विकसित भारत एक व्यापक सामाजिक आंदोलन: अमित

अनंत ज्ञान, सैंज



कुल्लू जिले में भाजपा द्वारा नवगठित मंडल सैंज में वीरवार को विकसित भारत संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंडल के तमाम सदस्यों के साथ-साथ पार्टी के विभिन्न मोर्चों के सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष अमित सूद विशेष रूप से मौजूद रहे।

अमित सूद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान से देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने बताया कि यह अभियान केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि नए भारत के निर्माण का व्यापक सामाजिक आंदोलन है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करना भाजपा की प्राथमिकता है। जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे आत्मनिर्भर भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, वोकल फॉर लोकल जैसे कार्यक्रम आत्मनिर्भर भारत के मूल स्तंभ हैं, जिन्होंने गांव-गांव में युवाओं, महिलाओं और उद्यमियों को सशक्त किया है। पिछले एक दशक में भारत की आर्थिक नींव मजबूत हुई है और देश विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो चुका है। भाजपा सैंज मंडल के अध्यक्ष अमर ठाकुर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता केवल नारे नहीं लगाते, बल्कि संकल्प को कर्म में बदलते हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नीतियों को हर घर तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष भीमसेन शर्मा, जिला महामंत्री नवल नेगी, मंडल के महामंत्री शेर सिंह नेगी, गोपाल शर्मा सहित विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में बबेली स्थित निर्माणाधीन शी हाट परियोजना की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार, जिला पंचायत अधिकारी, खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों से शी हाट निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शी हाट जिला का एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है, जो महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों को बाजार से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना को निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण किए जाएं ताकि शी हाट को शीघ्र क्रियाशील किया जा सके। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि निर्माण कार्य से जुड़ी सभी प्रशासनिक और तकनीकी औपचारिकताओं को समय पर पूरा किया जाए।

# लाहौल के सेब ने दिल्ली में दी दस्तक, घाटी में सेब का तुड़ान जारी

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

केलांग। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में सेब की फसल तैयार होने पर तुड़ान के साथ पैकिंग का कार्य जोरों पर है। लाहौल के सेब ने कुल्लू, चंडीगढ़ व दिल्ली की मंडियों में दस्तक भी दे दी है।

घाटी के अधिकतर बागवानों ने सेब के बगीचे व्यापारियों को ठेके पर ही दे दिए हैं। जिन बागवानों ने सेब ठेके पर नहीं दिया है, उनका सेब 1,000 से 1,200 रुपए तक प्रति पेटी के हिसाब से बिक रहा है। पिछले कुछ सालों से सेब की फसल को हिमपात प्रभावित कर रहा है। इस साल भी हिमपात से भारी नुकसान हुआ है। अत्यधिक ठंड और मौसम में भारी बदलाव के कारण सेब का आकार छोटा है और उत्पादन भी कम है। बागवानों के अनुसार पिछले वर्ष के मुकाबले इस बार सेब के दामों में थोड़ा उछाल है लेकिन इस बार उत्पादन कम है। सेब का आकार और रंग अच्छा होने के बावजूद बागवानों को सेब के उम्दा दाम नहीं मिल रहे हैं। बागवानों ने कहा कि घाटी में सब्जी मंडी नहीं है। इसका बिचौलिए पूरा फायदा उठाते हैं। बागवान दोरजे, रिगजिन, सोनम व जगदीश का कहना है कि लाहुल स्पीति ठंडा, शुष्क शीतोष्ण क्षेत्र है और यहां बीमारी रहित जलवायु के कारण सेब उत्पादन के लिए उपयुक्त माना जाता है। जब नवंबर में प्रदेश व अन्य राज्यों में सेब सीजन समाप्ति की ओर होता है तब लाहौल-स्पीति का सेब मंडी में दस्तक देता है। उन्होंने बताया कि सेब की गुणवत्ता बेहतर होने के बावजूद बागवानों को अच्छे दाम नहीं मिल रहे हैं।

बागवान रोहित ने बताया कि सेब की किस्मों में रेड रॉयल, रेड चीफ, सुपर चीफ, रेड डिलीशियस, गोल्डन, स्कारलेट, स्पर वांस, ऑर्गन, स्पर गेल गाला, ग्रेमी स्मिथ जैसे विदेशी प्रजाति के पौधे भी उगाए जा रहे हैं। लाहुल घाटी में 1170 हेक्टेयर क्षेत्र में सेब का उत्पादन हो रहा है। घाटी में लगभग 4600 किसान परिवार हैं। इनमें 2500 परिवार कृषि व बागवानी से जुड़े हैं। प्रगतिशील बागवान सुरेश कुमार, रमेश लाल और वीर सिंह ने बताया कि इस बार सेब का उत्पादन भले ही कम है। बागवानी विभाग के एचडीओ प्यारे लाल शर्मा ने बताया कि इस समय लाहुल में 1170 हेक्टेयर जमीन में सेब का उत्पादन हो रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. विशाल बने मेडिकल काउंसिल के सदस्य

अनंत ज्ञान, मनाली। लाहौल-स्पीति निवासी डॉक्टर विशाल बौध को हिमाचल के राज्यपाल द्वारा हिमाचल प्रदेश मेडिकल काउंसिल शिमला का सदस्य चुना गया है। डॉक्टर विशाल बौध इन्दिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में एसिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हैं। डॉ बौद्ध द्वारा एम डी इन मैडिसन और गैस्ट्रो में सुपर स्पेलिस्ट हैं। सुपर स्पेलिस्ट उन्होंने पी जी आई चंडीगढ़ में की है। डॉ बौद्ध के कर्तव्य निष्ठा और अपने कार्य के प्रति लगन के चलते आज उन्हें राज्यपाल हिमाचल प्रदेश और प्रदेश सरकार द्वारा मनोनीत किया गया है।

### संतुलित आहार स्वस्थ जीवन का आधार: कुंदन

अनंत ज्ञान, मनाली। स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार का विशेष महत्व है क्योंकि इनमें कार्बोहाइड्रेड, प्रोटीन, वसा, विटामिन, मिनिरल्स, कैल्शियम, आयरन



आदि अपेक्षित मात्रा में होते हैं। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी कुंदन लाल ने मनाली में आयोजित जिला स्तरीय पोषण माह समापन शिविर में दी। उन्होंने कहा कि जीवन के लिए पोषण के पांच सूत्रों का अत्यंत महत्व है। जिनमें से बच्चे के पहले हजार दिन, पौष्टिक आहार, एनीमिया की रोकथाम व स्वच्छता आदि महत्वपूर्ण है। जिला कार्यक्रम अधिकारी कुंदन लाल जागरूकता व समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। पर्यवेक्षक दीपक शर्मा ने मंच का संचालन करते हुए मुख्यातिथि का कार्यक्रम में पधारने पर स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ मनाली सर्कल की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा समूहगान गाकर किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी कटराईं धनी राम ने माह भर चले पोषण जागरूकता कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। वहीं तहसील कल्याण अधिकारी मनाली राजीव देव द्वारा विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। जबकि रिसोर्स पर्सन के रूप में स्वास्थ्य विभाग से आए डा0 मोनिका शाशनी ने गर्भवती महिलाओं के लिए फोलिक एसिड का उपयोग व बच्चों के लिए मां के दूध की उपयोगिता के बारे में बताया। वहीं प्रसव के दौरान व प्रसव के उपरांत मां व बच्चे के स्वास्थ्य को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

### रंगोली में वृत जरी की टीम रही प्रथम स्थान पर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग द्वारा वीरवार को नेचर पार्क मौहल में पोषण माह के समापन दिवस के अवसर पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी गजेंद्र कुमार ने की तथा जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान की थीम पर एक रंगोली प्रतियोगिता तथा पोषण माह के अंतर्गत पारंपरिक व्यंजन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिला कल्याण अधिकारी ने उपस्थित जनसमूह को नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को सतर्क होकर समाज को नशा-मुक्त करने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने बताया कि 17 सितंबर से 16 अक्तूबर तक मनाए गए पोषण माह के दौरान सभी आंगनबाड़ी वृत्त और केंद्रों में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गईं। कुपोषण और अनीमिया को दूर करने के लिए विशेष ग्रोथ मॉनिटरिंग अभियान तथा जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। सुप्रसिद्ध लोक गायिका सरला चम्बयाल ने इस अवसर पर पोषण का संदेश देते कुल्लवी लोक गीत प्रस्तुत किए। रंगोली प्रतियोगिता में वृत जरी की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया तथा वृत भुंतर और वृत कुल्लू क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

# विधायक निधि पर श्वेत पत्र जारी करें विधायक: राम मियां

शीला कौल, अनंत ज्ञान



बंजार। बंजार में वीरवार को आपदा पुनर्वास को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता एपीएमसी कुल्लू एवं लाहुल-स्पीति के अध्यक्ष राम सिंह मियां ने की। बैठक में क्षेत्र में संभावित प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूस्खलन, अतिवृष्टि और सड़क बाधाओं से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की गई।

राम सिंह मियां ने कहा कि जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और आपदा के समय किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए ताकि आपातकालीन स्थिति में राहत कार्य प्रभावी ढंग से किए जा सकें। बैठक में प्रमुख सड़कों को बस योग्य बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मियां ने अनुपस्थित अधिकारियों पर नाराजगी जताई और विधायक सुरेंद्र शौरी से 15 करोड़ की विधायक निधि पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि विधायक फेसबुक पोस्ट और सेल्फी से विकास नहीं कर सकते, बल्कि केंद्रीय मंत्री से मिलकर नेशनल हाईवे-305 के लिए बजट लाना चाहिए। यदि 20 दिन में सड़क सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस विरोध प्रदर्शन करेगी। अंत में मियां ने सजगता, तैयारी और विभागीय समन्वय को आपदा प्रबंधन का सबसे बड़ा हथियार बताया।

# हाथ धोने के महत्व के बारे में किया जागरूक

अनंत ज्ञान, मनाली। आदर्श राजकीय केंद्रीय पाठशाला मनाली में रोटरी क्लब मनाली द्वारा विश्व हाथ धुलाई दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को हाथ की स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया और साबुन भी वितरित किए गए। बच्चों के हाथों को सही तरीके से धोने का अभ्यास करवाया गया और उन्हें हाथ धोने के फायदों के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि हाथ न धोने से खांसी, जुकाम, बुखार, पेट जैसी कई खतरनाक बीमारियां हो सकती हैं। रोटरी क्लब की प्रधान अमिता ठाकुर ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। स्कूल की प्रधानाचार्य अनुराधा ने रोटरी क्लब मनाली का इस महत्वपूर्ण पहल के लिए धन्यवाद दिया।

# पेंशनभोगी संघ ने सिरे से खारिज की सरकार की तीन फीसदी महंगाई भत्ते की अधिसूचना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ ने प्रदेश सरकार द्वारा 15 अक्तूबर को जारी तीन प्रतिशत मंहगाई भत्ते की अधिसूचना को सिरे से खारिज कर दिया है।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं ज़िला कांगड़ा पेंशनभोगी संघ के संयोजक नरेंद्र कुमार, महासचिव मिलाप चंद, प्रदेश उपाध्यक्ष खुशहाल चंद नेगी, सब्जा चंद, महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष लीला डोगरा, संगठन सचिव मनोरमा डोगरा, कोषाध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर, जिला कुल्लू पेंशनभोगी संघ के अध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं भुंतर खंड के अध्यक्ष ओंकार दत्त शर्मा, महासचिव किरण चंद शर्मा, उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, लीला वर्मा, भाग चंद ठाकुर, प्रदेश वरिष्ठ सलाहकार एमआर संगरोली, सलाहकार सीताराम ठाकुर, जयकृष्ण ठाकुर, जिला मंडी पेंशनभोगी संघ के



संयोजक कन्हैया लाल, कुल्लू शहरी इकाई के अध्यक्ष तेजा सिंह ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष खेम सिंह हांडा, सैंज इकाई के अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान, महासचिव शेर सिंह ठाकुर, आनी खंड इकाई के संयोजक मंगलदास तथा मनाली ब्लॉक के संयोजक नील सहित अनेक पेंशनर नेताओं ने कहा कि विगत दिन वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनर्स को एक जुलाई 2023 से देय चार प्रतिशत मंहगाई भत्ते की बजाय केवल तीन प्रतिशत मंहगाई भत्ते की किस्त दी गई है, जो कि कर्मचारियों और पेंशनर्स को कतई स्वीकार नहीं है।

एलआर गुलशन ने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनर्स को एक जुलाई 2023 से चार प्रतिशत, एक जनवरी 2024 से चार प्रतिशत, एक जुलाई 2024 से तीन प्रतिशत, एक जनवरी 2025 से दो प्रतिशत तथा एक जुलाई 2025 से तीन प्रतिशत मंहगाई भत्ते की कुल पांच किस्तें देय हैं जो कि अब तक कुल 58 प्रतिशत मंहगाई भत्ता देय हो गया है। पिछले विधानसभा सत्र में प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक सतपाल द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर में मुख्यमंत्री ने स्वयं माना है कि उपरोक्त दरों के अनुसार कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की किस्तें देय हैं, जबकि 15 अक्तूबर को जारी अधिसूचना के मुताबिक चार प्रतिशत की बजाए केवल तीन प्रतिशत की किस्त ही जारी की गई है, जो कि विधानसभा सत्र में मुख्यमंत्री के लिखित वक्तव्य में विरोधाभास पैदा करता है।

# ढालपुर में एसएसबी गुरिल्ला संघ कुल्लू की बैठक 19 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। एसएसबी गुरिल्ला संघ कुल्लू की आपातकालीन बैठक ढालपुर कुल्लू में रविवार 19 अक्तूबर को रखी गई है। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष प्रेम राणा करेंगे। 15 अक्तूबर को दिल्ली हाईकोर्ट में पेशी हुई है का विवरण मिटिंग में दिया जाएगा।

कुल्लू जिले के जो कोर्ट केस में जुड़े सभी सदस्य इस बैठक मे भाग लें। उन्होंने बताया कि अंतिम पेशी 4 नवंबर को होनी है और जीत निश्चित है और 26 अक्तूबर को संगठन के पदाधिकारी दिल्ली में बैठक में जाएंगे, वहां पर लिस्ट तैयार करनी है, जिसकी कोर्ट फीस जमा नहीं है, उसका नाम बाहर किया जाएगा। खासकर बंजार, सैंज, कोटला, गड़सा, बागीपुल लाहौल, बालीचौकी के सदस्य बैठक में जरूर आएं, नहीं तो लिस्ट से नाम बाहर कर दिया जाएगा।

# गुगरा से कुटवा तक पांच माह से ठप बस सेवा

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

आनी। आनी की देवठी पंचायत के अंतर्गत आने वाले देवठी, कुटवा, डघुट, डोहवी, नथाड़, जौह, डींग, धार, शरण और घनेर सहित कई गांवों के लोगों को पिछले पांच माह से एचआरटीसी बस सुविधा न मिलने के कारण भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

देवठी पंचायत की प्रधान सुषमा देवी का कहना है कि जून माह में बरसातों में जगह-जगह सड़क मार्ग बाधित होने के चलते बस सेवा पूरी तरह बंद पड़ी है। स्थानीय लोग छोटे वाहनों, दूध से भरी पिकअप व बोलेरो कैंपर में मजबूरी में सफर कर रहे हैं, जिनमें प्रति सवारी 100 रुपए तक किराया वसूला जा रहा है, जबकि सामान के अलग से पैसे देने पड़ते हैं, जबकि कई लोगों को पैदल सफर करने को मजबूर होना पड़ रहा है, जबकि ग्रामीणों व लोक निर्माण विभाग ने डिंग से कुटवा के बीच सेब की फसल को मंडियों तक पहुंचाने के लिए किसी तरह पिकअप के गुजरने के लायक सड़क मार्ग बहाल किया था।

## गुगरा से डींग तक सड़क ठीक, फिर भी नहीं भेज रहे बस

चंदू लाल, तेज राम, जगदीश, रमेश, राजेश, ज्योति लाल, राज कुमार, राम कृष्ण, सौरभ कुमार आदि ग्रामीणों का कहना है कि गुगरा से डिंग तक करीब साढ़े चार किलोमीटर सड़क पूरी तरह ठीक है, इसलिए इस हिस्से तक बसें भेजी जा सकती हैं। हालांकि, डिंग से कुटवा तक करीब साढ़े पांच किलोमीटर सड़क मार्ग में कई स्थानों पर डंगे गिर चुके हैं, धार कैंची व शारचा नाला के समीप दो डंगे टूटे हैं, डघुट के साथ और जोह गांव के नीचे भूस्खलन हुआ है। वहीं, जोह गांव के नीचे बना बड़ा कलवर्ट व ड्रेन की कमी के कारण गांव को भी खतरा बना हुआ है। डवारा-कोड़ी क्षेत्र में भी लगातार भूस्खलन का खतरा बना है। इन हालातों में डिंग से आगे सड़क बहाली में महीनों लग सकते हैं।

## ग्रामीणों का आरोप, एचआरटीसी अनसुनी कर रहा

ग्रामीणों का आरोप है कि एचआरटीसी उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं ले रही और डिंग तक बस सेवा शुरू करने की मांग अनसुनी कर रही है। उनका कहना है कि कम से कम दिन में एक बार सुबह व एक बार शाम को बस सेवा शुरू की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। साथ ही लोगों ने चेताया है कि यदि लोगों की समस्या को देखते हुए जल्द बस सेवा बहाल न की गई तो लोग मजबूरन एचआरटीसी के खिलाफ आनी बस अड्डे पर धरने पर बैठ जाएंगे।

## आधे रास्ते तक बस भेजने में निगम को होगा नुकसान

वहीं, एचआरटीसी रामपुर डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक उमेश ठाकुर का कहना है कि आनी अड्डा इंचार्ज से फीडबैक लेने पर पता चला कि गुगरा से डिंग तक बस भेजने से निगम को नुकसान होगा। फिलहाल गुगरा तक और गुगरा होकर पहले से कई बसें चल रही हैं इसलिए ग्रामीणों को फिलहाल वहीं से यात्रा की व्यवस्था करनी होगी।

# कटराईं बाजार में सड़क से उखड़े स्पीड ब्रेकर्स, दुर्घटना का बढ़ा खतरा

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान



पतलीकूहल। लोक निर्माण विभाग द्वारा कटराईं बाजार में सड़क पर वाहनों की तेज गति पर लगाम लगाने के लिए लगाए गए स्पीड ब्रेकर्स उखड़ चुके हैं।

इस कारण सड़क पर एक बार फिर ओवर-स्पीड वाहनों का दनदनाना शुरू हो गया है, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय निवासियों में इसको लेकर चिंता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, लोक निर्माण विभाग ने लगभग 8 महीने पहले इस सड़क पर स्पीड ब्रेकर्स लगवाए थे, जिससे पैदल चलने वाले लोगों, विशेष रूप से राहगीरों और स्कूली बच्चों को बड़ी राहत मिली थी। लेकिन हालिया बरसात के कारण ये स्पीड ब्रेकर पूरी तरह से उखड़ चुके हैं। स्थिति फिर से पहले जैसी हो गई है, जहाँ वाहन चालक तेज गति से वाहनों को दौड़ा रहे हैं। यह कटराईं का एक छोटा सा बाजार है, जहां दिन के समय स्कूली बच्चों का खासा जमावड़ा रहता है। दिन भर ओवर स्पीड वाहन इस सड़क से गुजरते हैं, जिससे हर समय किसी अनहोनी घटना के घटित होने का डर बना रहता है। पैदल चलने वाले राहगीरों और स्कूली बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए, स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग से गुहार लगाई है कि क्षतिग्रस्त स्पीड ब्रेकर्स की जल्द मरम्मत की जाए। उनका कहना है कि इस कदम से न केवल दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा, बल्कि सड़क पर चलने वाले सभी लोगों को आवश्यक सुरक्षा और राहत भी मिल सकेगी।

# लाहौल में स्थानीय समुदाय आधारित स्थायी पर्यटन का मॉडल विकसित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

हिमाचल प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई संस्थाएं सक्रिय हैं। इसी क्रम में पीपल फॉर हिमालयन डेवलपमेंट संस्था ने अन्य सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर लाहौल घाटी में स्थानीय परंपराओं, प्रकृति और समुदाय आधारित स्थायी पर्यटन के मॉडल पर काम शुरू किया है।

15 और 16 अक्तूबर को सिस्सू में आयोजित दो दिवसीय होमस्टे मार्केटिंग कार्यशाला ने स्थानीय समुदाय को आत्मनिर्भर पर्यटन की ओर प्रेरित किया। यह कार्यशाला प्रोजेक्ट जन स्वामित्व और जन संचालन आधारित पर्यटन के तहत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य स्थानीय लोगों को पर्यटन विकास का स्वामी और संचालक बनाना है। संस्था के प्रबंध निदेशक संदीप मिन्हास ने कहा, स्थायी पर्यटन तभी संभव है जब स्थानीय समुदाय खुद इसका नेतृत्व करे और इससे सीधे लाभ प्राप्त करें। पिछले दो वर्षों से अविनाश शर्मा और ललिता ने रॉयल एनफील्ड सोशल मिशन के सहयोग से इस परियोजना को सिस्सू व कोक्सर क्षेत्र में सफलतापूर्वक लागू किया है। कार्यशाला में सिस्सू और कोक्सर के लगभग 30 होमस्टे संचालकों ने भाग लिया। होमस्टेज़ ऑफ इंडिया के सह-संस्थापक विनोद और शैल्जा ने डिजिटल माध्यमों से होमस्टे प्रचार, अतिथियों के अनुभव सुधारने और स्थानीय संसाधनों पर बेहतर आतिथ्य प्रदान करने के तरीकों पर प्रशिक्षण दिया।

चेरी होमस्टे की संचालिका सुनीता ने बताया कि कार्यशाला ने उन्हें होमस्टे को पेशेवर और भावनात्मक रूप से प्रस्तुत करने का आत्मविश्वास दिया है। इस वर्ष पंचायत पर्यटन विकास समितियों द्वारा बनाए गए होमस्टे दिशानिर्देशों को अपनाकर सेवा गुणवत्ता, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और सामुदायिक लाभ के नए मानक स्थापित हुए हैं। आने वाले छह महीनों में पांच होमस्टे संचालक होमस्टेज़ ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे ताकि वे स्थायी पर्यटन मॉडल के उदाहरण बन सकें। संदीप मिन्हास ने कहा, यह परियोजना केवल पर्यटन का विकास नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का आंदोलन है, जिसमें ग्राम पंचायतों और समुदायों की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। स्थानीय होमस्टे संचालकों की जिम्मेदारी और लगन लाहौल क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है।

**निर्णय** भूस्खलन से क्षतिग्रस्त गुशैणी स्कूल के 550 छात्रों को मिला सहारा, अब बाडीरोपा में चलेंगी कक्षाएं

# तीर्थन घाटी के महेंद्र सिंह ने खोला शिक्षा का द्वार

अनंत ज्ञान तीर्थन

उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुशैनी का भवन हाल ही में हुए भूस्खलन में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

इससे यहां के विद्यार्थियों की पढ़ाई पर संकट छा गया था, लेकिन आपदा की इस घड़ी में ग्राम पंचायत कंडीधार के उपप्रधान महेंद्र सिंह चौहान ने आगे बढ़कर अपने निजी भवन को वैकल्पिक स्कूल भवन के रूप में निशुल्क उपलब्ध करवाया है, ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो। गत माह स्कूल प्रबंधन समिति की बैठकों में निर्णय लिया गया था कि जब तक नए भवन के लिए जगह का चयन और निर्माण नहीं होता है, बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के लिए कोई वेकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। जून से सितंबर माह तक हुई भारी बारिश व भूसखलन के कारण गुशेनी विद्यालय का एक भवन पूरी तरह से ढह गया था, जबकि एक अन्य भवन को भी खतरा बना हुआ है, जिससे यहां पर करीब 550 बच्चों की पढ़ाई बाधित हो गई थी। इस कठिन परिस्थिति में महेंद्र सिंह चौहान ने आगे बढ़कर समाज सेवा की मिसाल पेश की और अपने निजी भवन को मार्च 2026 तक निशुल्क विद्यालय भवन के रूप में सेवा भाव से देने का निर्णय लिया। इस निर्णय से आपदा प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों की पढ़ाई में आई रुकावट अब समाप्त होगी, जिससे बच्चों, अध्यापकों और अभिभावकों ने राहत की सांस ली है। चौहान परिवार के इस कदम से न केवल शिक्षा की ज्योति पुन: प्रज्वलित हुई है, बल्कि समाज के प्रति उनके गहरे समर्पण व सेवा भावना का परिचय भी मिला है। इस नेक पहल के लिए क्षेत्र के लोग व अभिभावक उपप्रधान चौहान के प्रति आभार व्यक्त कर रहे हैं। वहीं, एसडीएम बंजार पंकज शर्मा ने भी विद्यालय संचालन की अनुमति देकर विद्यार्थियों की सुविधा सुनिश्चित की है, इसके लिए स्थानीय लोगों ने इनका भी आभार प्रकट किया है।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुशैणी का खस्ताहाल भवन।

## बच्चों की शिक्षा को नई दिशा दी

तीर्थन घाटी के केंद्र बिंदु गुशैणी में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 6वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी अब गुशैणी से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर बाड़ीरोपा के एक निजी भवन में कल से नियमित रूप से पढ़ाई शुरू करेंगे। ग्राम पंचायत कंडीधार के उपप्रधान व समाजसेवी महेंद्र सिंह चौहान ने अपने निजी भवन को अस्थायी तौर पर विद्यालय के रूप में उपलब्ध करवाकर बच्चों की शिक्षा को नई दिशा दी है।

## 31 मार्च, 2026 तक मिली अनुमति

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य कर्म लाल शर्मा ने बताया कि महेंद्र सिंह चौहान ने बाड़ीरोपा नामक स्थान पर अपना निजी भवन निशुल्क विद्यालय उपयोग के लिए उपलब्ध करवाया है। शिक्षा निदेशालय शिमला की ओर से शिक्षा अधिकारी कुल्लू को इस बारे में वर्तमान शैक्षणिक सत्र 31 मार्च, 2026 तक के लिए अनुमति मिल गई है और आदेश प्राप्त हो चुके हैं। इस आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि भवन मालिक से इस संबंध में एक शपथपत्र प्राप्त किया जाएगा। साथ ही विभाग को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि अगले शैक्षणिक सत्र 2026-27 से विद्यालय की कक्षाएं चलाने के लिए सरकारी या अन्य उपयुक्त निशुल्क भवन की तलाश जारी रखी जाए।

## आज से नियमित चलेंगी कक्षाएं

एसडीएम बंजार पंकज शर्मा द्वारा गत दिनों भवन का निरीक्षण करने के पश्चात अपनी रिपोर्ट सरकार को भेजी थी, जिस पर अब शिक्षा निदेशालय से अनुमति मिल चुकी है। इस दो मंजिला भवन में कुल आठ कमरे हैं और पर्याप्त खेल मैदान भी उपलब्ध है, जहां पर अब शुक्रवार से गुशैणी स्कूल की कक्षाएं नियमित रूप से चलेंगी।

# सिराज उत्सव लवी मेला 2 से धूमधाम से मनाया जाएगा

अनंत ज्ञान, आनी। प्रदेश के प्रसिद्ध सांस्कृतिक सिराज उत्सव लवी मेला इस वर्ष आनी में 2 से 4 नवंबर तक पारंपरिक और भव्य अंदाज में आयोजित होगा। मेले की तैयारियों को लेकर वीरवार को विश्राम गृह आनी में बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता मेला कमेटी अध्यक्ष यूपेंद्र कांत मिश्रा ने की। उन्होंने बताया कि इस बार का उत्सव देवता शमशरी महादेव, पनेउई नाग और ओलवा कुलक्षेत्र महादेव की पावन उपस्थिति में मनाया जाएगा। मेले में पारंपरिक देव संस्कृति के साथ-साथ आधुनिक रंग भी देखने को मिलेंगे। मेला स्थल को आकर्षक रूप से सजाने की योजना है ताकि दूर-दराज से आए लोग सिराज की संस्कृति का अनुभव कर सकें। इस वर्ष मिस आउटर सिराज और वॉयस ऑफ आउटर सिराज प्रतियोगिताएं मुख्य आकर्षण होंगी। इसके अलावा कुश्ती दंगल में देशभर के लगभग 200 पहलवान हिस्सा लेंगे। युवाओं के लिए स्कूल- कॉलेज स्तर पर फैशन शो, सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिताएं और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अगली बैठक 28 अक्तूबर को होगी, जिसमें कलाकारों के चयन पर चर्चा होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मरयोग के पास पलटी स्कूल बस, बच्चे जख्मी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन-सिरमौर की सीमा पर स्थित बाल भारती स्कूल की बस वीरवार को मरयोग के पास पलटी गई। इससे कुछ स्कूली बच्चों को चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि बस में ब्रेक गेयर नहीं लग पाया, जिससे यह हादसा पेश आया। हालांकि, इससे बड़ा हादसा टल गया। बस में करीब 16 से 17 बच्चे सवार थे और छुट्टी के बाद घर जा रहे थे। हादसे में चोटिल हुए बच्चों का सोलन अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कर दिया है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक बाल भारती निजी स्कूलों की बस दोपहर बाद बच्चों को स्कूल से लेकर घर जा रही थी, जब बस मरयोग के समीप पहुंची, तो सड़क से नीचे जा गिरी। इस बीच बस झाड़ियों में रुक गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत बच्चों को बाहर निकाला।

### कल सिरमौर में रहेगा 'नो फ्लाइंग जोन'

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने बताया कि सिरमौर जिले के साथ लगते क्षेत्र में अति विशिष्ट अतिथि के आगमन के मद्देनज़र 18 अक्तूबर को जिला सिरमौर में "नो फ्लाइंग जोन" रहेगा। इस दौरान जिले भर में ड्रोन के उड़ाने, मानव रहित वाहनों (यूएवी) किसी भी प्रकार के एयर क्राफ्ट, गर्म हवा के गुब्बारे (हॉट एयर बैलून) तथा अन्य हवाई क्षेत्र से संबंधित खेल गतिविधियां, पैराग्लाइडिंग, पैरासेलिंग पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। किसी भी व्यक्ति, प्राधिकरण एवं संस्था द्वारा इन आदेशों की अवहेलना करने पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### विद्यार्थियों की रचनात्मकता व ज्ञान का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** सत श्री बाड्डबाड़ा पब्लिक स्कूल भलग में हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान जैसे विभिन्न विषयों पर आधारित शैक्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान और सृजनशीलता का सुंदर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता नंदलाल चौहान मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्कूल की प्रधानाचार्य इंदिरा शर्मा तथा स्कूल कमेटी सदस्यों ने मुख्यातिथि का स्वागत शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडलों और चार्टों का गहराई से निरीक्षण किया, उनसे प्रश्न पूछे और उनकी मेहनत की भरपूर सराहना की। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, ईमानदारी व समर्पण ही सफलता की कुंजी है और विद्यार्थियों को इन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। प्रधानाचार्य इंदिरा शर्मा ने मुख्यातिथि का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों में रचनात्मकता व आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं। कार्यक्रम में प्रेमलाल चौहान, प्यारेलाल चौहान, धनी राम चौहान, चुनी लाल, धर्म सिंह, प्रदीप, अजय ठाकुर, भीम सेन, किरण बाला, रीता देवी सहित विद्यालय के अध्यापक और अभिभावक भी उपस्थित रहे।

### शतरंज में कांगर धरयार स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप, दियोग (हिमाचल प्रदेश) में अपार मेहनत और जुनून के दम पर देश के 46 प्रतिष्ठित स्कूलों को पीछे छोड़ते हुए 8वां स्थान प्राप्त कर एक गगनचुंबी उपलब्धि हासिल की है। यह उस बड़े गर्व का क्षण है, जब हिमाचल प्रदेश से इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाला एकमात्र सरकारी स्कूल, जिसने शतरंज की शुरुआत केवल पिछले वर्ष की थी, राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ सका। इस महान कर्म में आरुषी, मनन, यशस्वी, प्रियांशी और हर्ष ने अपने अदम्य साहस व रणनीतिक कौशल का परिचय दिया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रवक्ता व राजनीतिक विज्ञान शिक्षक सुरेश कुमार ने इस उपलब्धि को गुरुजनों व विद्यार्थियों की अथक मेहनत का परिणाम बताया। साथ ही, मुख्य पीईटी राहुल शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका को भी सराहा गया, जिनके मार्गदर्शन के बिना यह संभव नहीं हो पाता। प्रधानाचार्य सुषमा ने भी इस उत्लेखनीय सफलता पर छात्रों व पूरी टीम को गर्वित करते हुए भविष्य की नई सफलताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। यह सफलता सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए नई उम्मीद और प्रेरणा का स्रोत है, जो यह दिखाती है कि सही मार्गदर्शन व मेहनत से कोई भी शिखर छू सकता है यह उपलब्धि शतरंज के क्षेत्र में सरकारी स्कूलों के लिए नई पहचान व उज्ज्वल भविष्य की शुरुआत है।

### एचडी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव 18 को

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** चायल के समीप जनेडघाट स्थित एचडी पब्लिक स्कूल का 12वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 18 अक्तूबर को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी स्कूल प्रधानाचार्य एम हसन ने दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी पंजाब के सूचना एवं जन सम्पर्क और मंडी बोर्ड सचिव रामवीर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे। वह इसी स्कूल के पूर्व छात्र हैं। इनके साथ उपनिदेशक उच्च शिक्षा लेखराज भारद्वाज विशेष अतिथि होंगे। इस दौरान एचडी पब्लिक स्कूल समूह के निदेशक सुरेन्द्र फोगाट, रमेश गुलिया, बलजीत मेहरा, बलराज फोगाट, जयपाल सिराहा की उपस्थिति में शिक्षा, खेल,सांस्कृतिक गतिविधियों में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किए जाएंगे।

### छात्र नेताओं को बैज लगाकर दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** डिग्री कॉलेज कंडाघाट में वर्तमान शैक्षणिक वर्ष के लिए नवगठित केंद्रीय छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ. मदनलाल मनकोटिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. चंदन चौहान, कॉलेज केंद्रीय छात्र परिषद के सदस्य डॉ. सुधीर कुमार एवं प्रो. पंकज ने प्राचार्य के साथ मिलकर सबसे पहले नियति को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई तथा उन्हें कोट और बैज पहनाए। इसके बाद डॉ. चंदन चौहान ने उपाध्यक्ष हर्ष वर्मा को, डॉ. हरिंद्र ने सचिव सिमरन शर्मा को, और डॉ. अंशु कौशल ने संयुक्त सचिव दीपिका ठाकुर को शपथ दिलाई और कोट व बैज पहनाए। मुस्कान, अमिता और अंशु वर्मा को क्रमशः बीए प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के कक्षा प्रतिनिधि के रूप में, साहिल, राहुल और प्रीति को बीकॉम प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के कक्षा प्रतिनिधि के रूप में, तथा शिवम और सूर्यांश को बीएससी प्रथम और द्वितीय वर्ष के कक्षा प्रतिनिधि के रूप में शपथ दिलाई गई। इसके अतिरिक्त, रोवर के नामित सदस्य के रूप में अर्श प्रीत, रेंजर के रूप में दीपाली शर्मा, स्पोर्ट्स के नामित सदस्य के रूप में रीतिक कुमार और सुमित कश्यप, सांस्कृतिक नामित सदस्य के रूप में मेघा कश्यप और आशीष, एनएसएस के नामित सदस्य के रूप में किरण और सुजल, तथा क्लब के नामित सदस्य के रूप में पलक ठाकुर और अंजलि को ईमानदारी, निष्ठा एवं अनुशासन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु शपथ दिलाई गई।

### डॉ. रितिका ने 35वें टैक समिट में जीता द्वितीय पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट क्षेत्र की बेटी डॉ. रितिका पंवार, जो वर्तमान में पीजीआई चंडीगढ़ के फार्माकोलॉजी विभाग (गुर्दा प्रत्यारोपण) में बतौर प्रोजेक्ट साइंटिस्ट कार्यरत हैं, इस बेटी ने जयपुर में आयोजित 35वें टैक समिट में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त कर न केवल अपने संस्थान बल्कि हिमाचल प्रदेश और दाड़लाघाट क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डॉ. रितिका को यह पुरस्कार ट्रांसप्लांट इम्यूनोप्रेशन (गुर्दा प्रत्यारोपण में प्रतिरक्षादमन) पर आधारित उनके अध्ययन के लिए दिया गया। यह कार्य अंतरविभागीय सहयोग की उत्कृष्ट मिसाल माना गया है। डॉ. रितिका दाड़लाघाट निवासी सेवानिवृत्त वन विभाग अधिकारी भगत राम पंवार की सबसे छोटी बेटी हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर दाड़लाघाट से प्राप्त की, जबकि जमा एक की पढ़ाई महावीर स्कूल सुंदरनगर से तथा जमा दो की परीक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दाड़लाघाट से उत्तीर्ण की। इसके उपरांत उन्होंने शूलिनी विश्वविद्यालय, सोलन से बायोटेक्नोलॉजी में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। बाद में उन्होंने बायोटेक स्कूल, बंगलुरु से फार्माकोलॉजी में एक वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त किया। वर्ष 2018 से डॉ. रितिका पी.जी.आई. चंडीगढ़ के फार्माकोलॉजी (गुर्दा प्रत्यारोपण) विभाग में बतौर साइंटिस्ट कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों में अपार हर्ष है।

### सांख्यिकी विभाग का क्षेत्रीय कार्य में करें सहयोग

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने कहा कि आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग विभिन्न सामाजिक आर्थिक संकेतकों पर राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एन.एस.एस.) का क्षेत्रीय कार्य करता है तथा सर्वेक्षण के माध्यम से एकत्रित आंकड़ों से योजना निर्माण में मदद मिलती है और सरकार की विभिन्न नीतियों के कार्यान्वयन के लिए दिशा मिलती है। उन्होंने बताया कि सिरमौर जिला में आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा क्षेत्रीय कार्य का आरम्भ किया गया है तथा टैब एप्लीकेशन पर घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित की जा रही है। जिला सांख्यिकी कार्यालय के प्रगणक सिरमौर के चयनित गांवों व शहरी वार्डों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण के माध्यम से एकत्रित जानकारी से जिला में लोगों की सामाजिक आर्थिक स्थिति का आकलन करने में मदद मिलेगी तथा यह जानकारी लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में सरकार की विकास योजनाओं में सहायक सिद्ध होगी।

## पाइन ग्रोव स्कूल धर्मपुर ने हर्षोल्लास से मनाया 34वां वार्षिक समारोह, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर रहे मुख्यातिथि

# 100 स्कूलों में पढ़ाया जाएगा सीबीएसई सिलेबस

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** पाइन ग्रोव स्कूल धर्मपुर ने अपना 34वां वार्षिक समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर बतौर मुख्यातिथि शामिल रहे। उनका स्कूल पहुंचने पर निदेशक कैप्टन एजे सिंह की अगुवाई में भय स्वागत किया गया।

रोहित ने कहा कि पाइनग्रोव निसंदेह ही देश के बेहतरीन विद्यालयों में शामिल है। उन्होंने कहा कि पाइनग्रोव स्कूल छात्रों के समग्र विकास पर बल दे रहा है। स्कूल के छात्र शैक्षणिक उत्कृष्टता, खेल, कला, संगीत, वाद-विवाद और नेतृत्व प्रशिक्षण में बेहतर प्रदर्शन कर रहे है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत जरूरतमंद बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए पाइनग्रोव स्कूल की पहल की सराहना भी की। रोहित ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र से प्रथम चरण में प्रदेश भर में 100 स्कूलों को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) पाठ्यक्रम पर संचालित किया जाएगा। रोहित कसौली विधानसभा क्षेत्र के धर्मपुर स्थित पाइनग्रोव स्कूल द्वारा वार्षिक समारोह को संबोधित कर रहे थे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सीबीएसई पैटर्न आधारित स्कूलों का अलग रंग होगा और यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों की अलग रंग की वर्दी होगी। इन स्कूलों में स्मार्ट कक्षाओं के साथ-साथ मैस का प्रबंध भी किया जाएगा और विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाएगा।



पाइन ग्रोव स्कूल धर्मपुर के वार्षिक समारोह में पहुंचे मुख्यातिथि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का स्वागत करते स्कूल निदेशक।

आज प्रदेश पूर्ण साक्षर राज्यों की सूची में अपना नाम अंकित करवा चुका है। प्रदेश ने आज 7 प्रतिशत साक्षरता से 99.30 प्रतिशत साक्षरता के गौरवपूर्ण मील के पत्थर को हासिल कर लिया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में राज्य सरकार बदलाव ला रही है। सरकार ने कमियों का पता लगाकर उन्हें दूर किया है, जिसके कारण शिक्षा में वर्ष 2021 में 21वें स्थान पर पहुंच चुका हिमाचल प्रदेश आज 5वें स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि यह प्रगतियां केवल आंकड़े नहीं हैं, यह प्रदेश को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के केंद्र में बदलने के लिए सरकार के दृष्टिकोण का मूर्त रूप हैं। रोहित ठाकुर ने कार्यक्रम के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने युवा पीढ़ी से नशे से दूर रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मादक पदार्थों के दुरुपयोग और उनके अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ रही है।

### छात्रों ने पेश किए रंगारंग कार्यक्रम

**कार्यक्रम** के दौरान मुख्यातिथि द्वारा परेड की सलामी ली गई तथा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कसौली विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि पाइनग्रोव स्कूल राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। इस विद्यालय में से शिक्षा ग्रहण कर चुके विद्यार्थी प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर रहे है। पाईनग्रोव स्कूल के कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह ने शिक्षा मंत्री व अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया और विद्यालय की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। मेजर जनरल विनीत गौड, चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विपणन एवं उपभोक्ता संघ लिमिटेड (हिमफेड) के निदेशक भीम सिंह जौहटा, पाईनग्रोव स्कूल के प्रशासन की निदेशक समीक्षा सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, पाईनग्रोव स्कूल के अध्यापक व छात्र उपस्थित थे।

## साक्षी राज्यस्तर पर खेलेगी वॉलीबाल प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय माध्यमिक पाठशाला कुडिया कडंग, राजगढ़ की सातवीं कक्षा की छात्रा साक्षी का चयन राज्य स्तरीय अंडर-14 गर्ल्स वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता में राजगढ़ और नारग ब्लॉक के बीच हुए फाइनल मुकाबले में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। साक्षी के चयन से विद्यालय, अभिभावकों और क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस फाइनल मुकाबले में विद्यालय की चार छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें साक्षी ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि साक्षी पढ़ाई में भी अव्वल है और खेलों में उसकी विशेष रुचि है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि छात्र शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय स्टाफ, अभिभावकों और प्रबंधन समिति ने साक्षी को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी को उम्मीद है कि वह राज्य स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन करेगी।

## बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक मामले में सरकार करे हस्तक्षेप: फॉर्म

**अनंत ज्ञान, सोलन**

फॉर्म ऑफ शेयर होल्डर ऑफ बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक ने बैंक पर भारतीय रिजर्व बैंक की तरह से लगाए गए प्रतिबंधों को लेकर गहरी चिंता जताते हुए सरकार से इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है।

फॉर्म का मानना है की यदि सरकार बैंक को 50 करोड़ की आर्थिक मदद करें तो बैंक में जमा करीब 80 हजार खाता धारको का करीब 500 करोड़ रुपए सुरक्षित होगा। साथ ही बैंक में वित्तीय लेनदेन और लोनिंग भी शुरू हो जाएगी। फॉर्म के अध्यक्ष सोम प्रकाश गुप्ता और सलाहकार महेंद्र नाथ सोफत ने सोलन में पत्रकार वार्ता में बैंक के बीओडी और प्रबंधन पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाया। जिसके चलते बैंक पर आरबीआई ने 2018 में बैंक पर वित्तीय प्रतिबंध लगाकर लोनिंग बंद कर दी थी। उन्होंने कहा कि बैंक ने इसके बाद एनपीए की रिकवरी में तेजी तो आई लेकिन मॉडगेज प्रॉपर्टी की ओवर वैल्यू के चलते 138 करोड़ की रिकवरी बाकी है। ऐसे में बैंक पर भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंक पर अतिरिक्त प्रतिबन्ध लगने से खाताधारक छह महीने में मात्र 10 हजार रुपए ही निकाल पाएंगे। उन्होंने कहा कि बैंक में 11 हजार शेयर होल्डर्स का करीब 22 करोड़ जमा है लेकिन आठ वर्षो से उन्हें लाभांश नहीं मिला। इसी तरह करीब 80 हजार खाता धारकों के भी बैंक में 470 करोड़ जमा है। जिन्हें अब अपने खून पसीने की कमाई धनराशि की चिंता सता रही है। सोफत ने कहा कि प्रतिबंधों के कारण बैंक की आय का मुख्य स्रोत ऋण वितरण पूरी तरह बंद है, जबकि वेतन, किराया एवं रखरखाव जैसे खर्चे निरंतर जारी हैं। इससे बैंक को निरंतर हानि हो रही है। पिछले सात वर्षों में एनपीए (गैर-निष्पादित ऋण) घटाने के प्रयास किए गए, लेकिन अपर्याप्त एवं त्रुटिपूर्ण गिरवी संपत्तियां स्वीकार करने के कारण स्थिति संतोषजनक नहीं हो पाई। अब समय आ गया है कि जिम्मेदारी तय करने हेतु उच्च स्तरीय जांच कराई जाए कि ये ऋण एनपीए में में कैसे बदले। इसके लिए एक एसआईटी गठित की जानी चाहिए।



सोलन में पत्रकार वार्ता करते फॉर्म के पदाधिकारी।

### 50 मुख्य डिफाल्टरों के नाम होंगे सार्वजनिक

**सोफत** ने कहा कि बैंक के 50 मुख्य डिफाल्टर के पास 75 करोड़ फंसे है। ऐसे में उनसे समय रहते रिकवरी की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसमें राजनीतक संरक्षण वाले डिफाल्टर भी है। उन्होंने कहा कि यदि बैंक इन डिफाल्टर से रिकवरी करने में नाकाम हुआ तो फॉर्म इनके नाम सार्वजानिक कर देगी। उन्होंने कहा कि वेंटिलेटर में पड़े बैंक की हालत तभी सुधरेगी जब सरकार हस्तक्षेप करेगी और समय रहते डिफाल्टर से रिकवरी होगी। इसके लिए फॉर्म प्रबंधन का पूर्ण सहयोग करेगा।

## भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने कांग्रेस पर 'बैक डोर' से नौकरी देने का लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भारतीय जनता युवा मोर्चा सिरमौर के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अरुण चौहान ने पत्रकार वार्ता कर कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।



उन्होंने एक तरफ अपने संगठनात्मक विजन को सामने रखा, वहीं दूसरी तरफ जिला सिरमौर के कद्दावर कांग्रेसी नेता और मंत्री हर्षवर्धन चौहान को युवाओं के साथ कथित धोखे के लिए आरोप लगाया मूल रूप से गिरीपार क्षेत्र के एक साधारण किसान परिवार से संबंध रखने वाले चौहान ने कहा कि उनकी प्राथमिकताएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न के अनुरूप युवाओं को सही मार्गदर्शन, किसानों के हितों की रक्षा, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और नशा मुक्त समाज का निर्माण होंगी। उन्होंने जोर दिया कि विशेष रूप से आईआईएम सिरमौर में जिले के युवाओं के लिए दो सीट या कुछ प्रतिशत आरक्षण की मांग के लिए भी संघर्ष करने का ऐलान किया संगठन के विजन के बाद चौहान सीधे प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर आक्रामक हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान 1 लाख नौकरी देने का वादा करने वाली कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश के युवाओं से बड़ा धोखा किया है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, कांग्रेस ने एक भी युवा को पक्की नौकरी नहीं दी है, बल्कि अब मित्र बनकर 5-5000 की नौकरी देकर मज़ाक कर रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर किसी को सरकारी नौकरी मिली है तो वह केवल डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री की बेटी को और मंत्री हर्षवर्धन चौहान के भाई को मिली है, जिससे साबित होता है कि सरकारी नौकरियों में 'बैक डोर एंट्रीज' पूरी तरह खुली हुई है।

## एसपी से की अंजुमन इस्लामिया को बदनाम करने वाले लोगों की शिकायत

**अनंत ज्ञान, नाहन**



अंजुमन इस्लामिया व मस्जिद हरीपुर इंतजामिया कमेटी के बीच लेखा जोखा व मस्जिद प्रबंधन को उपजे विवाद में खींचतान थमने का नाम नही ले रही है। वीरवार को इसी कड़ी में अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष गुल मुन्नवर बॉबी अहमद ने एसपी सिरमौर को शिकायत सौंप कर अंजुमन को बदनाम करने वाले लोगों को बदनाम करने वाले लोगों के खिलाफ कारवाई करने की गुहार लगाई है।अध्यक्ष ने आरोप लगाया मेरी छवि खराब खराब करना चाहते हैं।

बॉबी अहमद ने आरोप लगाया कि कि कुछ लोग अंजुमन इस्लामिया का इलेक्शन हारने के बाद अंजुमन इस्लामिया को बदनाम करने में लगे है। ताकि भविष्य में होने वाले अंजुमन के इलेक्शन के लिए मेरी छवि खराब हो जाए। उन्होंने कहा ऐसे लोग मेरे ऊपर झूठे मुकदमे करना चाहते है । अंजुमन इलामिया का एक संविधान है, कमेटी में लगभग 50 मेंबर है और हम अपने संविधान के दायरे में काम कर रहे हैं। नाहन और उसके आस पास की सभी मस्जिदें अंजुमन से जुड़ी हुई है जो मस्जिद अंजुमन में आती है उस मस्जिद का प्रधान भी अंजुमन चुनती है। कुछ लोग मुस्लिम परिवारों ,मीडिया व प्रशासन को गुमराह कर रहे है। बॉबी अहमद ने बताया कि एसपी सिरमौर को ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कारवाई करने बारे शिकायत दी गई है। एक रजिस्टर्ड कमेटी के कामकाज में बाधा डाल रहे है और कमेटी और उसके अध्यक्ष को बदनाम कर रहे है।

## लॉरेंस स्कूल को मिला लेगेसी को-एड बोर्डिंग स्कूल का सम्मान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** द लॉरेंस स्कूल सनावर को शिक्षा जगत की प्रतिष्ठित संस्था एजुकेशन वर्ल्ड द्वारा घोषित इंडिया स्कूल्स रैंकिंग (ईडब्ल्यूआईएसआर) 2025-26 में विंटेज लेगेसी को-एड बोर्डिंग स्कूल श्रेणी में भारत व हिमाचल दोनों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह रैंकिंग सर्वे विश्व का सबसे बड़ा व विस्तृत स्कूल एसेट सर्वेक्षक है, जो कि जर्नल में स्कूल शिक्षा से जुड़े 8,500 से अधिक विशेषज्ञों व हितधारकों के क्षेत्र के साक्षात्कार पर आधारित है।

14 अक्तूबर को गुड़गांव में भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। स्कूल की ओर से यह सम्मान आयोजित किया गया। इसमें बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य और बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य दीपक सोंधी और हेडमास्टर मित सिंह ढिल्लों ने ग्रहण किया।

## प्राकृतिक खेती पद्धति से उगाए गए सेब

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय (यूएचएफ), नौणी के अधीन कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) ताबो, लाहौल एवं स्पीति द्वारा शुरू की गई।

प्राकृतिक खेती की पहल ने टिकाऊ कृषि के क्षेत्र में एक मिसाल कायम की है। इस पहल के अंतर्गत 1100 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैले एक सेब बगीचे की नीलामी 9 लाख में हुई, जिसमें 120 सेब के पौधे हैं। ये सेब बिना किसी रासायनिक उर्वरक या कीटनाशक के, पूरी तरह जैविक तरीकों से उगाए गए हैं। पोषण, मृदा उर्वरता तथा कीट नियंत्रण हेतु गोबर-गोमूत्र आधारित घोलों और स्थानीय पौधों से तैयार मिश्रणों का प्रयोग किया जाता है। इस बगीचे में उगाए गए सेबों ने गुणवत्ता के कई मानकों में पारंपरिक सेबों से बेहतर प्रदर्शन किया है। उनमें 13 फीसदी अधिक फर्मनेस और 11 फीसदी अधिक कुल घुलनशील ठोस पदार्थ पाया गया, जो स्वाद और शेल्फ लाइफ को बेहतर बनाता है। इसके अतिरिक्त, बगीचे की मिट्टी में 2.79 फीसदी ऑर्गेनिक कार्बन पाया गया, जो पारंपरिक खेती (2.00 फीसदी) से अधिक है, और मृदा स्वास्थ्य में सुधार का संकेत देता है। केवीके ताबो के प्रमुख डॉ. आरएस स्फेहिया ने बताया कि यह केंद्र आईसीएआर-अटारी, जोन-1, लुधियाना द्वारा वित्तपोषित है और विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशालय के अधीन कार्यरत है। इस बगीचे को 2020 में प्राकृतिक खेती में परिवर्तित किया गया था। केवीके का प्राकृतिक खेती ब्लॉक वर्तमान में हिमाचल सरकार की सीतारा प्रमाणन प्रणाली के तहत 2-स्टार रेटिंग प्राप्त कर चुका है और 3-स्टार रेटिंग की दिशा में प्रयासरत है। कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने इस पहल की सराहना करते हुए बताया कि स्पीति की पारिस्थितिकी को सुरक्षित रखने के लिए प्राकृतिक खेती बेहद जरूरी है।



उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की एनबीएएल-प्रमाणित प्रयोगशाला में इन फलों का नियमित परीक्षण होता है, जिससे यह प्रमाणित होता है कि फल पूरी तरह रसायनमुक्त हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ग्यू पंचायत पहले ही प्राकृतिक खेती अपना चुकी है और इसे संपूर्ण रूप से 'प्राकृतिक खेती पंचायत' घोषित करने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया है।

**बैठक** डॉ. शांडिल ने कहा, दुर्गम क्षेत्रों में टेलीमेडिसिन व मेडिकल कॉलेजों में उन्नत उपचार सुविधाएं शुरू

# सरकार नई स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए निरंतर प्रयासरत

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नई स्वास्थ्य सुविधाओं के सृजन के दृष्टिगत निरंतर निवेश करने के साथ-साथ मौजूदा सुविधाओं का उन्नयन भी किया जा रहा है।

डॉ. शांडिल सोलन विधानसभा क्षेत्र के ममलीग में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि शिमला स्थित इंदिरा गांधी मेडिकल महाविद्यालय (आईजीएमसी) में ट्रॉमा सेंटर के साथ नया ओपीडी और पीईटी खंड खोला गया है। प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों में टेलीमेडिसिन से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मरीजों को अटल सुपर स्पेशलिटी संस्थान चमियाणा और टांडा मेडिकल महाविद्यालय में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा दी जा रही है। इसके अतिरिक्त भविष्य में शीघ्र ही अन्य मेडिकल महाविद्यालयों में भी चरणबद्ध तरीके से रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू की जाएगी। डॉ. शांडिल ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ करने तथा लोगों को किफायती दरों पर विशेष चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इन कदमों से प्रदेश के लोगों को आधुनिक उपचार की सुविधा राज्य में ही मिल रही है और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए अब प्रदेश से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सायरी के भवन तथा वन विश्राम गृह सायरीघाट का लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममलीग के प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल, ग्राम पंचायत ममलीग के कायसू में सौर ऊर्जा परियोजना का शिलान्यास करेंगे तथा ग्राम पंचायत ममलीग के गांव बशील में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ भी करेंगे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के ममलीग प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं भी सुनी और इनके शीघ्र निपटारे के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने इसके उपरांत मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान जनसभा के लिए निर्धारित स्थलों का निरीक्षण भी किया। ग्राम पंचायत काहला की प्रधान रीता देवी, ग्राम पंचायत कोट की प्रधान चंपा देवी, ग्राम पंचायत सतडोल के प्रधान हरविंदर सिंह, ग्राम पंचायत ममलीग की पूर्व प्रधान सत्या ठाकुर, ग्राम पंचायत सतडोल के पूर्व प्रधान सुखदेव, ममलीग के नायब तहसीलदार सुरेंद्र चंदेल,खंड विकास अधिकारी राजेश ठाकुर, समेकित बाल विकास परियोजना अधिकारी कंडाघाट डॉ. आभा सहित स्थानीय ग्रामीण इस अवसर पर उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते शांडिल।

## सिंबल वाला गांव की क्षतिग्रस्त सड़क का मामला उपायुक्त के समक्ष उठाया

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नाहन पंचायत के तहत सिंबल वाला गांव में संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण यहां रहने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगो का कहना है कि इस संबंध में कई बार विभाग को अवगत करवाया गया, मगर कोई समाधान नहीं हो पाया।



ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने डीसी सिरमौर से मुलाकात की। मीडिया से बात करते हुए पंचायत के पूर्व उप प्रधान जयप्रकाश ने बताया कि पिछले कई महीनो से यहां संपर्क सड़क मार्ग बंद है, जिस चलते ग्रामीणों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से यहां एक अपाहिज महिला रहती है, जिनका इलाज पीजीआई में चल रहा है और प्रतिमाह चेकअप के लिए उन्हें पीजीआई जाना पड़ता है, लेकिन सड़क खराब होने के चलते पिछले कई महीनो से वह ईलाज तक करवाने नहीं जा पा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार विभाग को अवगत करवाया गया, मगर राजनीति हस्तक्षेप के चलते विभाग ने इस पर कोई भी एक्शन नहीं लिया और अपाहिज महिला को उठाकर डीसी के समक्ष पेश करना पड़ा, ताकि समस्या का समाधान हो सके।

अपाहिज महिला सुनीता ने बताया कि पेंशन के सहारे अपना गुजरा करती हैं और इलाज के लिए उन्हें हर महीने पीजीआई जाना पड़ता है, मगर पिछले कई महीनों से बरसात के कारण यह सड़क बंद हो गई थी, जिस कारण वह पिछले कई महीनों से अपने रुटीन चेकअप के लिए नहीं जा पाई हैं। उन्होंने प्रशासन से जल्द इस सड़क को खोलने की मांग उठाई।




# हरियाणा सरकार का एक साल पूरा, सीएम सैनी आज साझा करेंगे विकास यात्रा

## पंचकूला में पंचायतों को अनुदान और ग्रामीणों को मिलेंगे भूखंड

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में वर्तमान राज्य सरकार के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सरकार की प्रमुख उपलब्धियों, पहलों और जनकल्याण को प्रतिबद्ध रोडमैप को सांझा करेंगे।



इस संबंध में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीरवार को उच्च स्तरीय बैठक कर समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। जिला उपायुक्तों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया।

मुख्य सचिव ने सभी उपायुक्तों को जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रमों को लेकर सभी तैयारियां समयबद्ध और समन्वित तरीके से की जाएं। पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का लाइव प्रसारण सभी जिलों में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रमों में किया जाएगा।

बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कार्यक्रम के दौरान पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों को विकास अनुदान ग्रांट वितरित करेंगे और मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 (चरण-2) के अंतर्गत लाभार्थियों को भूखंड आवंटन पत्र सौंपेंगे।

मुख्य सचिव ने राज्य और जिला स्तर पर सुचारु व्यवस्था, व्यापक जनभागीदारी और सरकार की उपलब्धियों का समुचित प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभागों को सुरक्षा, जन-संपर्क और जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं के लिए प्रभावी समन्वय स्थापित करने के भी निर्देश दिए।

सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक श्री के. मकरंद पांडुरंग ने बताया कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा राज्य सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों पर कॉफी टेबल बुक/पुस्तिका का भी विमोचन किया जाएगा।

# हरियाणा सरकार ने कसी विदेश यात्राओं पर लगाम, नए दिशा-निर्देश किए लागू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

अक्तूबर-हरियाणा के वित्त विभाग ने सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों की विदेश यात्राओं के संबंध में नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ये निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे और पूर्व में सभी आदेशों को निरस्त समझा जाएगा।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, जिनके पास वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का दायित्व भी है, द्वारा जारी ये दिशा-निर्देश ग्रुप 'ए', 'बी', 'सी' एवं 'डी' के सरकारी कर्मचारियों के साथ ही हरियाणा से जुड़े अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों पर भी लागू होंगे। वित्त विभाग (एफआर शाखा) इस संबंध में संबंधित प्रशासनिक विभाग की सिफारिश पर अनुमोदन प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों की विदेश यात्राओं के संबंध में मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा दिशा-निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। हालांकि, अब वित्त विभाग से वित्तीय स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा।

### हर वित्तीय वर्ष में सिर्फ एक सरकारी और एक निजी यात्रा की मंजूरी

सरकारी खर्च पर की जाने वाली आधिकारिक विदेश यात्राओं के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष में अधिकतम एक आधिकारिक और एक निजी यात्रा की अनुमति दी जाएगी। दोनों यात्राओं की कुल अवधि तीन सप्ताह से अधिक नहीं होगी। प्रस्तावों को संबंधित अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित 'चेक-लिस्ट' के साथ मुख्यमंत्री की स्वीकृति प्राप्त कर वित्त विभाग को भेजना अनिवार्य होगा। साथ ही संबंधित विभाग को यह सुनिश्चित करना होगा कि विदेश यात्रा भत्ता हेतु बजट का पर्याप्त प्रावधान उपलब्ध है।

व्यक्तिगत कारणों से स्वयं के व्यय पर विदेश यात्रा के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष में केवल एक निजी यात्रा की अनुमति दी जाएगी। इस स्थिति में उस देश का नाम अनुमोदन पत्र में स्पष्ट रूप से अंकित करना होगा, जहां की यात्रा की जानी है। यदि किसी अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध अपराध से जुड़ा कोई मामला लंबित है या मुख्य दंड हेतु आरोपपत्र जारी किया गया है, तो ऐसे मामलों में अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, यदि निजी यात्रा का खर्च विभाग से जुड़ी किसी निजी संस्था द्वारा वहन किया जा रहा है तो अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी भी परिस्थिति में विदेश यात्रा के लिए एक्स-पोस्ट फैक्टो अप्रूवल प्रदान नहीं की जाएगी। बिना पूर्व अनुमति के विदेश जाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, विदेश में रहने के दौरान अधिकारी-कर्मचारी को बिना पूर्व स्वीकृति किसी भी प्रकार का कार्य (नौकरी) करने या निर्धारित अवधि से अधिक रुकने की अनुमति नहीं होगी।

जहां कार्यभार सौंपने या ग्रहण करने की व्यवस्था लागू है, वहां अधिकारी-कर्मचारी को विदेश जाने से पूर्व अपना कार्यभार अपने वैकल्पिक अधिकारी-कर्मचारी को सौंपना होगा। किसी भी उल्लंघन की स्थिति में संबंधित विभाग द्वारा हरियाणा सिविल सेवा (दंड एवं अपील) नियम, 2016 के अंतर्गत सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

# हरियाणा सरकार ने दो और आयुष अस्पताल किए इंपैनल्ड, कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार अपने कर्मचारियों/ पेंशनभोगियों और उनके आश्रितों के इलाज के लिए काफी सुविधाएं दे रही है। सरकारी अस्पतालों के अलावा कई प्राइवेट अस्पतालों को भी इंपैनल्ड किया है ताकि वे अपनी सुविधा के अनुसार नजदीकी अस्पताल में ईलाज करवा सकें। कर्मचारियों की मांग पर प्रदेश सरकार ने कई प्राइवेट आयुष अस्पतालों को भी इम्पैनल्ड किया है। इस दिशा में कदम उठाते हुए विभाग ने दो और आयुष अस्पतालों को इंपैनल्ड कर दिया है जिससे संख्या बढ़कर अब करीब एक दर्जन हो गई है।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि सरकार की ओर से झज्जर जिला में आयुष अस्पताल संस्कारम हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर, खेड़ी तालुका, पटौदा तथा हिसार जिला के बरवाला में स्थित वेदामृता हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड को इंपैनल्ड किया है। हरियाणा के सरकारी कर्मचारी और पेंशनर्स तथा उनके आश्रित अब इन प्राइवेट आयुष अस्पतालों में भी इलाज करवा सकेंगे। सरकार द्वारा निर्धारित बीमारियों की जांच एवं इलाज करवा कर इन अस्पतालों के मेडिकल बिल पास करवा सकेंगे।

हरियाणा आयुष निदेशालय के प्रवक्ता ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इन इंपैनल्ड प्राइवेट आयुष अस्पताल के स्तर पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। नोडल अधिकारी किसी भी शिकायत के मामले में आयुष विभाग से संपर्क करेगा। उन्होंने इंपैनल्ड अस्पतालों की शर्तों की जानकारी देते हुए बताया कि सरकारी अस्पतालों में किसी भी आपात स्थिति/आपदा/मरीजों की अधिकता की स्थिति में इम्पैनल्ड अस्पताल आवश्यकतानुसार अपनी एम्बुलेंस, आईसीयू, बर्न यूनिट, वार्ड बेड आदि साझा करने के लिए सहमत होंगे। उन्होंने आगे बताया कि राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी सभी वैधानिक नियमों/ दिशानिर्देशों/ अधिनियमों/अधिसूचनाओं का इंपैनल्ड प्राइवेट आयुष अस्पताल द्वारा पालन किया जाएगा। उपर्युक्त एनएबीएच मान्यता प्राप्त आयुर्वेदिक अस्पताल मान्यता प्रमाणपत्र की वैधता के अधीन तीन वर्षों की अवधि के लिए इंपैनल्ड रहेगा। इसके बाद, अस्पताल को नए सिरे से आवेदन करना होगा।

# किसना ज्वेलरी ने पठानकोट में खोला तीसरा शोरूम, त्योहारों पर दिए धमाकेदार ऑफर

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**



किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने पंजाब के पठानकोट में अपने तीसरे विशेष शोरूम का भव्य उद्घाटन किया। सीपीएल मेंशन, गुरदासपुर रोड पर स्थित इस शोरूम के शुभारंभ अवसर पर पंजाब भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी कुमार शर्मा और हरि कृष्ण ग्रुप के संस्थापक व प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर किसना ने त्योहारों के मद्देनज़र ग्राहकों के लिए खास छूटों की घोषणा की। हीरे के आभूषणों पर मेकिंग चार्ज में 75% तक और सोने के आभूषणों पर 25% तक की छूट दी जा रही है। साथ ही, आईसीआईसीआई बैंक के कार्ड पर 5% की अतिरिक्त छूट भी उपलब्ध है। ब्रांड द्वारा 'शॉप एंड विन' अभियान भी शुरू किया गया है, जिसके तहत ग्राहकों को आभूषण खरीद पर 1000 से अधिक स्कूटर और 200 से अधिक कारें जीतने का मौका मिलेगा। घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि पंजाब की समृद्ध संस्कृति किसना के मूल्यों से मेल खाती है। पठानकोट शोरूम हमारे 'हर घर किसना' विज़न की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# चंडीगढ़ में राष्ट्रीय पोषण माह-2025 का समापन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रशासन के समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग ने राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का समापन सेक्टर 29 स्थित आंगनबाड़ी-सह-क्रेच केंद्र में एक जीवंत समारोह के साथ किया। इस अवसर पर समुदाय की सक्रिय भागीदारी और पोषण के प्रति उत्साह देखने को मिला। मुख्यातिथि सचिव अनुराधा एस चगती और निदेशक डॉ. पालिका अरोड़ा ने मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए, महिलाओं और बच्चों के पोषण स्तर को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम की शुरुआत गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई। इसके बाद पोषण माह के दौरान हुई गतिविधियों की प्रस्तुति दी गई, जिसमें जागरूकता अभियानों, स्वास्थ्य परीक्षणों और पोषण शिक्षा सत्रों को दर्शाया गया। समारोह में एक पेड़ मां के नाम पहल के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया, जिससे पर्यावरणीय चेतना को जोड़ते हुए पोषण और प्रकृति का समन्वय प्रस्तुत किया गया।

# वैश्विक सड़क दुर्घटनाएं घटीं भारत में बढ़ीं : डॉ. सलूजा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



पार्क हॉस्पिटल मोहाली की मेडिकल टीम ने सड़क दुर्घटनाओं और ट्रॉमा सेवाओं में वृद्धि पर चिंता जताई। डायरेक्टर आर्थोपेडिक्स डॉ. भानु प्रताप सलूजा ने बताया कि पिछले 12 वर्षों में वैश्विक स्तर पर सड़क दुर्घटनाओं में 5% की कमी आई है, जबकि भारत में 15.3% की वृद्धि दर्ज की गई है। भारत में यातायात संबंधित मौतों में 83% सड़क दुर्घटनाओं की वजह से होती हैं। उन्होंने 'गोल्डन ऑवर' की महत्ता पर जोर दिया, जिसका मतलब है कि किसी दुर्घटना के बाद पहला 60 मिनट सबसे महत्वपूर्ण होता है।

कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन डॉ. अनिल सोफत ने कहा कि भारत में वाहन संख्या वैश्विक स्तर का केवल एक प्रतिशत है, लेकिन दुर्घटनाओं में मौतें सबसे अधिक हैं। सिर की चोटें, वक्ष और जीआई चोटें मुख्य खतरे हैं। कंसल्टेंट प्लास्टिक सर्जन डॉ. अंकुर शर्मा ने तेज गति, सीट बेल्ट न पहनना, नशे में ड्राइविंग, लाल बत्ती तोड़ना, और नियमों की अनदेखी को दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण बताया। उन्होंने सुरक्षित ड्राइविंग के लिए जागरूकता बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया।

## देश-विदेश

# नारायण और सुधा मूर्ति का जाति जनगणना में शामिल होने से इनकार

**एजेंसी, बेंगलुरु**

- सर्वेयर से कहा- हम पिछड़े वर्ग से नहीं
- कर्नाटक सरकार बोली- हम मजबूर नहीं कर सकते

इंफोसिस के फाउंडर एनआर नारायण मूर्ति, उनकी पत्नी और राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति ने कर्नाटक में चल रहे सामाजिक और शैक्षणिक सर्वे यानी जाति जनगणना में भाग लेने से इनकार कर दिया है। कुछ दिन सर्वे करने वाले लोग उनके घर गए थे, तो उन्होंने कहा कि हम अपने घर पर सर्वेक्षण नहीं करवाना चाहते है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, सुधा मूर्ति ने सर्वे फॉर्म में जानकारी भरने से इनकार करते हुए एक घोषणापत्र पर साइन किए हैं। इसमें उन्होंने लिखा- हम किसी भी पिछड़े समुदाय से नहीं हैं, इसलिए उन समुदायों के लिए कराए जा रहे सरकार के सर्वे में भाग नहीं लेंगे। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सुधा मूर्ति और उनके परिवार के रुख पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सर्वे में भाग लेना या न लेना ऑप्शनल है। अगर कोई जानकारी नहीं देना चाहता है तो हम किसी को भी इसमें भाग लेने के लिए मजबूर नहीं कर सकते। कर्नाटक में 22 सितंबर को जाति जनगणना शुरू हुई थी। कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग इस सर्वे को करवा रहा है। इसे 7 अक्तूबर को खत्म करना था, लेकिन बाद में इसे 18 अक्तूबर तक बढ़ा दिया गया।

# दुनिया का पहला एआई संचालित म्यूचुअल फोटो शेयरिंग ऐप किया लॉन्च

**एजेंसी, बेंगलुरु।** सीरियल उद्यमी एवं भारतीय माइक्रोब्लॉगिंग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कू के सह संस्थापक मयंक बिदावतका की स्थापित बिलियन हार्ट्स सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज ने वीरवार को बेंगलुरु में दुनिया का पहला एआई-संचालित म्यूचुअल फोटो शेयरिंग ऐप पिकसी लॉन्च किया है। पिकसी को प्राइवेसी-फर्स्ट एप्रोच के साथ बनाया गया है और यह दुनिया के सबसे सुरक्षित फोटो ऐप्स में से एक है। पिकसी के संस्थापक मयंक बिदावतका ने बताया कि जुलाई के मध्य में एक सफल सॉफ्ट लॉन्च किया था। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में दिवाली के अगले दिन कृत्रिम बारिश करने की तैयारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

- सरकार बोली- मौसम विभाग की मंजूरी का इंतजार
- राजधानी में प्रदूषण का लेवल 300 पार

**दिवाली** से पहले ही दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने लगा है। बुधवार को दिल्ली के 5 सेंटरों आनंद विहार, नॉर्थ कैंपस, मथुरा रोड, द्वारका, वजीरपुर में प्रदूषण का लेवल (एक्यूआई) 300 पार कर गया।

तेजी से बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि दिल्ली में क्लाउड सीडिंग यानी कृत्रिम बारिश को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। सिरसा ने कहा कि चुनिंदा इलाकों में दिवाली के एक दिन बाद कृत्रिम बारिश कराई जा सकती है। मौसम विभाग अगले 2-3 दिनों में जब हरी झंडी देगा, तो ब्लास्टिंग/स्प्रे के बाद क्लाउड सीडिंग का एक सैंपल लिया जाएगा। हम जल्द बादलों के छाने का इंतजार कर रहे हैं। सिरसा ने बताया कि हम एक प्लेन भेजकर काम शुरू कर सकते हैं। सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। 2 पायलट इसके लिए 4 दिन तक ट्रेनिंग ले चुके हैं। 3 घंटे में इसका असर नजर आ जाएगा। इधर, दिल्ली से लगे नोएडा में भी वायु गुणवत्ता 'खराब' हो गई थी। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने 14 अक्तूबर को दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-1 के तहत प्रतिबंध लगाए हैं। (अनंत ज्ञान)

# हिंसाग्रस्त मणिपुर में 5 उग्रवादी गिरफ्तार

**एजेंसी, इंफाल।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में पुलिस एवं सुरक्षाबलों का धर-पकड़ अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में अलग-अलग संगठनों के पांच कैडरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस आरोपितों से सघन पूछताछ जारी रखे हुए है। मणिपुर पुलिस ने आधिकारिक बयान में बताया कि सुरक्षाबलों ने इंफाल पूर्व जिले के एंड्रो थानांतर्गत नगारियान पहाड़ी की तलहटी से इंफाल पूर्व जिले के हुइकाप गांव के पीआरईपीएके के 2 (दो) सक्रिय कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान लैटोनजम लकी सिंह (32) और सोरैशाम अथोई सिंह (42) के रूप में की गयी है। उनके पास से दो मोबाइल फोन जब्त किए गए। केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक सक्रिय कार्यकर्ता, मोहम्मद इमरान खान उर्फ लींगकपा (20) निवासी कैरांग चिंग्या अवांग लेइकाई, इंफाल पूर्व जिले को उसके निवास से गिरफ्तार किया। (अनंत ज्ञान)

# असम राइफल्स कैंप पर हमला, दो जवान घायल

**एजेंसी, इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले में भारत-म्यांमार सीमावर्ती मनमाओ इलाके के हटमान गांव में मौजूद असम राइफल्स कैंप (कंपनी ऑपरेटिंग बेस, सीओबी) पर एनएससीएन-केवाई (ए) ग्रुप के संदिग्ध हथियारबंद उग्रवायों ने हमला कर दिया। इस घटना में दो जवान राइफलमैन हरिशरण और राइफलमैन राहुल बोरा गोली लगने से घायल हो गए, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह आतंकी हमला वीरवार सुबह 2:30 से 3:00 बजे के बीच हुआ। बताया कि घायल हरिशरण और राहुल बोरा को बेहतर इलाज के लिए असम के जोरहाट में एयर फोर्स हॉस्पिटल नंबर 5 में शिफ्ट किया गया। (अनंत ज्ञान)

# बांग्लादेश की पूर्व पीएम अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया को वीरवार सुबह डॉक्टरों की सलाह पर राजधानी के एवर केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीएनपी मीडिया सेल के सदस्य शायरुल कबीर खान ने इसकी पुष्टि की। बीएनपी प्रमुख को बुधवार रात करीब 11:40 बजे उनके गुलशन स्थित आवास अस्पताल ले जाया गया। उनकी निगरानी कर रहे मेडिकल बोर्ड की सिफारिश पर उन्हें आज तड़के अस्पताल में भर्ती कर लिया गया। (अनंत ज्ञान)

# मानवाधिकार संरक्षण केवल कानूनी दायित्व नहीं नैतिक और आध्यात्मिक अनिवार्यता भी : कोविंद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पूर्व** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने वीरवार को कहा कि हमारे वेद, उपनिषद, पुराण और शास्त्रों में मानवता की एकता और प्रत्येक जीवन की पवित्रता की जो शिक्षाएं निहित हैं, वे आधुनिक मानवाधिकारों की अवधारणाओं से कहीं पहले से भारतीय सभ्यता का मार्गदर्शन करती रही हैं। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों की रक्षा केवल एक कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक और नैतिक अनिवार्यता है, जो भारतीय जीवनशैली का अभिन्न अंग है। कोविंद ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के 32वें स्थापना दिवस तथा जेल में बंद बंदियों के अधिकारों पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म का पालन, करुणा के साथ आचरण और न्याय की स्थापना की प्रेरणा आज भी हमें मानवीय मूल्यों पर आधारित समाज की दिशा में आगे बढ़ने का रास्ता दिखाती है। उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति को केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं आंका जा सकता, बल्कि इस बात से मापा जाना चाहिए कि वह अपने सबसे कमजोर नागरिकों की गरिमा और कल्याण को किस प्रकार सुनिश्चित करता है। तेजी से हो रहे तकनीकी और पर्यावरणीय बदलाव मानवाधिकारों के लिए नई चुनौतियां उत्पन्न कर रहे हैं, विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और जलवायु परिवर्तन के कारण विस्थापन झेल रहे लोगों के लिए। (अनंत ज्ञान)

# राज्य सरकारें भगोड़े अपराधियों के लिए विशेष सेल स्थापित करें: अमित शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने वीरवार को सभी राज्य सरकारों से अपील की कि वे अपने-अपने राज्य की राजधानी में भगोड़े अपराधियों के लिए एक विशेष प्रकोष्ठ (स्पेशल सेल) स्थापित करें, ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपराधियों के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया को सुचारु और प्रभावी बनाया जा सके। शाह ने कहा कि ऐसे प्रकोष्ठ की उपलब्धता नहीं होने से कई बार विदेशी न्यायालयों में भारत की ओर से पेश किए जाने वाले प्रत्यर्पण मामलों में मानवाधिकार और कारागार स्थितियों जैसे बहाने सामने आते हैं, जिससे प्रक्रिया जटिल हो जाती है। शाह ने दो दिवसीय सम्मेलन के 'भगोड़े अपराधियों का प्रत्यर्पण-चुनौतियां और रणनीतियां' के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस सम्मेलन का आयोजन केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा किया गया है, जिसमें केंद्र और राज्य स्तर की विभिन्न जांच एवं सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी शामिल हुए।

शाह ने कहा कि भारत में अब एक संस्थागत और संगठित तंत्र की आवश्यकता है, जो भगोड़े अपराधियों की खोज, गिरफ्तारी और प्रत्यर्पण की दिशा में ठोस कार्य करे। उन्होंने कहा कि हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार, अपराध और आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ मजबूती से आगे बढ़ रहा है, लेकिन हमें उन अपराधियों के खिलाफ भी उतनी ही सख्ती दिखानी होगी जो विदेशों में बैठकर भारत विरोधी गतिविधियां चला रहे हैं। भारत में लंबे समय से भगोड़े अपराधियों के प्रत्यर्पण के मामले में संगठित प्रयास और स्पष्ट रोडमैप का अभाव रहा है। उन्होंने कहा कि प्रक्रियाएं तो थीं लेकिन उनमें समन्वय और साझा दृष्टिकोण की कमी थी। अब यह सम्मेलन उस दिशा में नई शुरुआत है। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा नेता पीतवास पंडा हत्याकांड : बिहार से शार्पशूटर और सहयोगी गिरफ्तार

**एजेंसी, भुवनेश्वर।** वरिष्ठ अधिवक्ता और भाजपा नेता पीतवास पंडा की हत्या मामले में ब्रह्मपुर पुलिस ने बिहार से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक शार्पशूटर शामिल है, जिस पर हत्या को अंजाम देने का आरोप है। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। दोनों को पूछताछ के लिए ब्रह्मपुर लाया गया। यह गिरफ्तारी उस हाई-प्रोफाइल हत्याकांड के करीब दस दिन बाद हुई है, जिसने दक्षिण ओडिशा के शहर ब्रह्मपुर को झकझोर कर रख दिया था। गिरफ्तार किए गए एक आरोपित पर पाडा को गोली मारने का संदेह है, जबकि दूसरा आरोपित वारदात से पहले इलाके की टोह लेने में शामिल था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई एक बहुराज्यीय जांच का हिस्सा है, जो बिहार, दिल्ली और कोलकाता तक फैली हुई है। (अनंत ज्ञान)

# जेडीयू ने जारी की दूसरी लिस्ट, 101 कैंडिडेट्स में 4 मुस्लिम

## 13 महिलाएं, अनंत सिंह समेत 3 बाहुबलियों को उतारा, 37 विधायक रिपीट, सबसे ज्यादा 37 पिछड़ों को मौका

**एजेंसी, पटना**

**बिहार** विधानसभा चुनाव के लिए जेडीयू ने वीरवार को अपनी दूसरी लिस्ट जारी कर दी। लिस्ट में 44 लोगों के नाम हैं। इससे पहले बुधवार को 57 कैंडिडेट्स का ऐलान किया गया था। पार्टी इस बार 101 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। सभी सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान हो गया है। जेडीयू की 101 लिस्ट में कुल 13 महिलाओं को शामिल किया गया है। 4 मुस्लिम चेहरों को भी टिकट दिया गया है। 37 से ज्यादा सिटिंग विधायक हैं। 12 मंत्री हैं। जेडीयू ने कुल सीट बंटवारे में जातीय समीकरण का पूरा ख्याल रखा है। 37 पिछड़ा, 22 अति पिछड़ा, 22 सामान्य,04 अल्पसंख्यक और एक अनुसूचित जनजाति को टिकट दिया गया है। दूसरी लिस्ट में तेजस्वी की पत्नी राजश्री की तुलना जर्सी गाय से करने वाले राजबल्लभ की पत्नी विभा देवी को टिकट दिया गया है। बाहुबली आनंद मोहन के बेटे चेतन आनंद को औरंगाबाद के नवीनगर से टिकट दिया गया है। चेतन आनंद 2020 में शिवहर से विधायक बने थे। इस लिस्ट में 9 महिलाओं को शामिल किया गया है। 4 मुस्लिम चेहरों को भी टिकट दिया गया है।

**मनोरमा देवी को फिर मिला मौका** जेडीयू ने दूसरी लिस्ट में 9 महिलाओं को टिकट दिया था। बेलागंज से मनोरमा देवी को एक बार फिर से मौका दिया है। मनोरमा देवी पिछले उपचुनाव में बेलागंज से जीत कर आईं थी।

**सिटिंग विधायकों पर ज्यादा भरोसा :** जदयू ने अपने सिटिंग विधायकों पर फिर से भरोसा किया है। दूसरी लिस्ट में भी 19 विधायकों को फिर से चुनावी मैदान में उतारा गया है। बुधवार को पहली लिस्ट में 57 कैंडिडेट के नाम थे। जिसमें 3 बाहुबलियों को टिकट मिला है। मोकामा से अनंत सिंह, एकमा से धूमल सिंह, कुचायकोट से अमरेंद्र पांडेय को उतरा है। वहीं जदयू की पहली लिस्ट में 18 विधायकों को रिपीट किया गया है। 4 विधायकों का टिकट कटा है। 2020 में सबसे कम 12 वोटों से चुनाव जीते कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया को जदयू ने फिर से हिलसा से कैंडिडेट बनाया है। 2025 के विधानसभा चुनाव में जेडीयू 101 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। चुनाव के पहले फेज के लिए 6 नवंबर को 121 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। वहीं दूसरे फेज के लिए 122 सीटों पर 11 नवंबर को वोटिंग होगी। 14 नवंबर को नतीजे आएंगे। (अनंत ज्ञान)

# एल्विश व सिंगर फाजिलपुरिया के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**एजेंसी, गुरुग्राम।** अपने गानों में सांपों का इस्तेमाल कर वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट का उल्लंघन करने के आरोपों में फंसे यूट्यूबर एल्विश यादव और सिंगर राहुल फाजिलपुरिया की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वीरवार को विशेष पीएमएलए अदालत गुरुग्राम में चार्जशीट दाखिल कर दी। चंडीगढ़ की म्यूजिक कंपनी स्काई डिजिटल को सह-आरोपी बनाया गया। अब ईडी ने पीएमएलए अदालत में दाखिल किए गए आरोप पत्र में कहा कि स्काई डिजिटल कंपनी इस गैरकानूनी गतिविधि में संलिप्त थी। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि इस गतिविधि से की गई कमाई को प्रॉपर्टी में निवेश किया गया था। इसे देखते हुए ईडी ने उनकी 55 लाख रुपए की संपत्ति अटैच की है। पीपुल्स फॉर एनिमल्स के सदस्य सौरभ गुप्ता ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है। (अनंत ज्ञान)

# पाक रक्षामंत्री बोले- तालिबान के फैसले दिल्ली से हो रहे

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने तालिबान के फैसले दिल्ली में लिए जा रहे हैं। उन्होंने अफगानिस्तान पर भारत के लिए प्रॉक्सी वॉर लड़ने का आरोप लगाया। जियो न्यूज से बातचीत में आसिफ ने तालिबान से हुए सीजफायर पर कहा कि मुझे शक है कि यह सीजफायर टिक पाएगा, क्योंकि अफगान तालिबान को दिल्ली से सहयोग मिल रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान को उकसाया तो सैन्य कार्रवाई की जाएगी। आसिफ ने कहा कि हमारे पास जवाब देने की पूरी क्षमता है। अगर उन्होंने युद्ध का दायरा बढ़ाया, तो हम हमला करेंगे। लेकिन हम बातचीत के लिए भी तैयार हैं। पाकिस्तानी मंत्री ने तालिबानी लड़ाकों के टैंक लूटे जाने को भी अफवाह बताया। उन्होंने कहा कि तालिबानी लड़ाके जिस मॉडल की टैंक पर दिखाई दे रहे हैं, वह पाकिस्तान का नहीं है। मुझे पता नहीं उन्होंने यह टैंक कहां से लिया है। किसी कबाड़ी से लिया है या पुराने जमाने का टैंक चला रहे हैं। वे फेक तस्वीरें बना कर या वीडियो बना कर दिखा रहे हैं। आसिफ ने कहा कि काबुल की तरफ से लगातार झूठ बोला जा रहा है, वे प्रॉक्सी वॉर लड़ रहे हैं। तालिबान से विवाद के बीच पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के लिए ट्रांजिट ट्रेड सुविधा रोक दी है। इसके चलते अफगानिस्तान व्यापार के लिए पाकिस्तानी जमीन का इस्तेमाल नहीं कर पाएगा। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### अंडर-20 विश्व कपः अर्जेंटीना और मोरक्को में होगा खिताबी मुकाबला

**एजेंसी, सैंटियागो (चिली)।** अर्जेंटीना ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद आठवीं बार अंडर-20 विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना मोरक्को से होगा। अर्जेंटीना को सेमीफाइनल में कोलंबिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, लेकिन आखिर में वह 1-0 से जीत हासिल करने में सफल रहा। माटेओ सिल्वेट्टी ने 72वें मिनट में अर्जेंटीना के लिए गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। मोरक्को ने एक अन्य सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में फ्रांस को 5-4 से हराकर पहली बार अंडर-20 विश्व कप फाइनल में प्रवेश किया। निर्धारित समय में स्कोर 1-1 से बराबर था। (अनंत ज्ञान)

### इंग्लैंड ने किया पहले टी20 के लिए प्लेइंग 11 का ऐलान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज के पहले मैच के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। पहला टी20 शनिवार को खेला जाएगा। हैरी ब्रूक की कप्तानी में फिल साल्ट के साथ जोस बटलर पारी की शुरुआत कर सकते हैं। दोनों ही विकेटकीपर हैं और अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। इंग्लैंड दोनों से तेज और मजबूत शुरुआत की उम्मीद करेगी। जैकब बेथेल को भी टीम में जगह दी गई है। वह मीडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करेंगे। बेथल स्पिन गेंदबाजी का भी विकल्प हैं। टॉम बैंटन भी टी20 टीम में वापसी कर रहे हैं और सैम करन और जॉर्डन कॉक्स के साथ मिलकर मध्यक्रम को मजबूत करेंगे। ब्रायडन कार्स और ल्यूक वुड तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जबकि लियाम डॉसन और आदिल राशिद स्पिन की जिम्मेदारी संभालेंगे। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीमों के बीच होने वाले सभी प्रारूपों के मैच बेहद रोमांचक होते हैं। बात अगर टी20 फॉर्मेट की करें, तो दोनों टीमों के बीच अब तक 27 टी20 मैच खेले गए हैं। 16 जीत के साथ इंग्लैंड का पलड़ा भारी है। न्यूजीलैंड को 10 मैचों में जीत मिली है। एक मैच का परिणाम नहीं निकला है। मौजूदा टी20 सीरीज के तीन मैच 18, 20 और 23 अक्तूबर को खेले जाएंगे। शुरुआती दो मैच क्राइस्टचर्च में और आखिरी मैच ऑकलैंड में खेला जाएगा। यह सीरीज बतौर टी20 कप्तान हैरी ब्रूक का भी टेस्ट है। यह सीरीज ब्रूक की नेतृत्व क्षमता को प्रदर्शित करेगी। (अनंत ज्ञान)

### शादाब खान को मिल सकती है पाकिस्तान टी20 टीम की कमान

**एजेंसी, कराची।** अनुभवी ऑलराउंडर शादाब खान को सलमान अली आगा की जगह पाकिस्तान की टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया जा सकता है। पाकिस्तान की तरफ से अब तक 70 एकदिवसीय और 112 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हिस्सा ले चुके शादाब ने इस साल के शुरू में लंदन में अपने कंधे की सर्जरी कराई थी इसके बाद वह खेल से बाहर हैं। शादाब हालांकि, अब फिट हैं और वह अगले महीने वापसी कर सकते हैं। उनकी वापसी महत्त्वपूर्ण होगी, क्योंकि वह सलमान की जगह राष्ट्रीय टी20 कप्तान बन सकते हैं। सर्जरी से पहले वह इस प्रारूप में उप-कप्तान थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि शादाब 11 से 15 नवंबर के बीच श्रीलंका के खिलाफ द्विपक्षीय घरेलू श्रृंखला में वापसी करेंगे, क्योंकि उनका रिहैब अच्छा चल रहा है। अगले साल होने वाले विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें खेल के सबसे छोटे प्रारूप का कप्तान नियुक्त किया जा सकता है। पाकिस्तान सलमान की अगुवाई में एशिया कप में खेला था जहां उसे फाइनल में भारत से हार का सामना करना पड़ा था। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज में पाउला क्रीमर

**अमेरिका।** पाउला क्रीमर एक अमेरिकी पेशेवर गोल्फर हैं। एक पेशेवर के रूप में, उन्होंने 12 टूर्नामेंट जीते हैं, जिनमें 10 एलपीजी टूर इवेंट शामिल हैं। क्रीमर महिला विश्व गोल्फ रैंकिंग में दूसरे स्थान पर रही हैं। वह 2010 की यूएस महिला ओपन चैंपियन थीं।



**महिला विश्व कप** मौसम मेहरबान रहा तो एक-दूसरे के सामने पेश करेंगे कड़ी चुनौती

# श्रीलंका और द. अफ्रीका आज होंगे आमने-सामने

**एजेंसी, कोलंबो**



अगर मौसम मेहरबान रहा तो श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका की टीमें शुक्रवार को यहां महिला एकदिवसीय विश्व कप के महत्वपूर्ण मुकाबले में एक-दूसरे के सामने कड़ी चुनौती पेश करने की कोशिश करेंगी।

आर प्रेमदासा स्टेडियम में पिछले दो मैच बारिश के कारण रद्द करने पड़े और शुक्रवार को भी बारिश और आंधी आने का अनुमान है। अगर बारिश नहीं आती है और यह मैच खेला जाता है तो श्रीलंका टूर्नामेंट की अपनी पहली जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना चाहेगा। श्रीलंका ने दो मैच रद्द होने के कारण अभी तक दो अंक हासिल किए हैं और वह चार मैचों के बाद अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर हैं।

श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले मैच में बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन बारिश ने जीत हासिल करने की उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया था। उस मैच में श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू और नीलक्षिका सिल्वा ने अर्धशतक जमाए थे।

श्रीलंका को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखना होगा। दक्षिण अफ्रीका ने भारत और बांग्लादेश को करीबी मैचों में हराया था और उसकी टीम आत्मविश्वास से भरी होगी। टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में इंग्लैंड से 10 विकेट से मिली करारी हार के बाद दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड, मेजबान भारत और बांग्लादेश के खिलाफ जीत हासिल करके नाटकीय अंदाज में स्थिति को बदल दिया है।

भारत और बांग्लादेश के खिलाफ मुश्किल हालात में दक्षिण अफ्रीका ने जीत हासिल करने के लिए सराहनीय संघर्ष और साहस दिखाया। इन दोनों ही मौकों पर नादिन डी क्लार्क सबसे ज़्यादा प्रभावशाली रहीं, जिन्होंने भारी दबाव में भी अद्भुत धैर्य का परिचय देते हुए टीम को जीत दिलाई। दक्षिण अफ्रीका के लिए शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाना चिंता का विषय है। अगर उसे अपना विजय अभियान जारी रखना है तो उसके प्रमुख बल्लेबाजों को भी उपयोगी योगदान देना होगा। (अनंत ज्ञान)

**मैच : दोपहर 3 : 00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**श्रीलंका:** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी, इमेशा दुलानी, देवमी विहंगा, पिउमी वाथसाला, इनोका राणावीरा, सुगंधिका कुमारी, उदेशिका प्रबोदानी, मल्की मदारा, अचिनी कुलसुरिया।

**दक्षिण अफ्रीका:** लौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), ताज़मिन ब्रिट्स, एनेरी डर्कसन, मारिज़ैन कप्प, एनेके बॉश, सिनालो जाफ़्टा (विकेटकीपर), क्लो ट्रायॉन, नादिन डी क्लार्क, अयाबोंगा खाका, मसाबाता क्लास, नॉनकुलुलेको म्लाबा, सुने लुस, तुमी सेखुसोनगेस, नोंदुआबोमिसो म्लाबा।

## महिला विश्व कपः ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 10 विकेट से रौंदा



शॉट खेलती ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली।

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आईसीसी महिला वनडे वर्ल्ड कप का 17वां मुकाबला विशाखापट्टनम के डॉ. वायएस राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीत दर्ज की। इसमें कप्तान एलिसा हीली ने शानदार शतक जड़ा। वहीं, उनकी साथी सलामी बल्लेबाजी फीबी लिचफील्ड ने भी नाबाद अर्द्धशतक लगाया। टॉस जीतकर बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 198 रन बनाए थे। पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। टीम को 32 के स्कोर पर पहला झटका फरगाना हक के रूप में लगा, जो 8 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं।

इसके बाद रुबिया हैदर ने 44, जबकि शर्मिन अख्तर ने 19 रन का योगदान दिया। कप्तान निगर सुल्ताना (12), शोर्ना अख्तर (7), रितु मोनी (2) और फहीमा खातून (4) रन ही बना पाई। सोभना मोस्तरी ने नाबाद 66 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से गेंदबाजों ने संतुलित प्रदर्शन किया। एशले गार्डनर, एनाबेल सदरलैंड, अलाना किंग और जॉर्जिया वेयरहम ने 2-2 विकेट झटके, जबकि मेगन शट को एक सफलता मिली। (अनंत ज्ञान)

## रोहित-कोहली के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का केवल एक प्रारूप में खेलना चुनौतीपूर्ण होगा : वॉटसन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के लिए एकदिवसीय क्रिकेट में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखना चुनौतीपूर्ण होगा, क्योंकि अब वे केवल एक ही प्रारूप में खेलते हैं।



आधुनिक क्रिकेट में टी20 का बोलबाला है जबकि भारत टेस्ट क्रिकेट भी खूब खेलता है, जिससे वनडे प्रारूप के लिए बहुत कम जगह बचती है। टी20 और टेस्ट से संन्यास लेने वाले रोहित और कोहली फरवरी-मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अपना पहला मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 अक्तूबर से शुरू होने वाली एकदिवसीय सीरीज में खेलेंगे। किसी खिलाड़ी के लिए एक प्रारूप के क्रिकेटर के रूप में अपनी लय को बरकरार रखना मुश्किल होता है। इसका एक उदाहरण भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन हैं, जो एकदिवसीय टीम में अपनी जगह बरकरार नहीं रख सके। वॉटसन ने कहा, ''विराट और रोहित के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का सिर्फ एक प्रारूप में खेलना एक चुनौती होगी। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों का सामना करने के लिए उन्हें कुछ समायोजन करने होंगे।''

उन्होंने कहा, ''लेकिन विराट और रोहित चैंपियन खिलाड़ी हैं और उनकी संभावना को कभी खारिज नहीं किया जा सकता है। उन्हें लय हासिल करने में थोड़ा समय लग सकता है, लेकिन एक बार इसे हासिल करने के बाद वे ऑस्ट्रेलिया के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं।'' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला में सभी की निगाहें रोहित और कोहली के प्रदर्शन पर टिकी रहेंगी। (अनंत ज्ञान)


## ओरो, जोस और नारवा बने जीसीएल कंटेंडर्स चैंपियन

**एजेंसी, मुंबई।** अर्जेंटीना के 12 वर्षीय खिलाड़ी फॉस्टिनो ओरो ने यहां जीसीएल कंटेंडर्स नॉकआउट चैलेंजर्स राउंड में प्रोडिजी अंडर 21 श्रेणी का खिताब जीता जबकि ग्रैंडमास्टर जोस मार्टिनेज और महिला ग्रैंडमास्टर माई नारवा क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के चैंपियन बने। यह तीनों खिलाड़ी अब ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) के तीसरे सत्र के दौरान आधिकारिक दूत के रूप में काम करेंगे जिसे टेक महिंद्रा और विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे के संयुक्त प्रयास से 13 से 24 दिसंबर, 2025 तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा। शतरंज के मेसी के नाम से मशहूर ओरो ने एक रोमांचक फाइनल में भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रणव आनंद को हराया, जबकि ग्रैंडमास्टर जोस मार्टिनेज ने अमेरिका के ब्लिट्ज़ विशेषज्ञ एंड्रयू टैंग को पराजित किया। एस्टोनिया की नारवा ने यूक्रेन की महिला ग्रैंडमास्टर यूलिया ओसमक को हराकर महिला वर्ग का खिताब जीता।

## विदेशी लीग में खेलने से भारतीय खिलाड़ियों को मिलेगा अच्छा अनुभव : रवि शास्त्री

**एजेंसी, सिडनी**

भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने अधिक से अधिक भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी लीग में खेलने की अनुमति देने की वकालत करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलने से उन्हें अच्छा अनुभव मिलेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अभी अपनी सक्रिय खिलाड़ियों को विदेशी टी20 लीग में खेलने की अनुमति नहीं देता। भारतीय क्रिकेटर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सहित घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने और बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद ही विदेश में खेल सकते हैं। अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन हाल ही में बिग बैश लीग में शामिल होने वाले पहले शीर्ष भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने आगामी सत्र के लिए



सिडनी थंडर के साथ अनुबंध किया है। शास्त्री ने विलो टॉक पॉडकास्ट पर कहा, ''भारत एक विशाल देश है। वहां हर किसी को खेलने का मौका नहीं मिलता, हर कोई सफल नहीं हो पाता। अगर कोई खिलाड़ी टेस्ट टीम में जगह नहीं बना सकता, लेवल सी या लेवल डी का अनुबंध नहीं पा सकता, तो उसे बिग बैश लीग में खेलने से क्यों रोका जाए।''

उन्होंने कहा, ''इन लीग में खेलने का अनुभव उनके लिए मददगार साबित होगा, जैसे आईपीएल ने कई युवा खिलाड़ियों की मदद की है, क्योंकि वे शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों के साथ खेलते हैं।'' शास्त्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के चोटी के खिलाड़ियों के साथ खेलने और कोचिंग स्टाफ में शामिल पूर्व क्रिकेटरों से भारत के युवा खिलाड़ियों को काफी कुछ सीखने को मिलेगा। उन्होंने कहा, ''वे दबाव को झेलना सीखते हैं। इसके अलावा, उन्हें (रिकी) पोंटिंग और (स्टीफन) फ्लेमिंग जैसे कोच की देखरेख में खेलने का मौका मिलता है। मेरे लिए विदेश में खेलने से मिलने वाली सीख से बेहतर कुछ नहीं है। यहां आपको काफी कुछ सीखने को मिलता है।'' (अनंत ज्ञान)

## ओलंपिक चैंपियन तैराक एरियन एरियार्न टिटमस ने लिया संन्यास

**एजेंसी, ब्रिस्बेन।** ओलंपिक चैंपियन एरियार्न टिटमस ने तैराकी से संन्यास लेने की घोषणा की है, जिससे ऑस्ट्रेलियाई खेल प्रशंसक हैरान हैं। ऑस्ट्रेलिया की चार बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता 25 वर्षीय टिटमस ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद ब्रेक ले लिया था, लेकिन उम्मीद की जा रही थी 2028 में लॉस एंजेलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों की तैयारी के लिए वह जल्दी ही प्रतिस्पर्धी तैराकी में वापसी करेंगी।



टिटमस ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, ''मुझे तैराकी शुरू से पसंद रही है। जब मैं छोटी थी तब से यह मेरा जुनून रहा है, लेकिन मुझे लगता है कि मैंने इस खेल से कुछ समय दूर रहकर यह महसूस किया है कि मेरे जीवन में कुछ चीजें अब मेरे लिए तैराकी से थोड़ी अधिक महत्वपूर्ण हैं और मुझे यह मंजूर है।'' टिटमस के नाम पर 200 मीटर फ्रीस्टाइल का विश्व रिकॉर्ड भी दर्ज है। उनके नाम पर 33 अंतरराष्ट्रीय पदक दर्ज हैं, जिनमें ओलंपिक में चार स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य तथा चार विश्व खिताब भी शामिल हैं।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए पर्थ पहुंची टीम इंडिया

**एजेंसी, पर्थ**

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा तथा नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल सहित भारतीय एकदिवसीय टीम के प्रमुख सदस्य 19 अक्तूबर से आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की सीरीज के लिए गुरुवार को यहां पहुंच गए। कोहली, रोहित और गिल के अलावा पहले बैच के साथ यहां पहुंचने वाले अन्य खिलाड़ियों में केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और नीतीश कुमार रेड्डी तथा सहयोगी स्टाफ के कुछ सदस्य शामिल थे। मुख्य कोच गौतम गंभीर तथा टीम और कोचिंग स्टाफ के अन्य सदस्य आज दिन में टीम से जुड़ेंगे क्योंकि वे बुधवार को दिल्ली से शाम की उड़ान से ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुए थे।



वनडे श्रृंखला का पहला मैच यहां रविवार को खेला जाएगा। उसके बाद अगले दो मैच एडिलेड (23 अक्तूबर) और सिडनी (25 अक्तूबर) में खेले जाएंगे। इसके बाद 29 अक्तूबर से पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज शुरू होगी। इस साल मार्च में भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीत के बाद रोहित और कोहली का यह पहला अंतरराष्ट्रीय मैच होने के कारण इस सीरीज को लेकर काफी चर्चा हो रही है। माना जा रहा है कि यह सीरीज इन दोनों खिलाड़ियों के भविष्य को लेकर काफी महत्वपूर्ण है। यह दोनों पहले ही टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन माना जा रहा है कि वे कम से कम 2027 वनडे विश्व कप तक खेलना जारी रखना चाहते हैं। इन दोनों खिलाड़ियों को नए कप्तान गिल का समर्थन हासिल है जिनका मानना है कि उनका अनुभव वनडे टीम के लिए काफी मायने रखता है। (अनंत ज्ञान)

## बॉक्सिंगबे-एपीएफसी इंडिया यूएफसी ऐप पर करेंगे लाइव स्ट्रीम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बॉक्सिंगबे मुक्केबाजी प्रतियोगिता का दिसंबर में अल्टीमेट फाइटिंग चैम्पियनशिप (यूएफसी) ऐप पर वैश्विक स्तर पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। यह भारत में होने वाली पहली मुक्केबाजी प्रतियोगिता होगी, जिसकी लाइव स्ट्रीम की जाएगी। भारतीय मुक्केबाजी परिषद (आईबीसी) ने गुरुवार को यह घोषणा की। मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार यूएफसी ऐप पर लाइव स्ट्रीम होने वाली पहली सीरीज की प्रतियोगिताओं में पांच दिसंबर को एंथनी पेटिस फाइटिंग चैम्पियनशिप (एपीएफसी) इंडिया वन और 21 दिसंबर को होने वाली बॉक्सिंगबे 4 शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन हैदराबाद, बेंगलुरु और विशाखापत्तनम में किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**सफलता** दोनों टीमें तीसरी बार लेंगी हिस्सा, अब सिर्फ एक टीम की जगह बाकी

# नेपाल-ओमान ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए किया क्वालिफाई



**एजेंसी, नई दिल्ली**

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए नेपाल क्रिकेट टीम और ओमान क्रिकेट टीम ने क्वालिफाई किया है। मस्कट में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप ईस्ट एशिया पेसिफिक क्वालिफायर के सुपर-6 स्टेज में बेहतर प्रदर्शन के बाद इन दोनों टीमों ने क्वालिफाई किया। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अब तक 19 टीमों ने क्वालिफाई किया है और अब सिर्फ एक टीम की जगह बाकी है। इससे पहले 2024 में हुए वर्ल्ड कप में नेपाल और ओमान दोनों ने पहले दौर में जगह बनाई थी। 2016 और 2024 के बाद ओमान तीसरी बार इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए तैयार है। दूसरी तरफ नेपाल की टीम ने भी 2014 और 2024 के बाद तीसरी बार टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया है।

### 20 टीमों के बीच होगा टी-20 वर्ल्ड कप

**टी-20** वर्ल्ड कप 20 टीमों के बीच खेला जाएगा। मेजबानी के कारण भारत और श्रीलंका को डायरेक्ट एंट्री मिली। अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, अमेरिका और वेस्टइंडीज ने पिछले वर्ल्ड कप में सुपर-8 तक का सफर तय करने के कारण क्वालिफाई कर लिया। वहीं आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान की टीमों ने रैंकिंग के आधार पर टूर्नामेंट में जगह बनाई। अमेरिका क्वालिफायर से कनाडा ने जगह बना ली। वहीं, यूरोप क्वालिफायर से इटली और नीदरलैंड को एंट्री मिल गई। पिछली बार हिस्सा रही स्कॉटलैंड की टीम क्वालिफाई नहीं कर सकी। अब अफ्रीका क्वालिफायर से नामीबिया और जिम्बाब्वे ने क्वालिफाई कर लिया। नेपाल और ओमान को एशिया और ईस्ट एशिया पेसिफिक क्वालिफायर से एंट्री मिली। अब सिर्फ एक टीम की जगह बाकी है।

### भारत डिफेंडिंग चैंपियन

**आईसीसी** का टी-20 वर्ल्ड कप 2007 से खेला जा रहा है। टीम इंडिया ने तब पाकिस्तान को फाइनल हराकर पहला खिताब जीता था। 2010 से टूर्नामेंट हर 2 साल में आयोजित किया जा रहा है। 2024 में भारत ने साउथ अफ्रीका को फाइनल हराकर टाइटल अपने नाम किया था। टीम इंडिया के अलावा वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने भी 2-2 खिताब जीते हैं। पाकिस्तान, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया ने 1-1 बार टूर्नामेंट जीता है। टॉप टीमों में न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका अब तक टाइटल नहीं जीत सकीं।

## कोहली-रोहित वनडे क्रिकेट से कब लेंगे संन्यास?

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने विराट कोहली और रोहित शर्मा के वनडे क्रिकेट में भविष्य पर अपने विचार साझा किए है। उन्होंने यह भी बताया कि दोनों 2027 वर्ल्ड कप में खेल पाएंगे या नहीं। टी20 और टेस्ट से संन्यास के बाद दोनों खिलाड़ी 19 अक्तूबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज में खेलते दिखेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने के बाद से दोनों पहली बार भारत के खेलते दिखेंगे।

शास्त्री ने कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा को लगता है कि वह अभी काफी क्रिकेट खेल सकते है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खिलाड़ियों का लंबे तक बने रहना कई फैक्टर्स पर निर्भर करता है। शास्त्री ने यह भी बताया कि रोहित और विराट कब संन्यास लेंगे और क्यों लेगे? उन्होंने कहा, कोहली लक्ष्य का पीछा करने में माहिर हैं और रोहित शीर्ष क्रम के विस्फोटक बल्लेबाज हैं। उन्हें लगता है कि उनमें काफी क्रिकेट है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपमें कितनी भूख है, आप कितने फिट हैं, और खेल के प्रति आपका जुनून अभी भी बरकरार है या नहीं। उनके अनुभव के साथ यह बहुत काम आएगा।

रोहित और कोहली 2027 में साउथ अफ्रीका में वर्ल्ड कप खेल पाएंगे या नहीं इस पर रवि शास्त्री ने कहा, मैं तो यही कहूंगा कि एक बार में एक सीरीज पर ध्यान दे। अभी तो बहुत लंबा सफर तय करना है। कुछ ऐसी ही बात भारतीय टीम के कोच गौतम गंभीर ने भी कही थी। उनसे यह सवाल भारत-वेस्टइंडीज के बीच दिल्ली टेस्ट के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूछा गया। उन्होंने कहा कि ये दोनों खुद तय करेंगे कि कब संन्यास लेना है। ऐसा तब होगा जब उन्हें लगेगा कि वे खेल का आनंद नहीं ले पा रहे हैं और फॉर्म खराब है। उन्होंने कहा, विराट ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया, रोहित ने भी। उनसे संन्यास लेने के लिए नहीं कहा गया था। वे अपनी मर्जी से गए। मुझे लगता है कि ऐसा ही होगा। अगर वे इसका आनंद नहीं ले पा रहे होंगे। अगर उनका फॉर्म अच्छा नहीं है तो कुछ कहा नहीं जा सकता। हो सकता है कि वे खुद ही संन्यास ले लें।